# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 4 अगस्त, 2026 | वर्ष -01 | अंक-168 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# भाजपा अध्यक्ष की सीट पर पीके का कब्जा




## प्रशांत ने नीरज सिन्हा को 19,324 वोटों से हराया, राजद तीसरे नंबर पर

**पटना (एनएसबी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की सीट बांकीपुर पर जनसुराज के संस्थापक व प्रत्याशी प्रशांत किशोर ने भारी मतों से जीत दर्ज कर भाजपा के परंपरागत सीट को ढाह दिया है। पीके ने बीजेपी के नीरज सिन्हा को 19,324 वोटों से हराया। प्रशांत किशोर को 64,151 वोट मिले। वहीं नीरज सिन्हा 44,827 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। राजद की रेखा कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं। उन्हें 14,241 वोट मिले, जो प्रशांत किशोर की जीत के अंतर से भी कम हैं। बांकीपुर में कुल 34.30% मतदान हुआ था, यानी 1,30,208 वोट पड़े। इनमें प्रशांत किशोर को 48.54% वोट मिले। 2025 के विधानसभा चुनाव में नितिन नवीन इसी सीट से 51 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। उन्हें 98,299 वोट मिले थे।

### 1995 से सीट पर था भाजपा का कब्जा

**पटना (एनएसबी)।** बांकीपुर में 30 साल से भाजपा को कोई हरा नहीं पाया। 1995 से लगातार इस सीट पर भाजपा का कब्जा रहा। पहले नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा और उसके बाद उनके बेटे नितिन नवीन लगातार यहां से चुनाव जीतते रहे। 2025 के चुनाव में बांकीपुर से विधायक चुने गए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा चले गए। इसके बाद उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया, जिससे यह सीट खाली हुई और उपचुनाव कराना पड़ा।

### बांकीपुर में 34.30% हुई थी वोटिंग

**पटना।** बांकीपुर उपचुनाव के लिए 30 जुलाई को मतदान हुआ था। इस सीट पर कुल 25 प्रत्याशी मैदान में थे। सिर्फ 34.30% वोटिंग हुई थी। यह 2025 के विधानसभा चुनाव में हुए 41.39 प्रतिशत मतदान से लगभग 7 प्रतिशत कम है। इसी कम वोटिंग ने राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी थी। भाजपा इसे अपने परंपरागत मतदाताओं की कम भागीदारी से जोड़कर देख रही थी, जबकि जनसुराज का दावा था कि कम मतदान बदलाव के पक्ष में शांत वोटिंग का संकेत हो सकता है। दूसरी ओर राजद का मानना था कि उसके समर्थक मतदाता पूरी तरह मतदान में शामिल हुए हैं।

### प्रशात किशोर बोले-अपराधी को मुख्यमंत्री न बनाएं



### जीत को प्रशांत किशोर ने जनता का संदेश बताया

**पटना।** अपनी जीत को प्रशांत किशोर ने जनता का संदेश बताया। प्रशांत किशोर ने कहा कि जीत तो हो चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी नेतृत्व से बिहार में मुख्यमंत्री बदलने की अपील की। उन्होंने कहा, किसी अपराधी को मुख्यमंत्री बनाइएगा तो बिहार की तरक्की नहीं होगी। इससे पहले जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने इसे जनता की जीत और भाजपा के अहंकार की हार बताया। उन्होंने कहा, बिहार में लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए यह एक बड़ी जीत है।

### बांकीपुर में प्रशांत किशोर ने काफी मेहनत की : जाह्नवी



**पटना :** बांकीपुर उपचुनाव में जनसुराज के उम्मीदवार प्रशांत किशोर की जीत पर पीके की पत्नी डॉक्टर जाह्नवी दास की पहली प्रतिक्रिया भी सामने आई है। उन्होंने कहा कि, 'मैं आज बहुत खुश हैं। बांकीपुर में प्रशांत किशोर ने काफी मेहनत की है। इसके लिए बांकीपुर की जनता को बहुत बधाई देता है और बांकीपुर की जनता के प्रति जीवन भर आभारी रहूंगी।

### जनसुराज कार्यालय में महिलाओं ने खेली होली

**पटना (एनएसबी)।** बांकीपुर उपचुनाव में प्रशांत किशोर की जीत हो चुकी है। कुल 32 राउंड में वोटों की गिनती हुई। बीजेपी उम्मीदवार एक भी राउंड में प्रशांत किशोर से आगे नहीं निकल पाए। चुनाव में दूसरे में नंबर पर बीजेपी और तीसरे पर तेजस्वी की पार्टी रही। जीत के बाद पटना में जनसुराज कार्यालय में जश्न मनाया गया। रिजल्ट देखकर पार्टी का एक कार्यकर्ता रो पड़ा। महिलाओं ने होली खेली। कार्यकताओं ने कहा कि नितिन नवीन की सीट झांकी है। पूरा बिहार अभी बाकी है। कार्यकताओं ने पंचायत वेब सीरीज की स्टाइल में डांस किया। उधर, रिजल्ट से पहले भाजपा नेता ने 200 किलो लड्डू बनवाए थे।

### पीके ने नीरज पर आरंभ से ही बढ़त बनाए रखी

इस हाई प्रोफाईल सीट पर जैसे ही वोटों की गिनती शुरू हुई प्रशांत किशोर ने भाजपा के नीरज सिन्हा पर बढ़त बनाए रखी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गए वोटों का मार्जिन भी बढ़ती गई। जबकि राजद प्रत्याशी रेखा कुमारी शुरू से ही तीसरे नंबर पर रही, दोपहर तक रेखा देवी मैदान से साफ हो गई। उसके बाद पीके और नीरज सिन्हा के बीच मुख्य मुकाबला हुआ, इसके साथ समर्थकों की धड़कने भी तेजी से धड़कती रही। 15वें राउंड के मतगणना के बाद जब भाजपा कार्यालय में विरानगी छा गयी तो स्पष्ट हो गई कि भाजपा के नीरज सिन्हा पिछड़ गए हैं।

### सीएम सम्राट ने पीके को दी जीत की बधाई



**पटना।** पीके की जीत के बाद सीएम सम्राट चौधरी ने उन्हें बधाई दी है। सीएम ने एक्स पर लिखा- लोकतंत्र के महापर्व में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जनता ने जनसुराज को चुना है। मैं जनता के इस निर्णय का सम्मान करते हुए उन्हें बधाई देता हूं।

### आज तीन विधानसभा उपचुनावों में आए जनादेश को हम स्वीकार करते हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात की मांजलपुर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी पर अपना विश्वास व्यक्त करने के लिए वहाँ की जनता का हृदय से आभार। इस विजय के लिए भाजपा के सभी समर्पित कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई। बांकीपुर और दतिया में हमें अपेक्षित जनादेश प्राप्त नहीं हुआ। हम इन दोनों क्षेत्रों के चुनाव परिणामों का पूरी गंभीरता से आत्ममंथन करेंगे तथा नई ऊर्जा और संकल्प के साथ जनता के बीच जाकर उनके विश्वास को और अधिक मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।


### भाजपा करेगी हार की समीक्षा, बिहार की राजनीति को दिया बड़ा संदेश



**पटना। (एनएसबी)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बांकीपुर उपचुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनादेश को भाजपा सिर झुकाकर स्वीकार करती है और जनता के निर्णय का सम्मान करती है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनता का फैसला सर्वोपरि होता है। वोट क्यों नहीं मिले इसकी गंभीरता से समीक्षा करेंगे। कमियों को समझकर उन्हें दूर करने के लिए पूरी मुस्तैदी से काम करेंगे। हम विपक्षी दलों की तरह अपनी हार का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं, ईवीएम या चुनाव आयोग पर नहीं फोड़ते। भाजपा लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्थाओं में पूर्ण विश्वास रखती है और आत्ममंथन एवं समीक्षा के माध्यम से अपनी कमियों को सुधारने में विश्वास करती है। संजय सरावगी ने कहा कि बांकीपुर में लगातार हमने विकास किया है। आगे भी बांकीपुर हमारी प्राथमिकता में रहेगा। बांकीपुर के लोग हमारे हैं। किस कारण से हमें कम वोट मिले, इसकी समीक्षा करेंगे। जीतने वाले प्रत्याशी को अग्रिम बधाई।

#### गुजरात उपचुनाव

### मांजलपुर में भाजपा की बंपर जीत



**वडोदरा (एजेंसी)।** गुजरात के मांजलपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार सतीश पटेल ने बड़े अंतर से जीत हासिल की। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार भीखा रबारी के 24,851 वोटों के मुकाबले 55,481 वोट हासिल करके पार्टी के लिए वडोदरा की यह सीट बरकरार रखी। वोटों की गिनती के 20 राउंड के बाद घोषित अंतिम नतीजों में पटेल को 30,630 वोटों से जीत मिली। इस जीत से वडोदरा में भाजपा की पारंपरिक मजबूत पकड़ और मजबूत हो गई।

#### मध्यप्रदेश उपचुनाव


### दतिया में फिर हुई कांग्रेस की जीत



**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने लगातार दूसरी बार भाजपा को शिकस्त दी। कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने भाजपा के आशुतोष तिवारी को 6056 वोटों के अंतर से हराया। चौकाने वाला तथ्य यह रहा कि पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के पोलिंग बूथ नंबर 121 पर भी भाजपा हार गई। यहां कांग्रेस को 291 और भाजपा को 264 वोट मिले। एक बार तो ऐसा लगा कि कांग्रेस बड़ी बढ़त बनाने की ओर बढ़ रही है। मतगणना के नौवें राउंड तक कांग्रेस की बढ़त 9519 वोटों की हो गई थी। हालांकि 14वें राउंड में कांग्रेस को 6614 और भाजपा को 3100 वोट मिले थे।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला पहलवान यौन शोषण केस में बृजभूषण सिंह बरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों से जुड़े यौन शोषण मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने बरी कर दिया। सोमवार को फैसले के वक्त पूर्व सांसद बृजभूषण और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व सचिव विनोद तोमर कोर्ट में मौजूद रहे। फैसले के बाद बृजभूषण ने कहा कि जज ने जब कहा कि बृजभूषण और विनोद तोमर आप लोगों को बाइज्जत बरी किया जाता है।

### गाड़ी की नंबर प्लेट छिपाना धोखाधड़ी नहीं: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नंबर प्लेट छिपाना धोखाधड़ी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यह मान लेना गलत है कि किसी व्यक्ति ने चालान भरने से बचने के लिए नंबर प्लेट छिपाई है। यह केवल पुलिस का अनुमान है।28 जुलाई को एक मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस संजय करोल और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा- मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यह जुर्माना लगाने का आधार हो सकता है, लेकिन इसे आईपीसी की धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का अपराध नहीं माना जा सकता।

## सहरसा में धू-धू कर जलने लगी पैसेंजर ट्रेन, कई बोगियां खाक



**सहरसा (एनएसबी)।** समस्तीपुर से सहरसा आ रही पैसेंजर मेमू ट्रेन के इंजन में देर रात अचानक आग लग गई. घटना सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन की है. जहां रात करीब 3:45 बजे प्लेटफॉर्म पर खड़ी ट्रेन के इंजन से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया. आग की लपटें इंजन से बढ़ते हुए ट्रेन की कई बोगियों तक पहुंच गईं, जिससे स्टेशन परिसर में अफरातफरी मच गई। यह घटना सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन की है. जानकारी के मुताबिक, रात करीब 3:45 बजे प्लेटफॉर्म पर खड़ी ट्रेन के इंजन से अचानक धुआं उठने लगा. कुछ ही देर में इंजन आग की लपटों में घिर गया. आग तेजी से फैलती हुई ट्रेन की कई बोगियों तक पहुंच गई. आग लगते ही यात्रियों में दहशत फैल गई. लोग सामान छोड़कर किसी तरह ट्रेन से बाहर निकले। (पेज-10 भी देखें)

**यात्रियों में मची अफरा-तफरी**

## नीट-पीजी-एक ही शिफ्ट में होगी परीक्षा, घर के पास ही सेंटर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट पीजी 2026 परीक्षा के लिए कई बड़े सुधारों की घोषणा की है। इसमें परीक्षार्थियों की यात्रा और परीक्षा में किसी भी प्रकार की धांधली रोकने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। इस बार परीक्षा 30 अगस्त को होनी है। इसके लिए 2.73 लाख उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जो पिछले साल की तुलना में 12.5 प्रतिशत ज्यादा है। परीक्षा देशभर के 340 शहरों के लगभग 1300 सेंटर्स पर होगी।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट-यूजी 2026 पेपर लीक से सबक लेते हुए परीक्षा के पूरे इकोसिस्टम की सुरक्षा पुख्ता करना शुरू कर दिया है। इसके लिए 7.5 करोड़ का टेंडर जारी किया है। इसमें एनटीए मुख्यालय समेत संवेदनशील जगहों पर 24 घंटे सिक्योरिटी दी जाएगी। यह टेंडर 25 जुलाई को जारी हुआ है। 17 अगस्त को बोलियां खोली जाएंगी। जो भी एजेंसी नियुक्त होगी, उसे दो साल काम मिलेगा।

## बांका में घूसखोर जेई और क्लर्क रंगेहाथ गिरफ्तार



**बांका (एनएसबी)।** बांका जिला परिषद कार्यालय में सोमवार को पटना निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कनीय अभियंता (जेई) ओमप्रकाश मंडल और कार्यालय के क्लर्क जागेश्वर मंडल को 1 लाख 26 हजार रुपये रिश्वते लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

इस कार्रवाई से जिला परिषद कार्यालय सहित अन्य सरकारी दफ्तरों में हड़कंप मच गया है.निगरानी विभाग के डीएसपी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि एक संवेदक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कार्य से संबंधित फाइल आगे बढ़ाने के लिए जेई की ओर से रिश्वत की मांग की जा रही है. शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाए गए. इसके बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया.उस समय जिला परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव सहित कई अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय में मौजूद थे. अचानक हुई कार्रवाई से पूरे कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जबकि बाहर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई.निगरानी अधिकारियों ने दोनों आरोपितों से पूछताछ के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और उन्हें अपने साथ पटना ले गई. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों आरोपितों पर एक कार्य के एवज में 1.26 लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप है।

**निगरानी की कार्रवाई से हड़कंप**

## पहली सोमवारी पर हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय


### मंदिरों में जलाभिषेक को उमड़ी भीड़



**पटना (एनएसबी)।** सावन कृष्ण पंचमी में सोमवार को पहली सोमवार पर राजधानी में भारी बारिश के बीच सभी मंदिरों एवं सनातनियों के घरों में अहले सुबह से ही हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय, बोल बम के जयकारे से गुंजायमान रहा। सुबह से ही मंदिर, शिवालय में जलार्घ्य, दूध, दही, गंगाजल, फूल, बेलपत्र, भांग, धतूरा चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

दिनभर ये सिलसिला चलता रहा। मंदिरों में पुजारी तथा पंडितों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर संध्या काल में भगवान शिव व माता पार्वती की श्रृंगार पूजा किया। घरों में पार्थिव शिवलिंग तथा स्फटिक शिवलिंग पर विधि विधान से रुद्राभिषेक पूजा किया गया। मिथिलावासी ने मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान शंकर, कीर्तिमुख, एकादश रूद्र आदि की पूजा-अर्चना किए। आचार्य राकेश झा ने बताया कि सोमवार को श्रावण मास के प्रथम सोमवारी पर उत्तरभाद्रपद नक्षत्र एवं सुकर्मा योग के सुयोग में भूतभावन भगवान शंकर की पूजा-आराधना हुई। श्रद्धालुओं ने इस योग में शिव-पार्वती को पंचामृत, गन्ना के रस, मधु, गंगाजल आदि से महादेव का रुद्राभिषेक कर अक्षत, चंदन, भस्म, अकवन पुष्प, गुलाब, कमल, गेंदा आदि से पूजा कर मनचाहा वर मांगा। सोमवार से सोलह सोमवारी का व्रत तथा मिथिला का लोकपर्व मधुश्रावणी भी शुरू हो गया। नवविवाहित महिलाओं ने माता गौरी और विषहर की पूजा-अर्चना कर लोग कथाओं का श्रवण किया। इधर, प्रथम सोमवारी पर केसरी नगर स्थित विजय राघव मंदिर परिसर में आचार्य राकेश झा ने केला एवं शमी के पौधों का लगाया। सनातन धर्म में केला समृद्धि, शुभता व भगवान विष्णु का प्रतीक है। वही शमी का पौधा विजय, शनि कृपा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।

## लोकसभा में सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित कर दी गई है। इसके पहले लोकसभा ने सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सहित जजों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने संबंधी बिल बिना चर्चा के पास कर दिया। लोकसभा में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पेश किया। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से वैधानिक प्रस्ताव पर बोलने का आग्रह किया, लेकिन नारेबाजी जारी रहने के कारण बिल को वोटिंग के लिए रखा गया और फिर पास कर दिया गया।विपक्ष के सदस्यों ने अध्यादेश लाने के खिलाफ एक वैधानिक प्रस्ताव पेश किया था, जिसे वॉइस वोट से खारिज कर दिया गया। वहीं राज्यसभा ने एमएसएमई विकास (संशोधन) बिल पास कर दिया गया।

**राज्यसभा में एमएसएमई संशोधन बिल को मंजूरी**

# शिक्षा के सवाल पर देशव्यापी छात्र आंदोलन को दबाने की हर कोशिश नाकाम होगी : दीपंकर भट्टाचार्य

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** शिक्षा में व्याप्त भ्रष्टाचार, पेपर लीक, फीस वृद्धि, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर हमले तथा छात्र आंदोलनों पर दमन के खिलाफ बिहार एवं देशभर में चल रहे आंदोलन तथा कई अन्य सवालों पर पटना के गांधी मैदान के समीप आईएमए हॉल में भाकपा माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

प्रेस वार्ता को भाकपा माले विधायक संदीप सौरभ, आइसा अध्यक्ष धनंजय, उपाध्यक्ष सबा आफरीन, सचिव दीपांकर मिश्रा, आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत कुशवाहा, राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन ने भी संबोधित किया

भाकपा (माले) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के सवाल पर आंदोलन लगातार आगे बढ़ रहा है। यह केवल जेन-जेड का नहीं, बल्कि जेन-अल्फा तक नई पीढ़ी का आंदोलन बन चुका है। जेन अल्फा भी अपने स्कूल के सवालों को लेकर आंदोलन कर रहा है।

**छात्रों पर लाठीचार्ज के जिम्मेदार अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान के बाद उनका ही नंबर'**

**प्रधानमंत्री मोदी अपने विडियो में माफी देने के बहाने, रूढ़िवादी एवं पितृसत्तात्मक ताकतों को देश को बेटियों के खिलाफ उकसा रहे हैं : दीपंकर भट्टाचार्य**

भोजपुर में हमारी पार्टी के सड़क पर स्कूल चलाने जैसे प्रयोग और दिल्ली से लेकर बिहार तक छात्रों की सक्रिय भागीदारी इस संघर्ष की व्यापकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन में केवल छात्र ही नहीं, बल्कि मजदूर और मेहनतकश तबके भी उनके साथ खड़े हैं।



पटना के गांधी मैदान के समीप आईएमए हॉल में भाकपा माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दिनों वीडियो जारी कर के कहा कि छात्रों को हम माफ कर रहे हैं। लेकिन वीडियो से ऐसा लग रहा था कि प्रधानमंत्री मोदी माफ करने के बहाने रूढ़िवादी एवं पितृसत्तात्मक ताकतों को उकसा रहे हैं। एक 15 वर्षीय छात्रा तक को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया गया। नई पीढ़ी के साथ खड़ा होना लोकतंत्र की रक्षा का प्रश्न है और शिक्षा व्यवस्था में कारगर सुधार के लिए भाकपा (माले) छात्र आंदोलन के साथ मजबूती से खड़ी है।

दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री के बाद अब जवाबदेही गृह मंत्री की भी तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मुकदमे वापस लेने की घोषणा के बावजूद आंदोलन से जुड़े सभी मामलों को वापस नहीं लिया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक अधिकारों और मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

भाकपा (माले) विधायक संदीप सौरभ ने कहा कि देशभर के छात्र-युवाओं में मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ गहरा आक्रोश है और नौजवान अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि छात्र आंदोलन, विशेषकर छात्राओं को निशाना बनाकर उसे कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। दूसरी ओर बिहार के विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता समाप्त की जा रही है और लगातार फीस वृद्धि के माध्यम से गरीब एवं वंचित तबकों के छात्रों को उच्च शिक्षा से बाहर धकेला जा रहा है।

आइसा बिहार राज्य अध्यक्ष धनंजय एवं सचिव दीपांकर मिश्रा ने कहा कि बिहार के सवालों को लेकर आइसा आगे बढ़ेगा। यह आंदोलन बिहार के शिक्षा एवं परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार के दिशा में आगे बढ़ेगा। बिहार में स्नातक को पढ़ाई में 7.5 सीजीपीए की बैरियर, पीएचडी में फीस वृद्धि को वापस लेने, नन नेट फेलोशिप को लागू करने की मांग को लेकर आंदोलन बिहार में आगे बढ़ेगा।

आइसा बिहार राज्य उपाध्यक्ष सबा आफरीन ने कहा कि जंतर-मंतर से पटना तक छात्रों का अभूतपूर्व उभार देखने को मिला है और दिल्ली से बिहार तक समाज के विभिन्न तबकों का व्यापक समर्थन आंदोलन को प्राप्त हुआ।

## खबरें : एक नजर में

### समस्तीपुर के वैनी कांड के मामले की जांच के लिए राजद की सात सदस्यीय जांच समिति का गठन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उमेश ठाकुर, उम्र-42 वर्ष, पिता-स्व0 रामदयाल ठाकुर, ग्राम-केंजिया विष्णुपुर, वार्ड नं0-14, थाना-वैनी, जिला-समस्तीपुर की अविवाहित पुत्री सुश्री सुमन कुमारी, उम्र करीब 17-18 वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष श् मंगनी लाल मंडल ने पूर्व मंत्री मो इसराईल मंसूरी की अध्यक्षता में सात सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। जिसमें मुकेश रौशन, पूर्व विधायक , सदस्य, राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव, पूर्व विधायक ,सदस्य , लालबाबू राम, पूर्व विधायक, सदस्य, संजय ठाकुर, राष्ट्रीय सचिव, राजद, सदस्य, अरविन्द कुमार सहनी, प्रदेश अध्यक्ष, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ, सदस्य, रोमा भारती, जिलाध्यक्ष, समस्तीपुर जिला इकाई, राजद सदस्य बनाए गए हैं।


एजाज अहमद।

### उपचुनाव में किसी के जीत से ज्यादा महत्व भाजपा की हार है : चित्तरंजन गगन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि जीत किसकी हुई है वह उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना महत्वपूर्ण इस सीट पर भाजपा की करारी हार है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आम चुनाव या अन्य उपचुनावों से इतर बांकीपुर विधानसभा का उपचुनाव काफी अलग है। यह विधानसभा क्षेत्र भाजपा के लिए बिहार के 243 विधानसभा क्षेत्रों में सबसे सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है। साथ हीं यहां से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन लगातार भारी मतों के अंतर से जीतते रहे हैं। इस उपचुनाव में भाजपा ने अपनी सारी ताकत लगा रखी थी। उसके द्वारा अपने 40 स्टार प्रचारकों ,केन्द्रीय मंत्रियों, बिहार सरकार के सभी मंत्रियों, एनडीए के लगभग 100 सांसदों, बिहार विधानसभा और विधान परिषद के सभी सदस्यों के अलावा बिहार एवं अन्य राज्यों से बुलाए गए हजारों कार्यकर्ताओं को इस क्षेत्र में उतार दिया गया था। इसके बावजूद उसे मिली करारी हार ने यह साबित कर दिया है कि केंद्र और बिहार की एनडीए सरकार के खिलाफ जनता में जबरदस्त आक्रोश है। दिल्ली, पटना सहित देश के अन्य हिस्सों में पिछले दिनों छात्र-नौजवानों का जो आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया था उसी का प्रतिबिम्ब बांकीपुर और दतिया ( मध्य प्रदेश) के इस उपचुनाव में दिखाई दिया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि इस चुनाव में राजद को अपेक्षित वोट भले हीं नहीं मिली हो पर राजद एवं इसके राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव द्वारा जो मुद्दे उठाए जाते रहे हैं, मतदाताओं ने उसका समर्थन करते हुए भाजपा को उसका हैसियत बता दिया है। इसका आभास भाजपा को भी हो गया था इसीलिए एक योजना के तहत राजद और तेजस्वी यादव को टारगेटेड कर प्रशांत किशोर को प्रोजेक्ट किया गया था।


चित्तरंजन गगन ।

### राजद नेताओं ने जेपी आंदोलन के सेनानी लताफत हुसैन के निधन पर शोक प्रकट किया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव , सांसद डा. मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डा कांति सिंह, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद,विधान पार्षद कारी मो सोहैब, अन्य नेताओं ने जेपी सेनानी,समाजवादी नेता और भोजपुर जिला राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व अध्यक्ष लताफत हुसैन के इंतकाल पर गहरे रंजो गम का इजहार किया है।

## टीबी मुक्त भारत अभियान में बिहार ने एक माह में लक्ष्य का 185 प्रतिशत किया हासिल

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राज्य ने क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन की दिशा में एक और उपलब्धि दर्ज की है। 2 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक चले विशेष अभियान के दौरान बिहार ने टीबी स्क्रीनिंग के निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक प्रदर्शन करते हुए 1 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 1.90 करोड़ से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग कर 185 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग की जनस्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता, प्रभावी कार्ययोजना तथा आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, चिकित्सा पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता का परिणाम है। अभियान के दौरान गांवों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग, जांच एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं, जिससे अधिक से अधिक संभावित मरीजों तक समय पर पहुंच बनाई जा सकी। अभियान के दौरान 1,90,91,155 लोगों का निक्षय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया। इसके साथ ही संवेदनशील एवं उच्च जोखिम वाले वर्गों के 5,91,305 लोगों का एक्स-रे तथा 1,23,348 लोगों की तकनीक से जांच कर टीबी की शीघ्र एवं सटीक पहचान सुनिश्चित की गई।

आधुनिक जांच तकनीकों के उपयोग से रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान संभव हुई, जिससे मरीजों का समय पर उपचार प्रारंभ किया जा सका। विशेष अभियान के दौरान 15,004 टीबी मरीजों की पहचान एवं पंजीकरण किया गया। इनमें से 11,956 मरीजों को डिफरेंशिएटेड टीबी केयर के तहत विशेष देखभाल एवं नियमित फलो-अप से जोड़ा गया, ताकि उपचार की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके। वहीं संक्रमण की रोकथाम के उद्देश्य से 42,239 घरेलू संपर्कों को टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट से जोड़ा गया।

## महासंघ (गोप गुट) ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से राज्यकर्मियों के लिए घोषित कैशलेस ट्रीटमेंट की सुविधा को लागू करने की मांग की

**कैशलेस ट्रीटमेंट की सुविधा निःशुल्क देने की मांग अथवा झारखण्ड के तर्ज पर अधिकतम 500 कटौती की मांग रखी**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य में कार्यरत एवं सेवानिवृत कर्मचारियों को बेहतर ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार द्वारा घोषित 'बिहार सरकार स्वास्थ्य योजना को यथाशीघ्र लागू करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश मानक संचालन प्रक्रिया निर्गत करने की मांग बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर की है।

महासंघ (गोप गुट) की ओर से महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग, बिहार के संकल्प संख्या -1548 (14), दिनांक - 29-05-2026 द्वारा बिहार के राज्यकर्मियों एवं सेवानिवृत कर्मियों को बेहतर ईलाज हेतु कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। उक्त जारी संकल्प के अनुसार 'बिहार सरकार स्वास्थ्य योजना के वित्त पोषण के निमित्त राज्यकर्मियों से उनको मिल रहे चिकित्सा भत्ता की 90 प्रतिशत राशि की कटौती कर लेने का निर्णय लिया गया है जबकि इसी तरह के 'स्वास्थ्य बीमा योजना' पडोसी राज्य झारखण्ड में भी वर्ष 2024 से ही लागू है, जहां राज्य सरकार द्वारा योजना के लाभुक कर्मियों सेवानिवृत कर्मियों से मात्र 500- प्रति माह की कटौती की जाती है एवं 500- प्रति माह चिकित्सा भत्ता का भुगतान किया जाता है।

साथ ही उक्त संकल्प के कण्डिका 6 में आईटी एवं प्रशासनिक और अवसंरचना संबंधी उल्लेख है जिसमें कहा गया है कि इस योजना के क्रियान्वयन हेतु एक उत्कृष्ट कोटि का पोर्टल विकसित किया जाना होगा, जो स्टेट डाटा सेंटर में संधारित होगा। पोर्टल के माध्यम से कैशलेस कार्ड हेतु सदस्यों का सूचीकरण, अस्पतालों का सूचीबद्ध किया जाना, चिकित्सा दावों का निस्तार, कैशलेस कार्ड निर्गत किया जाना तथा योजना के क्रियान्वयन हेतु अन्यान्य घटकों का निष्पादन किया जाएगा।

इसी संकल्प के कण्डिका -6 में योजना के लागू होने की तिथि एवं योजना के अन्य घटकों के संबंध में विस्तृत दिशा- निर्देश मानक संचालन प्रक्रिया स्वास्थ्य विभाग द्वारा वित्त विभाग के परामर्श से निर्गत किया जा सकेगा, का उल्लेख किया गया है। परन्तु उक्त सुविधा को बिना लागू किये हुए ही बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि 'बिहार सरकार स्वास्थ्य योजना' के अधीन अंतर्वासी चिकित्सा हेतु कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई है।

## 100 वाहनों से डोर टू डोर कचरा उठाव

**एजेंसियों पर अतिरिक्त 21. 95 करोड़ का जुर्माना, लगातार दूसरे दिन जारी हुआ शो-कॉज नोटिस**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम प्रशासन द्वारा सफाई मजदूरों के एक वर्ग की हड़ताल के बावजूद राजधानी की सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास जारी है। निगम प्रशासन एक ओर हड़ताल कर रहे सफाई कर्मियों से जनहित में शीघ्र कार्य पर लौटने की अपील कर रहा है, वहीं दूसरी ओर ड्यूटी पर उपस्थित सफाई कर्मियों, निगम के अधिकारियों एवं उपलब्ध संसाधनों की सहायता से शहर में नियमित साफ-सफाई एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य लगातार जारी रखा गया है।

सोमवार की सुबह की पाली में नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में लगभग 100 वाहनों के माध्यम से घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कचरे का संग्रहण किया गया। साथ ही, विशेष आवश्यकता वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त वाहनों की भी तैनाती की गई।

नूतन राजधानी अंचल में 23 डोर-टू-डोर वाहनों के माध्यम से जगदेव पथ, जयप्रकाश नगर, एसक़े पुरी, सचिवालय क्षेत्र, स्टेशन रोड, गर्दनीबाग सहित अन्य इलाकों से नियमित कचरा संग्रहण किया गया। मतगणना कार्य के दौरान एएन. कलेज परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए अंचल प्रशासन द्वारा दो ओपन मैजिक वाहनों की विशेष तैनाती की गई। इन वाहनों के माध्यम से साफ-सफाई के दौरान एकत्रित कचरे का निरंतर उठाव कर निर्धारित स्थल तक पहुंचाया गया। वार्ड 28 के पार्षद विनय कुमार की सक्रिय पहल पर दो निजी ट्रैक्टर एवं नगर निगम के एक जेसीबी की सहायता से एग्जीबिशन रोड, गोरिया टोली एवं जमाल रोड स्थित कूड़ा प्वइंट की व्यापक सफाई कर वहां जमा कचरे का निष्पादन किया गया।

अजीमाबाद अंचल में 15 डोर टू डोर वाहनों से पठान टोली, नरकट घाट, लोहरवा घाट, अगमकुआं, शेरशाह पथ, मेहेंदीगंज, नवाब बहादुर रोड, एनएमसीएच रोड आदि क्षेत्रों से कचरा उठाव किया गया। पटना सिटी में 20 वाहनों द्वारा गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ, अशोक राजपथ, स्टेशन रोड समेत सभी प्रमुख स्थलों से कचरा उठाव किया गया। साथ ही पाटलिपुत्र अंचल में 28 डोर टू डोर वाहनों से सभी वार्डों में कचरा उठाव किया गया। वहीं, बांकीपुर में 13 में अशोक राजपथ, वैशाली गोलंबर समेत अन्य प्रमुख स्थलों से कचरा उठाव किया गया।

नगर निगम प्रशासन ने सफाई व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होने तथा अनुबंध की शर्तों के अनुरूप पर्याप्त मानवबल एवं वाहन उपलब्ध नहीं कराने के मामले में संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखी है।

दिनांक 1 अगस्त 2026 एवं 2 अगस्त 2026 को मानवबल की स्थिति अत्यंत नगण्य पाए जाने के कारण संबंधित एजेंसियों को लगातार दूसरे दिन शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर अतिरिक्त आर्थिक दंड भी लगाया गया है।

### आक्रोशित किसान व छात्रों के गुस्से का इजहार है बांकीपुर चुनाव परिणाम : संयुक्त किसान मोर्चा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, देव कुमार सिंह, डा. आनंद किशोर, रमेश कुमार सिंह, मनीष कुमार तथा भूमि बचाओ संघर्ष मोर्चा के नेता जगपति सिंह, धर्मेंद्र सिंह चौहान, इं अनिल कुमार सिंह, मुखिया पिंकू सिंह, विनोद सिंह, मुखिया रवि कुमार, राजेश रंजन सिंह, एवं संजय कुमार सिंह आदि ने सरकार से मांग किया है कि सरकार अविलंब सेटलाइट टाउनशिप निर्माण का फैसला वापस ले । स्मार्ट गांव और कृषि आधारित कल कारखाना के निर्माण के साथ भारतमाला सड़क परियोजना हो या चौसा थर्मल सहित सभी योजनाओं में अधिग्रहित भूमि का वर्तमान बाजार दर से चार गुना मुआवजा एवं आरजी के तहत अन्य सुविधाओं की सरकार घोषणा करें। खाद बीज की कालाबाजारी पर अविलंब रोक लगे। 60 साल की उम्र से सभी पुरुष एवं महिला किसानों एवं मजदूरों को कम से कम 10000 रु मासिक पेंशन, कृषि बाजार समिति पुनः बिहार में चालू हो। अन्यथा आगे किसान अपने गुस्से को संगठित प्रतिरोध के रूप में सरकार के सामने अपना आक्रोश व्यक्त करेगा।

## सोलर क्रॉप ड्रायर योजना किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में है जरूरी पहल : विजय कुमार सिन्हा

### बिहार सरकार की पहल : सोलर क्रॉप ड्रायर पर मिलेगा 1.40 लाख रुपये तक का अनुदान

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के किसानों की आय बढ़ाने और फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान (पोस्ट हार्वेस्ट लॉसेस) को कम करने के लिए सोलर क्रॉप ड्रायर योजना की शुरुआत की गई है। यह किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम है। सरकार की कोशिश है कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिले।

ये बातें राज्य के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को कहीं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत 100 किलोग्राम क्षमता वाला सोलर क्रॉप ड्रायर दिया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 3 लाख 50 हजार रुपए है। इसकी स्थापना पर किसानों को 1 लाख 40 हजार रुपए तक का अनुदान दिया जा रहा है। इससे 30-40 प्रतिशत तक फसल की बर्बादी रुकेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य के इच्छुक किसान इस अनुदान का लाभ उठाने के लिए कृषि विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए किसान का डीबीटी पर पंजीकरण के साथ-साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक का होना जरूरी है। राज्य सरकार का यह कदम बिहार के किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़ाकर खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन की ओर ले जाने में मील का पत्थर साबित होगा।


कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा।

कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की है कि वे योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। बिहार अब पारंपरिक खेती से निकलकर मूल्य संवर्धन की खेती की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हम चाहते हैं कि हमारे किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि खाद्य उद्यमी भी बनें।

**सोलर क्रॉप ड्रायर से रोकी जा सकती है फसल की 30-40 प्रतिशत तक बर्बादी, ऐसा होने से समृद्ध होंगे किसान**

**फसल को खुले में सुखाने के विपरीत, सोलर ड्रायर में धूल, नमी और कीटों से मिलती है सुरक्षा**

**लंबे समय तक सुरक्षित रख सकते हैं फसलों को :** टमाटर, मिर्च, प्याज, लहसुन, गोभी, हल्दी, अदरक और मशरूम जैसी जल्दी खराब होने वाली बागवानी फसलों को नियंत्रित तापमान में सुखाकर उनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाई जा सकती है।

खुले में सुखाने के विपरीत, सोलर ड्रायर में धूल, नमी और कीटों से सुरक्षा मिलती है, जिससे फसल का प्रातिक रंग, स्वाद व सुगंध सुरक्षित रहता है। यह उपकरण पूरी तरह सौर ऊर्जा पर आधारित है, जिससे किसानों पर अतिरिक्त बिजली या ईंधन का खर्च नहीं पड़ता। किसान अपनी उपज को सुखाकर या प्रोसेस कर जैसे सन-ड्राइड, पाउडर या फ्लेक्स बनाकर महीनों सुरक्षित रख सकते हैं और बाजार में सही दाम मिलने पर बेच सकते हैं।

## खबरें खास-खास

### डा. किशोर सिन्हा के बालगीत-संग्रह 'मोही और दद्दू' का लोकार्पण


बिहार बालगीत-संग्रह का लोकार्पण।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** 'साहित्यकार और नाटककार डा. किशोर सिन्हा के बालगीत-संग्रह दद्दू और पोती का लोकार्पण स्थानीय जगजीवन राम शोध संस्थान में रविवार को सम्पन्न हुआ। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता जाने-माने कवि कथाकार और बाल-साहित्य के रचनाकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ नाटककार प्रो. नरेन्द्रनाथ पांडेय, सुपरिचित कथाकार श्रीमती भावना शेखर, कवि और चिंतक शिवदयाल, प्रख्यात कवि और शिक्षाविद डा शिवनारायण और बेतिया से आये वरिष्ठ गीतकार डा गोरख प्रसाद मस्ताना सहित अनेक गणमान्य साहित्यकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रंगकर्मी और नृत्यांगना श्वेता सुरभि ने किया। इस अवसर पर पुस्तक के गीतों पर ड किशोर सिन्हा द्वारा बनाये हुए संगीत-वीडियो-अलबम का प्रदर्शन भी किया गया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री द्विवेदी ने कहा कि यह संग्रहालय दद्दू और पोती के बीच जीवंत संवादों से ओतप्रोत है, जिसमें बच्चों की बड़ी प्यारी कवितायें संकलित हैं

कवि और चिंतक शिवदयाल ने कहा कि 'मोही और दद्दू' केवल बाल गीतों का संग्रह नहीं, इसमें दादा और पोती के बीच के अनमोल रिश्ते को शब्दों में बाँधने की कोशिश की गई है। इसमें बाल मन को समझने और बाल सुलभ चेष्टाओं का भी नजदीकी अनवीक्षण है, जो बहुत रोचक और मजेदार भी है।

कथाकार भावना शेखर ने बताया कि पुस्तक वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित है। आज अधिकांश बुजुर्ग नई पीढ़ी से दूर हैं। नई पीढ़ी भी उनके प्रति उदासीन हैं। ऐसे में रिश्ते वरिष्ठ नागरिकों का साथ छोड़ देते हैं। यह पुस्तक बिछोह के घाव पर मरहम का काम करेगी।

लेखकीय वक्तव्य के रूप में डा. किशोर सिन्हा ने उपस्थित विद्वानों का स्वागत् और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बालगीत-संग्रह 'मोही और दद्दू' बच्चों के लिए मेरी पहली और कुल मिलाकर 33वीं पुस्तक है, जिसमें दादा और पोती की कोमल भावनाओं की अभिव्यक्ति मिलेगी।

सुप्रसिद्ध गीतकार और गायक मधुरेश नारायण ने स्वागत-सम्बोधन दिया। समारोह के विशिष्ट अतिथि, वरिष्ठ नाटककार प्रो. नरेन्द्रनाथ पांडेय थे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ आराधना प्रसाद की सरस्वती-वंदना से हुआ।

### वैशाली की सांसद वीणा देवी ने निःशुल्क सेवा शिविर का किया उद्घाटन



वैशाली की सांसद वीणा देवी ने निःशुल्क सेवा शिविर का किया उद्घाटन, शिविर में पहुंच रहे श्रद्धालुओं को खुद से कर रही है सेवा भाव।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सावन के पावन महीने में सुल्तानगंज से बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले पावन कांवरिया पथ पर कटोरिया में बाबा गरीबनाथ सेवा समिति द्वारा श्रद्धालु कांवरियों के लिए निःशुल्क भोजन, नाश्ता, चाय एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। इस निःशुल्क सेवा शिविर का उद्घाटन वैशाली सांसद वीणा देवी ने की। इस शिविर का आयोजन बिहार के वैशाली लोकसभा संसदीय क्षेत्र के वैशाली सांसद वीणा देवी, मुजफ्फरपुर के एमएलसी दिनेश प्रसाद सिंह, गायघाट के विधायक कोमल सिंह व मुजफ्फरपुर के युवा उधोगपति सह भारत ऊर्जा डिस्टिलरीज प्रा. लि. के सीएमडी शुभम सिंह के द्वारा की गई हैं। शिविर में पहुंच रहें कांवरियों को वैशाली सांसद वीणा देवी अपने खुद से कांवरियों की सेवा भाव में भी लगी हुई है। इस अवसर पर वैशाली सांसद वीणा देवी ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपादृष्टि जगत के सभी प्राणियों पर बनी रहे वे इसकी कामना करती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार के सभी सदस्यों में बड़ी खुशी होती है कि भगवान भोलेनाथ के सभी भक्तों व कांवरियों की सेवा करने का मौका इसी तरह हमेशा मिलती रहे। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ अपने सभी भक्तजनों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। वैशाली सांसद वीणा देवी ने कहा कि यह सेवा शिविर हमारे परिवार के द्वारा हर वर्ष संचालित होती है, जहाँ काँवरियों के लिए भोजन, नाश्ता, चाय और शुद्ध पेयजल निः शुल्क की जाती है।

### हड़ताली सफाई मजदूरों के समर्थन में 5 अगस्त को ऐक्टू करेगा जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** हड़ताली नगर निकाय-सफाई कर्मियों की मांगों और 'हड़ताल के समर्थन में सरकार से हड़ताली संगठनों के नेताओं से सम्मान जनक वार्ता कर तीन सूत्री मांगे अविलंब पूरी करने को लेकर ऐक्टू (एआईसीसीटीयू) ने 5 अगस्त को पूरे बिहार के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करने की घोषणा किया है'। पटना ऐक्टू राज्य मुख्यालय में ऐक्टू राष्ट्रीय महासचिव राजीव डिमरी की विशेष उपस्थिति में राज्य मुख्यालय से जुड़े ऐक्टू नेताओं की हुई बैठक से उक्त निर्णय लिया गया।

बैठक में ऐक्टू मुख्यालय से जुड़े स्कीम वर्कर्स नेत्री सह एमएलसी शशि यादव, विद्यालय रसोइया नेत्री सरोज चौबे,ऐक्टू राज्याध्यक्ष श्यामलाल प्रसाद, राज्य सचिव रणविजय कुमार, ऐक्टू राज्य उपाध्यक्ष सह महासंघ (गोप गुट) सम्मानित अध्यक्ष रामबली प्रसाद, ऐक्टू राज्य सचिव मुकेश मुक्त, निर्माण मजदूर यूनियन (ऐक्टू) प्रदेश अध्यक्ष एस के शर्मा, असंगठित कामगार महासंघ (ऐक्टू) राज्य अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह आदि नेता शामिल थे। बैठक में खेग्रामस राष्ट्रीय महासचिव धीरेन्द्र झा खासतौर से मौजूद थे ।

### सफाई मजदूरों की हड़ताल का भाकपा माले ने किया समर्थन, मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा माले ने पूरे बिहार में 30 जुलाई से जारी सफाई मजदूरों की हड़ताल का समर्थन किया है। हड़ताल के चार दिन बीत जाने के बावजूद राज्य सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों की मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किए जाने की पार्टी ने कड़ी आलोचना की है। भाकपा माले के राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि बिहार देश का एकमात्र ऐसा राज्य बन गया है जहाँ सफाई मजदूरों की स्थायी बहाली लगभग समाप्त कर दी गई है। वर्तमान में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से की जा रही है, जो मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी से भी कम भुगतान कर रही हैं। यह मजदूरों के अधिकारों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि सफाई मजदूर नियमितीकरण एवं सेवा सुरक्षा, ठेका एवं आउटसोर्सिंग व्यवस्था की समाप्ति, एसीपीध्एमएसीपी योजना का पूर्ण क्रियान्वयन तथा बकाया भुगतान सहित अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। इन मांगों पर सरकार को तत्काल सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### कुलपति के सचिव डॉ. सैयद मोहम्मद जमाल अशरफ बने बैडमिंटन प्रतियोगिता का चैंपियन

**दरभंगा (एनएसबी)।** स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् के तत्वावधान में 02 एवं 03 अगस्त 2026 को आयोजित इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के शिक्षक तथा गैर-शिक्षक कर्मियों ने पूरे जोश के साथ भाग लेकर यह साबित कर दिया कि खेल भावना उम्र और पद की सीमाओं से परे होती है।प्रतियोगिता के दूसरे एवं अंतिम दिन बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के फाइनल में डॉ. सैयद मोहम्मद जमाल अशरफ , कुलपति के सचिव , कुलपति सचिवालय ने गौतम सिंह नियुक्ति कोषांग को कड़े मुकाबले में बेस्ट ऑफ थ्री में 2झ0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि दोनों ही खिलाड़ियों ने प्रथम दिवस लगातार तीन-तीन मुकाबले जीतकर अपने दमदार खेल का परिचय दिया था और फाइनल तक का सफर तय किया था।



### तारडीह में दिव्यांगजनों के लिए 7 अगस्त को नि:शुल्क शिविर

**तारडीह।(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 अगस्त 2026 (शुक्रवार) को ग्राम पंचायत राज पोखरभीण्डा स्थित पंचायत सरकार भवन में नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमवीएसएस), जयपुर (जयपुर फुट) के सौजन्य से आयोजित होगा।प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार शिविर में ऑन-द-स्पॉट जांच के बाद पात्र दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम पैर जयपुर फुट कृत्रिम हाथ, कैलिपर्स, बैसाखी, वॉकर, रोलाटर, वॉकिंग स्टिक, दृष्टिबाधितों के लिए छड़ी, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरण नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।प्रखंड प्रशासन ने सभी पंचायत सचिवों एवं विकास मित्रों को अपने-अपने क्षेत्रों में दिव्यांगजनों की पहचान कर आवश्यक सूची 24 घंटे के भीतर प्रखंड कार्यालय में उपलब्ध कराने तथा लाभुकों को शिविर में उपस्थित होने के लिए प्रेरित एवं मार्गदर्शन करने का निर्देश दिया है।

### सावन की पहली सोमवारी मे शिवालयो पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के शिवालयलो मे सावन की पहली सोमवारी को अहले सुबह श्रद्धालुओ की भीङ उमङ पडी। सिंहवाड़ा के बटेश्वर नाथ धाम,कोरा के कोरा महादेव, भरवाड़ा के भारवेश्वर नाथ व नर्मदेश्वर महादेव,सिमरी आदि शिवालय हरहर महादेव, जय शिव,बोलबम के नारे से गुंजायमान हो रहा था। शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओ की लम्बी कतारबद्ध खङे थे ।होकर अपनी बमें सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर भगवान शिव विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर मंदिर परिसर तथा आसपास पुलिस बल एवं स्वयंसेवकों की तैनाती की गई थी। शांति व्यस्था बनाये रखने के लिए बैरिकेडिंग और कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था की गई। जिससे श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक बाबा बटेश्वर नाथ के दर्शन किए।दिनभर मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही बनी रही। स्थानीय लोगों के अनुसार सावन की प्रत्येक सोमवारी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां जल चढाने पहुंचते हैं।

### 72 लीटर कफ सिरप के साथ कार जब्त, एक अभियुक्त गिरफ्तार

**दरभंगा(एनएसबी)।** मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया है।सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध, दरभंगा प्रदीप कुमार ने बताया कि प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर मद्यनिषेध टीम द्वारा सदर थाना क्षेत्र के रानीपुर चौक के समीप छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के दौरान एक कार से 100 एम.एल. के 720 पीस कफ सिरप जिसकी कुल मात्रा 72 लीटर* है, बरामद किया गया। इस दौरान कफ सिरप से लदी कार को जब्त कर लिया गया तथा मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम तथा अन्य सुसंगत धाराओं के तहत अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।सहायक आयुक्त ने कहा कि जिले में अवैध मादक पदार्थों एवं प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध मद्यनिषेध विभाग का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दरभंगा में प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क की पहल हुई तेज : डा गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा(एनएसबी)।** उत्तर बिहार के प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किए जाने के लिए केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी भव्या योजना के तहत दरभंगा में प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क की स्थापना के बिहार सरकार के द्वारा प्रस्ताव को भेजा जाना इसका ज्वलंत उदाहरण है।स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा है कि इस औद्योगिक पार्क के माध्यम से दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में कृषि, मखान, मत्स्य संसाधन, डेयरी के साथ साथ यहां की पारंपरिक उत्पादों के क्षेत्र में रोजगार और निवेश के अवसर बढ़ेंगे जो मिथिला क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा में प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क की स्थापना को लेकर अपने प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा है कि उन्होंने कई बार केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल से भेंट कर इसके लिए व्यक्तिगत रूप से अनुरोध किया है तथा लोकसभा में भी लगातार इस मुद्दे पर चर्चा की है तथा क्षेत्रीय मंत्री के द्वारा स्पष्ट किया गया था कि राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त होने पर केंद्र सकारात्मक पहल करेगी। सांसद डा ठाकुर के अनुसार उन्होंने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार तथा वर्तमान मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी से भेंटकर केंद्र सरकार की भावना से अवगत कराते हुए दरभंगा के लिए शीघ्र प्रस्ताव भेजने का लगातार आग्रह किया था जिसका परिणाम अब धरातल पर साकार हो रहा है। सांसद डा ठाकुर ने बिहार सरकार के द्वारा दरभंगा में प्रस्तावित प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क के लिए 350 एकड़ जमीन की स्वीकृति देकर अवसंरचना विकास के लिए केंद्र सरकार को भेजे गए प्रस्ताव पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस पहल से दरभंगा और पूरे मिथिला क्षेत्र में स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी तथा एनडीए सरकार का यह कदम विकसित बिहार-विकसित भारत के संकल्प के साथ विकसित मिथिला के संकल्पों को पूरा करेगा।

### डीएम की अध्यक्षता में पी.एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की क्रियान्वन को लेकर हुई बैठक

**दरभंगा(एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी दरभंगा श्री कौशल कुमार की अध्यक्षता में पी.एम. सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सहायक विद्युत अभियंताओं, कनीय विद्युत अभियंताओं एवं अधिकृत वेंडरों को निर्देश दिया कि जिन उपभोक्ताओं का विद्युत भार एवं मासिक बिजली खपत अधिक है तथा जो इस योजना में रुचि रखते हैं, उनके घर-घर जाकर योजना की विस्तृत जानकारी दें तथा सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने के लिए प्रेरित करें।बैठक में बताया गया कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार विद्युत विभाग के अभियंताओं द्वारा जिले के अधिक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं के घरों का लगातार भ्रमण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं को कम-से-कम 100 इच्छुक उपभोक्ताओं को चिन्हित कर आवेदन हेतु तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इच्छुक उपभोक्ता पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हेतु आधार संख्या एवं बिजली बिल की आवश्यकता होगी।अभी तक कुल 566 रूफ टॉप सोलर पैनल उपभोक्ताओं के घर पे लगाया जा चुका है। सभी वेंडरों को निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द सभी चिह्नित इच्छुक आवेदकों को नजदीकी बैंकों में लोन के लिए अप्लाई करना सुनिश्चित करें।

# मिथिला के बाबा धाम में 50 हजार श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

## सावन की पहली सोमवारी को कुशेश्वरनाथ महादेव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं का सैलाब

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी(एनएसबी)।** सावन के पहला सोमवारी को जलाभिषेक के लिए उमड़ा जनसैलाब सुबह में पहले जलाभिषेक करने के लिए लगी लंबी लाइनें महिला एवं पुरुष कि लंबी लाईन मंदिर के मुख्यद्वार के दोनों तरफ लाईने लगी थी। रात के बारह बजे से ही लाईन लगना प्रारंभ हो गया था जो सुबह चार बजे पट खुलते ही श्रद्धालुओं में खुशी का ठिकाना नहीं रहा हर-हर महादेव, बोल बम, बोल बम के जय घोष से कुशेश्वर बाजार शिवमय हो गया। जहां शिव भक्तों कि भीड़ से पुरे बाजार भगवामय हो गया। बाबा कुशेश्वर नाथ महादेव को जलाभिषेक के लिए बहुत दुर-दुर से आते हैं। शिव भक्तों जैसा कि देखा गया कि खगड़िया, समस्तीपुर,मधुबनी और दरभंगा तक के शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। न्यास समिति और पुलिस प्रशासन के तरफ से भी पुरे मुस्तेजी से सभी पदाधिकारियों ने अपना-अपना ड्युटी पर तैनात दिखे। वही थाना प्रभारी गौरव प्रसाद, तिलकेश्वर थाना प्रभारी केशरीनंदन राम व नदी थाना प्रभारी सुशील कुमार ने भी लाईन में लगे शिव भक्तों पर पैनी नजर बनाए हुए थे ताकि किसी भी शिव भक्तों को जलाभिषेक करने में समस्या ना हो। विधि व्यवस्था को निगरानी के लिए ग्रामीण एसपी भी निगरानी करते दिखे। न्यास समिति के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी शशांक राज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सह उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी ने मंदिर के गर्व गृह से लेकर मुख्यद्वार और घुमावदार बैरिकेडिंग को निगरानी करते रहे और बीच बीच में सीसीटीवी कैमरा पर भी निगरानी करते दिखे। वहीं बीडीओ प्रभा शंकर मिश्रा और सीओ राकेश रौशन भारती ने भी लाईन में लगे महिला एवं पुरुष शिव भक्तों को निगरानी कर रहे थे । जहां सावन के पहला सोमवारी में लगभग पचास हजार श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया । कुशेश्वरस्थान प्रखंड अंतर्गत तिलकेशवर महादेव मंदिर में भी लगती है लंबी लाइनें और तिलकेशवर मंदिर खास करके काफी रोमांचक, स्थान है क्योंकि यह क्षेत्र दरभंगा, खगड़िया और समस्तीपुर का बार्डर एरिया पड़ता है जहां लोग आस्था के साथ बाबा तिलकेश्वर को जलाभिषेक करते हैं खास करके जब से सड़क कनेक्टीविटी हुई है तब से और भी ज्यादा दुर दराज से आते हैं और जलाभिषेक करते हैं। ज्ञात हो की कुशेश्वरनाथ महादेव मंदिर में इस बार भी अरघा से जलाभिषेक की व्यवस्था की गई है।



कुशेश्वरनाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए लाइन में खड़े श्रद्धालु

# दरभंगा में फुटबॉल खेलो इंडिया केंद्र की स्थापना की शुरू हुई पहल: डॉ गोपाल जी ठाकुर

## केंद्रीय युवा कार्यक्रम खेल मंत्री से मिले सांसद, दरभंगा जिले में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के मुद्दे पर हुई चर्चा

**दरभंगा(एनएसबी)।** युवाओं के शारीरिक तथा मानसिक विकास के लिए खेल को व्यापक बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार संकल्पित है।केंद्र सरकार की खेलो भारत नीति 2025 के अंतर्गत खेलों के विकास तथा खेल अवसंरचना के विस्तार के लिए खेल मंत्रालय के साथ साथ शैक्षणिक संस्थानों तथा राष्ट्रीय खेल परिसंघों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पहल किए जा रहे हैं। दरभंगा में खिलाड़ियों की प्रतिभा को विस्तार तथा प्रशिक्षण के लिए फुटबॉल खेलो इंडिया केंद्र की स्थापना की पहल शुरू कर दी गई है जिसका परिणाम धरातल पर शीघ्र ही दिखेगा।स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने सोमवार को संसद भवन में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से भेंट करने के बाद उपरोक्त बातों की जानकारी दी है। दरभंगा में खेल अवसंरचना के विकास, विशेषकर फुटबॉल खेलो इंडिया केंद्र की स्थापना के विषय पर विस्तार से चर्चा की।केंद्रीय मंत्री ने सांसद डा ठाकुर को आश्वस्त किया कि दरभंगा में फुटबॉल खेलो इंडिया केंद्र की स्थापना की दिशा में सकारात्मक पहल की जा रही है ताकि उत्तर बिहार के खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएँ उपलब्ध कराने का अवसर प्राप्त हो सके।सांसद डॉ ठाकुर ने दरभंगा में फुटबॉल खेलो इंडिया केंद्र की स्थापना के लिए हुई पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह पहल मिथिला और उत्तर बिहार के खेल प्रतिभाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। वर्ष 2026-27 के बजट में खेल मंत्रालय को 4.479.88 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया तथा आगामी 5 वर्षों में 2830-31 तक खेलों के विकास के लिए 36.441 करोड़ के बजट का लक्ष्य तय किया गया जो इस बात का परिचायक है कि खेल के माध्यम से देश में युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है।



केंद्रीय युवा कार्यक्रम खेल

# शाम 7 बजे से रात्रि 12बजे तक पुरुष ऑपरेटरों के माध्यम से नए राशन कार्ड बनाने का कार्य संचालित करें : कौशल कुमार

## नए राशन कार्ड निर्माण एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान की तैयारियों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**दरभंगा(एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नए राशन कार्ड निर्माण एवं ह्यहर घर तिरंगाह्व अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। वहीं सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नए राशन कार्ड निर्माण कार्य की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र लाभुकों का राशन कार्ड शीघ्र बनाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को राशन कार्ड लाभुकों का ई-केवाईसी कार्य भी तेजी से पूर्ण कराने का निर्देश दिया, ताकि लाभार्थियों को खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।सर्वेक्षण कार्य के दौरान आ रही सर्वर कठिनाइयों को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 12बजे तक पुरुष ऑपरेटरों के माध्यम से नए राशन कार्ड बनाने का कार्य संचालित कराया जाए, जिससे अधिक से अधिक आवेदन का निष्पादन समयबद्ध ढंग से किया जा सके। बैठक में आगामी ह्यहर घर तिरंगाह्व अभियान की तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय ध्वज का व्यापक स्तर पर वितरण सुनिश्चित किया जाना है तथा प्रत्येक पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में अभियान को उत्सव के रूप में मनाया जाए।उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान के अंतर्गत साइकिल रैली एवं बाइक रैली का आयोजन किया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री स्वप्निल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुरेश कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चंदन कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी कौशल

# बहेड़ी में एक दिवसीय कुमिते प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**दरभंगा(एनएसबी)।** समाधपुरा, बहेड़ी स्थित कराटे प्रशिक्षण केंद्र में कराटे एसोसिएशन ऑफ दरभंगा के तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय कुमिते प्रशिक्षण शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को कुमिते के बेसिक मूव्स, फुटवर्क, टाइमिंग, डिस्टेंस कंट्रोल तथा प्रतियोगिता में उपयोग होने वाली आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। शिविर का सफल संचालन बिहार के एकमात्र डब्ल्यूकेए मान्यता प्राप्त कोच मुकेश मिश्रा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को आधुनिक कुमिते तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल, रणनीति एवं आत्मविश्वास विकसित करने पर विशेष बल दिया। कराटे एसोसिएशन ऑफ दरभंगा के अध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर खिलाड़ियों के तकनीकी विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यकारी सदस्य सत्यम चौधरी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य जिले में कराटे खेल को बढ़ावा देना तथा खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। शिविर में रेशमी कुमारी, आयांश राज, आदित्य कुमार, आदित्य कुमार, अंकित, दुर्गेश, राजवीर रमन, आदित्य कुमार, सत्यार्थ गौतम, स्वास्तिक गौतम, प्रतिक रॉय, प्रिंस रॉय, प्रिंस कुमार, मंजीत कुमार, स्वीटी कुमारी, जिया राज, मोहित कुमार, अंश साह, शिवम राज, आराध्या, रुद्र रमन, राजवीर रमन एवं सुप्रिया राज सहित कई खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी रही।



प्रतियोगिता में शामिल कोच, खिलाड़ी एवं अन्य

### आज दोनार एवं सैदनगर फीडर की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा(एनएसबी)।** दिनांक 4 अगस्त,2026 मंगलवार को "गावर एजेंसी" के द्वारा 11 के वी लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिस कारण 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, अर्बन से निकलने वाली 11 'श दोनार फीडर में दोनार चौक से जंफर खोल कर 11 'श लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा जिस कारण से लाइन प्रातः 5 बजे से 7 बजे पूर्वाहन तक बाधित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्र है - दोनार चौक, अल्लपट्टी आदि ह, वहीं4 अगस्त,2026 को 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, जेल से निकलने वाली 11केवी सैदनगर फीडर में प्रातः 5 बजे से 8 बजे पूर्वाहन तक "गावर एजेंसी" के द्वारा 11 केवी सैदनगर फीडर का शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा,

# बाबाधाम में जलाभिषेक के बाद बाबा हजारी नाथ मंदिर में करते हैं यात्रा का समापन

## मां श्यामा का आशीर्वाद लेकर श्री 108 बाबा हजारी नाथ स्वर्णकार काँवर संघ शुरू करते हैं कावड़ यात्रा

**दरभंगा(एनएसबी)।** सनातन का ध्वजवाहक श्री श्री 108 बाबा हजारी नाथ स्वर्णकार काँवर संघ लगभग पांच दशकों से निरंतर सावन माह मे विशेष यात्रा का शुभारंभ माँ श्यामा का आशीर्वाद लेकर बाबा वैद्यनाथ के जलाभिषेक के पश्चात बाबा हजारीनाथ में आकर यात्रा के समापन कर रही है। सुदीर्घ परंपरा।उक्त बातें कांवर संघ को विशाल यात्रा के लिए देर शाम रवाना करते हुए बतौर मुख्य अतिथि माँ श्यामा भक्त परिवार के सक्रिय सदस्य उज्वल कुमार ने कहीं। आगे श्री कुमार ने शिव की महिमा का बखान करते हुए कहा कि देवाधिदेव महादेव की अलौकिक कृपा सदा ही कांवरियों का मार्ग प्रशस्त करती रही है। साथ ही लगभग पांच दशकों से निरंतर चलने वाली सावन माह की इस यात्रा के सभी सदस्य निश्चित रूप से महनीय हैं जिनके सतप्रयास से आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होता रहा है।विधिवत यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व श्यामा धाम में नामचीन कलाकारों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर काँवर संघ द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित पुस्तिका का नवीनतम संस्करण उज्वल कुमार को संस्था द्वारा उपहार स्वरूप प्रदान किया गया।मौके पर न्यास समिति के प्रभारी प्रबंधक रमानाथ झा तथा पंडित रविंद्र ठाकुर को भी काँवर संघ का द्वारा अभिनंदित किया गया।



# स्थापना दिवस पर मिथिला विश्वविद्यालय में खेलों का महाकुंभ सम्पन्न

## दो दिनों तक मैदान में गूंजता रहा उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का शंखनाद

**दरभंगा(एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के गौरवशाली स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता आज डॉ नागेन्द्र झा स्टेडियम में उमंग, ऊर्जा और उत्साह के अद्भुत संगम के साथ सम्पन्न हुई। स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् के तत्वावधान में 02 एवं 03 अगस्त, 2026 को आयोजित इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के शिक्षक तथा गैर-शिक्षक कर्मियों ने पूरे जोश के साथ भाग लेकर यह साबित कर दिया कि खेल भावना उम्र और पद की सीमाओं से परे होती है।आज प्रतियोगिता के दूसरे एवं अंतिम दिन मैदान खिलाड़ियों की ऊर्जा और दर्शकों की तालियों से गूंजता रहा। हर स्पर्धा में प्रतिभागियों ने महीनों की मेहनत, अभ्यास और जज्बे को मैदान पर उतारा और यह दिखा दिया कि विजय केवल परिणाम नहीं, बल्कि उस अथक परिश्रम का प्रतिफल है जो प्रतिस्पर्धा से पहले खामोशी में गढ़ी जाती है।

**बैडमिंटन का रोमांचक फाइनल-**



प्रतियोगिता में शामिल मिथिला

पुरुष वर्ग के फाइनल में डॉ सैयद मोहम्मद जमाल अशरफ (कुलपति सचिवालय) ने गौतम सिंह (नियुक्ति कोषांग) को कड़े मुकाबले में बेस्ट ऑफ थ्री में 2झ0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि दोनों ही खिलाड़ियों ने प्रथम दिवस लगातार तीन-तीन मुकाबले जीतकर अपने दमदार खेल का परिचय दिया था और फाइनल तक का सफर तय किया था। ताकत, तालमेल और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए "टग ऑफ वॉर" पुरुष वर्ग में- विश्वविद्यालय टीम ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी, की टीम को कड़ी टक्कर देते हुए पराजित कर चैंपियन का खिताब हासिल किया। विजेता टीम में अभिमन्यु कुमार, सुभाष कुमार मिश्रा, मो अयातुल्लाह, डॉ मनुराज शर्मा, गोपाल कुमार, राहुल रंजन, कृष्ण कुमार पासवान, अमन कुमार, विक्की कुमार, राजा बाबू राम एवं गौतम सिंह शामिल रहे। वहीं डब्ल्यूआईटी टीम में अजय कुमार मिश्रा, सचिन राम, ध्रुव कुमार, दीपक राम, विपिन कुमार सिंह, लड्डू कुमार बैठा, संजीव कुमार, सुधीर कुमार झा, मोहन कुमार, रणधीर कुमार एवं लक्षण कुमार ने पूरे दमखम के साथ चुनौती पेश की। महिला वर्ग में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी टीम ने विश्वविद्यालय टीम को पराजित कर चैंपियन का खिताब प्राप्त किया। विश्वविद्यालय टीम में डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ सुमनदीप कौर, डॉ सुनीता एवं डॉ निर्मला शामिल थीं। विजेता डब्ल्यूआईटी टीम में प्राची भारती, काजल कुमारी एवं डॉ चंद्रिका कुमारी की जोशीली टीम भावना देखने लायक रही। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के रोमांचक मुकाबले में विद्यानंद झा, डॉ दयानंद मेहता एवं सुरेश मंडल की अनुभवी तिकड़ी ने डॉ रवीन्द्र नारायण चौरसिया, कृष्ण मुरारी एवं डॉ अंजीत कुमार चौधरी की टीम को पछाड़ते हुए यह साबित किया कि जोश की कोई उम्र नहीं होती। म्यूजिकल चेयर की मस्ती और रंगारंग प्रतियोगिता में डॉ सुनीता कुमारी- प्रथम, काजल कुमारी- द्वितीय तथा चार्मिस मारीवाला- तृतीय स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा ने पूरे स्टेडियम में हास्य और उल्लास का माहौल बना दिया।इस अवसर पर स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् की अध्यक्ष डॉ प्रियंका राय ने कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुलपति की प्रेरणा, दूरदर्शी सोच एवं अनुमति से इस प्रकार के प्रेरणादायी खेल का सफल आयोजन संभव हो सका, जिसके लिए स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् परिवार हृदय से आभार व्यक्त करता है। इस खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मियों को खेल गतिविधियों से जोड़ने के साथ-साथ उनके बीच आपसी सौहार्द, समन्वय एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि दो दिनों तक चले इस आयोजन में प्रतिभागियों ने जिस उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना का परिचय दिया, वह विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत सकारात्मक एवं प्रेरणादायक है। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों, आयोजन समिति के सदस्यों एवं विश्वविद्यालय परिवार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। डब्ल्यूआईटी के निदेशक प्रो अजय नाथ झा ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर इस प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत सराहनीय पहल है। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि इससे टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं आपसी सहयोग की भावना भी विकसित होती है। उन्होंने बताया कि डब्ल्यूआईटी के शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मियों ने प्रतियोगिता में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और विभिन्न स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रशांत किशोर और जनसुराज के प्रति बढ़ रहे भरोसे का प्रतीक है बांकीपुर जीत -संजय कुमार सिंह, कहा, बिहार की दशा और दिशा बदलने की ओर पहला कदम



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** हालिया संपन्न बिहार विधानसभा उपचुनाव में बांकीपुर सीट पर जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर की जीत से जिले के जनसुराजियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस उपलक्ष्य में जिला उपाध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार मिश्रा ने मिठाइयां बांट कर जश्न मनाया और सहयोगियों को बधाई दी। वहीं इस जीत को जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के प्रति लोगों के भरोसे की पहल बताते हुए क्षेत्रीय प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बांकीपुर की जनता, पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि, यह झूठ, फरेब, भ्रष्टाचार और अहंकार पर सच्चाई, स्वराज, शिक्षा में सुधार और पलायन से छुटकारा पाने के तड़प की जीत है। यह प्रशांत किशोर के प्रति बढ़ रहे भरोसे का प्रतीक है। श्री सिंह ने कहा कि, बांकीपुर की यह जीत सिर्फ एक सीट की जीत नहीं है बल्कि, बिहार में राजनीतिक और, शैक्षणिक माहौल में आमूल बदलाव की दिशा में पहला कदम है। वहीं जीत की आहट मिलते ही जनसुराज क्षेत्रीय प्रभारी सहित जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष, सहित तमाम पदाधिकारियों ने परस्पर मुंह मीठा कर एक दूसरे को बधाई देते नजर आ रहे हैं।


### आइसा ने किया शैक्षणिक अराजकता व अवैध वसूली के खिलाफ प्रदर्शन और एलकेवीडी कॉलेज ताजपुर का घेराव

**ताजपुर (एनएसबी)।** शैक्षणिक अराजकता दूर करने, अवैध वसूली पर रोक लगाने, लाइब्रेरी एवं लेबोरेटरी को समृद्ध करने, एससी-एसटी छात्राओं से नामांकन के दौरान लिए गए कथित अवैध शुल्क की वापसी तथा पारदर्शी नामांकन व्यवस्था लागू करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर छात्र संगठन आइसा ने सोमवार को एलकेवीडी कॉलेज, ताजपुर का घेराव किया। आइसा नेताओं गौतम सैनी, मो. फरमान, अनील कुमार, जीतेंद्र सहनी एवं मो. जावेद के नेतृत्व में कालेज गेट से छात्रों ने जुलूस निकालकर कॉलेज परिसर में प्रिंसिपल के समक्ष प्रदर्शन किया। भारी वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कॉलेज पहुंचीं और प्राचार्य कार्यालय के समक्ष जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी करीब एक घंटे तक अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते रहे। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कॉलेज प्रशासन पर शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार लाने, छात्र-छात्राओं की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा नामांकन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि कई छात्राओं से नामांकन के नाम पर अवैध राशि वसूली गई है, जिसे वापस किया जाना चाहिए। बाद में प्राचार्य के बुलावे पर आइसा के प्रतिनिधिमंडल ने 17 सूत्री मांगपत्र प्रिंसिपल धर्मराज राम को सौंपा। प्रतिनिधियों ने मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मौके पर आयोजित सभा की अध्यक्षता मो० जावेद एवं संचालन जीतेंद्र सहनी ने किया। कार्यक्रम में पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी, नैंसी कुमारी, वाजिया खातून, आलिशा, नासरीन, जन्नत जहां, इशरत खातून, हलिया खातून, रहनुमा खातून, कायनात अरसी, रौनक खातून, नाजनी खातून, शाइस्ता खातून, नेहा रानी, शाहीना खातून, इराम परवीन, जोया परवीन, इमराना परवीन, सलमा खातून, वाजिद, रोहित, रूबी, निशू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### किसानी को घाटे का धंधा बताते हुए किसान महासभा का प्रदर्शन, मांगें पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**ताजपुर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय किसान महासभा के ताजपुर प्रखंड सम्मेलन के उपरांत मोतीपुर में किसानों ने जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि बढ़ती लागत और घटते मुनाफे के कारण खेती आज घाटे का धंधा बन गई है, जिससे किसान गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।जुलूस का नेतृत्व किसान महासभा के समस्तीपुर जिला अध्यक्ष महावीर पोद्दार, ताजपुर प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, सचिव ललन दास, उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सह सचिव संजीव राय, कोषाध्यक्ष राजदेव प्रसाद सिंह तथा भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया।प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कृषि क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। बिजली, सिंचाई, खाद, बीज और कृषि यंत्रों की बढ़ती कीमतों ने किसानों की परेशानी और बढ़ा दी है। उन्होंने सरकार से किसानों को पर्याप्त बिजली और पानी उपलब्ध कराने, खाद-बीज की सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित करने, कृषि यंत्रों पर अनुदान बढ़ाने, किसानों का कृषि ऋण माफ करने तथा सब्जी उत्पादकों के लिए कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कर्ज लेकर किसान फसल एवं सब्जी लगाते हैं। ये कड़ी धूप में झुलस जाते हैं या वर्षा में बर्बाद हो जाते हैं। यदि किसी तरह फसल या सब्जी तैयार हो गया तो कोई खरीदने वाला नहीं। उन्होंने मोतीपुर सब्जी मंडी का दौरा का चर्चा करते हुए कहा कि आज किसी भी सब्जी का लागत कम से कम 10 रुपए किलो पड़ता है लेकिन किसानों को मंडी में 3 रुपए नेनुआ, 10 रुपए करैला, 10 रुपए कद्दू, 5 रुपये मूली आदि बेचना पड़ता है। नेताओं ने कहा कि यदि किसानों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई तो किसान महासभा आंदोलन को और तेज करेगी तथा व्यापक जनसंघर्ष छेड़ा जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### आकर्षण का केंद्र बना 155 हाथ लंबा कांवर, अनूठे कांवर के साथ 1100 कांवरियों का जत्था पहुंचा विद्यापतिधाम



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** सावन की प्रथम सोमवारी पर आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला, जब मोहनपुर प्रखंड के जौनापुर गांव से 1100 शिवभक्तों का विशाल कांवरिया जत्था 155 हाथ लंबे भव्य कांवर के साथ विद्यापतिधाम पहुंचा। पूरे मार्ग में "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के गगनभेदी जयघोष से वातावरण शिवमय हो उठा। श्रद्धालुओं का यह अनूठा जत्था आकर्षण का केंद्र बना रहा और मंदिर पहुंचने पर अन्य श्रद्धालुओं ने भी उनकी भक्ति और अनुशासन की सराहना की। कांवरियों ने बताया कि वे पिछले पांच वर्षों से लगातार सावन में इसी प्रकार सामूहिक रूप से कांवर यात्रा करते हुए विद्यापतिधाम आ रहे हैं। उनका अटूट विश्वास है कि बाबा विद्यापति उगना महादेव की महिमा अपरंपार है और यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। इसी अटूट श्रद्धा के कारण हर वर्ष उनके जत्थे में शिवभक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। श्रद्धालुओं ने बताया कि 155 हाथ लंबे इस विशेष कांवर को तैयार करने में लगभग 15 दिनों का समय लगता है। इसे पारंपरिक शैली में आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। करीब 30 किलोमीटर की यात्रा के दौरान सभी शिवभक्त बारी-बारी से अपने कंधों पर कांवर उठाकर पैदल चलते हैं और पूरे रास्ते भगवान भोलेनाथ के भजन, कीर्तन तथा जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बनाए रखते हैं।विद्यापतिधाम पहुंचने के बाद सभी कांवरियों ने विधि-विधान के साथ बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। विशाल कांवर और अनुशासित जत्थे ने श्रावणी मेले की भव्यता में चार चांद लगा दिए। श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और सामूहिक भक्ति ने यह संदेश दिया कि भगवान शिव के प्रति समर्पण और विश्वास ही इस पावन यात्रा की सबसे बड़ी शक्ति है।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** आगामी स्वतंत्रता दिवस 2026 के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को अनुमंडल कार्यालय, दलसिंहसराय में अनुमंडल स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह के निर्धारित स्थलों पर ध्वजारोहण, सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल तथा अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# संयंत्र से मिटेगी आवश्यकता और आपूर्ति के बीच की दूरियां और होगी फसल की गुणवत्ता में अधिकतम शुद्धता सुनिश्चित : कुलपति

**पूसा/ढोली (एनएसबी)।** बिहार और देश के कृषि विकास को एक नई ऊंचाई पर ले जाते हुए, डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के बीज निदेशालय (ढोली) में आज एक नवनिर्मित, अत्याधुनिक बीज प्रसंस्करण संयंत्र का उद्घाटन भव्य समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। सोमवार को इस अत्याधुनिक संयंत्र का विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ० प्रेम लाल गौतम, कुलपति डॉ० पुण्यव्रत सुविमलेन्दु पांडेय ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, वरीय वैज्ञानिक एवं बीज निदेशालय के सभी वैज्ञानिक, कर्मी एवं श्रमिक उपस्थित रहे।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए माननीय कुलाधिपति पद्मश्री डॉ. पीएल गौतम ने कहा कि, "यह संयंत्र केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं है, बल्कि देश के



उद्घाटन करते कुलाधिपति व अन्य।

अन्नदाताओं की समृद्धि का प्रवेश द्वार है। इस संयंत्र के लगने के बाद उन्नत और प्रमाणित 'राजेन्द्र पूसा बीज' ब्रांड के माध्यम से किसानों को अधिक उत्पादकता एवं गुणवत्ता पूर्ण बीज ससमय मिल सकेंगे, जो हमारी खाद्य सुरक्षा और टिकाऊ खेती के संकल्प को साकार करेंगे ।इस अवसर पर कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि, "यह संयंत्र विश्वविद्यालय के गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन को एक नई दिशा देगा। अत्याधुनिक तकनीकों की मदद से हम रबी, खरीफ और गरमा मौसम में बीज शोधन और ग्रेडिंग की क्षमता को कई गुना बढ़ा रहे हैं, जिससे आवश्यकता और आपूर्ति के बीच की दूरियां मिटेंगी और फसल की गुणवत्ता में अधिकतम शुद्धता सुनिश्चित की जा सकेगी।अपने संबोधन में निदेशक, बीज डॉ० डी०के० राय, ने अपने संबोधन में बताया कि गुणवत्तायुक्त खद्यान्न, दलहनी, तेलहनी, श्रीअन्न फसलों के बीजों की आपूर्ति देश के कोने कोने मे किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा हेतु सब्जी, फूल, एवं मशाला के बीजों का किट भी उपलब्ध कराया जा रहा है एवं कृषक सहभागीता कार्यक्रम के तहत गुणवत्ता पूर्ण बीज उत्पादन की क्षमता बढाई जा रही है। डॉ० राय ने बताया कि इस अत्याधुनिक बीज प्रसंस्करण संयंत्र की प्रसंस्करण क्षमता 40 क्विंटल / प्रतिघंटा है।डॉ० मयंक राय, अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रा०प्र०के०कृ०वि०, पूसा ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय द्वारा बीज विज्ञान में उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं तकनीकी प्रगति पर ध्यानाकर्षण कराया। वहीं डॉ० पी०पी० सिंह, अधिष्ठाता, तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढ़ोली ने अपने संबोधन में इस संयंत्र के तकनीकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला।मौके पर पर बीज निदेशालय के डॉ० राजेश कुमार, डॉ० राजीव कुमार श्रीवास्तव, डॉ० विनय कुमार चौधरी, डॉ० हेम चन्द्र चौधरी, डॉ० श्रुति कुमारी, मो० महफुज आलम, मनीष कुमार, नेवा लाल राम, विजय कुमार झा, मनोज कुमार, सीता राम कापर, पूजा कुमारी, दिपांशु कुमार, राहुल कुमार, यमन कुमार, नित्यानंद निराला, आदि उपस्थित रहे। समारोह का संचालन डॉ० राजीव कुमार श्रीवास्तव, एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ० राजेश कुमार ने किया।

## जनता दरबार में जिलाधिकारी ने आमजनों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा ने सोमवार को समाहरणालय स्थित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। जनता दरबार में भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, सड़क, आवास, अतिक्रमण, पुलिस, आपूर्ति सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को



जनता दरबार में सुनवाई करते डीएम।

मामलों का त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी अधिकारी संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। जनता दरबार के दौरान कई मामलों में संबंधित पदाधिकारियों से तत्काल दूरभाष पर संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया, जबकि शेष मामलों को नियमानुसार शीघ्र निष्पादित करने हेतु संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया।

इस अवसर पर संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की कार्रवाई प्रारंभ की गई।

## सावन की पहली सोमवारी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

### सतर्क व चौकस निगहबानी में 20हजार से अधिक



मंदिर परिसर में जन सैलाब का नजारा।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** सावन की पहली सोमवारी पर प्रसिद्ध विद्यापतिधाम शिव मंदिर में आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ा दिखा। अनुमानतः 20 हजार से अधिक शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख, समृद्धि एवं परिवार की मंगलकामना की। देर रात करीब दो बजे से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था, जो पूरे दिन और देर शाम तक जारी रहा। मंदिर परिसर, आसपास की सड़कें और पूरा क्षेत्र "हर-हर महादेव" तथा "बोल बम" के जयघोष से गुंजायमान रहा। श्रद्धालु झमटिया, चमथा, पतासिया और काष्ठहरा गंगा घाटों से पवित्र गंगाजल लेकर पैदल विद्यापतिधाम पहुंचे। मंदिर का पट खुलते ही लंबी कतारों में खड़े श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के साथ माता पार्वती, महाकवि विद्यापति एवं अन्य देवी-देवताओं के मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की। धूप, दीप, अगरबत्ती और कपूर से आरती कर श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। जलाभिषेक के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु खुदनेश्वर स्थान एवं थानेश्वर स्थान के लिए भी रवाना हुए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला एवं पुरुषों की अलग-अलग कतारें बनाई गई थीं। भीड़ बढ़ने पर कतारें कई बार प्रभावित हुईं, लेकिन तैनात पुलिस बल एवं वोलेंटियर ने स्थिति को नियंत्रित रखा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। अंचलाधिकारी कुमार हर्ष, थानाध्यक्ष सूरज कुमार, दंडाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में लगातार निगरानी करते रहे। भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए मंदिर की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई थी। मलकलीपुर, बजरंगी चौक तिनमुहानी तथा स्टेशन के पूर्व से वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रखा गया, जिससे श्रद्धालु पैदल मंदिर पहुंचे और व्यवस्था सुचारु बनी रही। जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं ने मीना बाजार और मेले में खरीदारी का भी आनंद लिया, जिससे पूरे दिन मेला क्षेत्र गुलजार रहा। शाम होते ही सोमवार का व्रत रखने वाली महिलाओं और युवतियों की भारी भीड़ मंदिर पहुंची। हाथों में पूजा की डलिया, फूल, बेलपत्र और दीप लेकर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की। संध्या बेला में हुए भोलेनाथ के भव्य श्रृंगार एवं विशेष आरती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही।


## सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, विधान पार्षद ने रुद्राभिषेक कर की विश्व शांति कामना

### पूरा माहौल हुआ शिवमय, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे मंदिर



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** सावन माह की पहली सोमवारी पर जिले के सभी प्रमुख शिवालयों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अहले सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव के जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। दिनभर शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरा वातावरण "हर-हर महादेव" एवं "बोल बम" के जयघोष से शिवमय बना रहा।इस क्रम में श्रद्धालुओं ने गंगा एवं विभिन्न नदियों से लाए गए पवित्र जल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा, भांग, पुष्प एवं फल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया। मंदिरों में विशेष पूजा, रुद्रपाठ, महामृत्युंजय मंत्र जाप और शिव चालीसा का पाठ भी आयोजित किया गया। इस क्रम में विधान पार्षद डॉ. तरुणकुमार ने रुद्राभिषेक कर देश के समृद्धि और विश्व शांति की दुआ मांगी। पुजारियों ने श्रद्धालुओं को विधि-विधान से पूजा कराई। इस दौरान महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। कई श्रद्धालु व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना में लीन रहे। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सावन की सोमवारी पर सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि का वास होता है। ़द्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसरों एवं आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस एवं प्रशासन की टीम सुबह से ही विभिन्न शिवालयों में तैनात रही। स्वयंसेवकों ने भी श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से दर्शन कराने तथा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया। कई स्थानों पर पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई। शिवालयों के आसपास मेले जैसा माहौल देखने को मिला। पूजा सामग्री, फूल-माला, बेलपत्र, प्रसाद और खिलौनों की दुकानों पर दिनभर अच्छी भीड़ रही। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार सावन की पहली सोमवारी पर कारोबार में भी अच्छी बढ़ोतरी हुई। धार्मिक मान्यता के अनुसार सावन का महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है और इस महीने की प्रत्येक सोमवारी का विशेष महत्व होता है। इसी कारण पहली सोमवारी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और देश-दुनिया में सुख-शांति की कामना की। दिनभर जिले के शिवालय भक्तों की आस्था, भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहे तथा पूरा माहौल शिवमय बना रहा।

## ताजपुर दक्षिणी मंडल की मासिक बैठक में दिए गए कई निर्देश



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी ताजपुर दक्षिणी मंडल के अंतर्गत पंचायत फतेहपुरवाला स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में मंडल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह कुशवाहा ने तथा संचालन मंडल उपाध्यक्ष संगीता देवी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मोरवा विधानसभा संगठन बैठक प्रभारी नरेंद्र कुमार चौधरी, जिला प्रवक्ता सह मंडल प्रभारी डॉ. ज्ञान शंकर कौशल, ताजपुर पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुशील चौबे, सहित मुख्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन ही हमारी शक्ति है और इसी से सबका कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि "मन की बात" कार्यक्रम को हर बूथ पर सामूहिक रूप से सुनें और सरल ऐप पर फोटो अपलोड करें। संगठन में अनुशासन और सक्रियता ही हमारी पहचान है। अध्यक्ष ही संगठन की रीढ़ होते हैं। इस दौरान कार्यकताओं ने सभी निदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और बूथ स्तर पर कार्य को और तेज करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित रहे पंचायत प्रभारी अजय कुमार सिन्हा, मुकेश पासवान, पंचायत अध्यक्ष रणधीर पासवान, अरुण कुमार, सुजीत कुमार, मदन पंडित, मेहरचंद पंडित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोको पायलटों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सेफ्टी सेमिनार आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** लोको पायलट रेल परिचालन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सुरक्षित और निर्बाध रेल परिचालन में लोको पायलटों की भूमिका सबसे अहम है। ट्रेन संचालन के दौरान उन्हें हर परिस्थिति में सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए समस्तीपुर रेल मंडल की ओर से लोको पायलटों को सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करने के लिए समस्तीपुर जंक्शन परिसर में सेफ्टी सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने कहा कि ड्यूटी के दौरान उन्हें तकनीकी जिम्मेदारियों के साथ-साथ मानसिक और सामाजिक दबाव का भी




संबोधित करते डीआरएम।

सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी सजगता के साथ ट्रेन का परिचालन करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि रेलकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के लिए रेलवे की ओर से विभिन्न सुविधाएं दी जा रही हैं। डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा ने लोको पायलटों से परिचालन के दौरान निर्धारित सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने, किसी भी असामान्य परिस्थिति में तत्काल उचित कार्रवाई करने और आपसी समन्वय बनाए रखने की अपील की। सेमिनार में लोको पायलटों की समस्याओं और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा ने समस्तीपुर जंक्शन का निरीक्षण भी किया। उन्होंने स्टेशन स्थित भोजनालय पहुंचकर खाद्य सामग्री और खान-पान की व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा प्लेटफार्म और विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को भी देखा। रेल मंडल की ओर से लोको पायलटों की काउंसलिंग और सुरक्षा जागरूकता को लेकर दरभंगा, नरकटियागंज और सहरसा समेत मंडल के अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी सेफ्टी सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में लोको पायलटों के साथ सुरक्षा संबंधी विषयों पर चर्चा कर परिचालन को और सुरक्षित बनाने के उपायों पर मंथन किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक विजय प्रकाश, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (परिचालन) संजय कुमार, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार सहित मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं संबंधित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सावन के प्रथम सोमवारी में शिव भक्ति का उमड़ा जन सैलाब. हर हर महादेव की जय घोष से गुज उठा वातावरण

**बिस्फी(एनएसबी)।** भगवान शिव को समर्पित पवित्र सावन माह की प्रथम सोमवारी को श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया. प्रखंड के प्रमुख भैरवा उगना महादेव शिवालय में सुबह से श्रद्धालुओं की लंबी कतारे देखने को मिली. शिवालय परिसर पूरे दिन हर हर महादेव, बोल बम के जय घोष से गुजता रहा. श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक व पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि, आरोग्य और मंगलमय जीवन की कामना की. कई श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त में ही शिवालय पहुंचे कर जलाभिषेक किया. जबकि दिनभर और शाम की आरती तक पूजा अर्चना का सिलसिला लगातार चलता रहा. शिवालय परिसर में विशेष पूजा, भजन, कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया. सावन के प्रथम सोमवारी को शिवभक्त में डुबे श्रद्धालुओं के उत्साह से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सरोवार नजर आया. वही मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुशील कुमार सुमन, ग्रामीण एसपी शिवम धाकड़, एडीएम मुकेश रंजन झा, एसडीओ शारंग पाणि पांडेय, एसडीपीओ अमित कुमार, डीसीएलआर प्रशांत कुमार, बीडीओ बसंत कुमार सिंह, महेश पंडित, कार्यपालक पदाधिकारी गौतम आनंद, सीओ संतोष कुमार सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार ने शांतिपूर्ण जलाभिषेक कराने को लेकर पूरी तरह सक्रिय दिखे. भीर को नियंत्रित करने के लिए सात गेट, 3 मेटल डिटेक्टर लगाए गए थे. विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर तीन नियंत्रण कक्ष और 6 जगह पर वॉच टावर के साथ प्रशासनिक चौक चौबंद व्यवस्था की गई थी. इस मौके पर बीपीआरओ शेखर कुमार,एमओ कौशल कुमार मंडल, वीएओ कौशल कुमार सिंह, राजस्व पदाधिकारी सविता कुमारी, डॉ अब्दुल बासित, थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार, अनुराग कुमार, आदित्य कुमार भगत सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे.



### सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं जनसमस्याएँ, समयबद्ध निष्पादन के दिए निर्देश

**मधुबनी,(एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के अंतर्गत आयोजित "सबका सम्मानझजीवन आसान" कार्यक्रम में आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु एक सुलभ एवं प्रभावी मंच उपलब्ध कराना तथा प्रशासन और जनता के बीच संवाद को और अधिक सशक्त बनाना है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने भूमि विवाद, अतिक्रमण, नल-जल योजना, बासगीत पर्चा, ग्राम रक्षा दल प्रशिक्षण सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। राजनगर प्रखंड के गोसाई टोल निवासी रंजीत यादव ने निजी भूमि पर अतिक्रमण एवं रास्ता अवरुद्ध किए जाने की शिकायत की। बेनीपट्टी प्रखंड के पाली निवासी नजमून निशा ने नल-जल योजना के भूमि दाता के छोटे पुत्र शेख मोहम्मद मोती आलम को अनुरक्षक के रूप में प्राथमिकता देने का अनुरोध किया। वहीं, घोघरडीहा निवासी छेदी कामत ने बासगीत पर्चा की भूमि एवं उस पर बने आवास पर अवैध कब्जे की शिकायत की। भेजा थाना क्षेत्र के दीपक कुमार मंडल ने भूमि विवाद को लेकर जान से मारने की धमकी मिलने की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने आगामी 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किए जाने हेतु आवेदन सौंपा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भी अपने-अपने कार्यालय कक्षों में उपस्थित रहे और आमजनों से प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" का आयोजन किया जाता है। यह पूरी तरह ऑनलाइन व्यवस्था है, जिसके माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निर्धारित अवधि में निष्पादन किया जाता है'



### नरपतिनगर में जनसंवाद, विकास कार्यों पर विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

**मधुबनी(एनएसबी)।** पंडौल प्रखंड के नरपतिनगर स्थित श्री श्री 108 मनोकामना बजरंग बली मंदिर परिसर में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ने स्थानीय नागरिकों, मातृशक्ति एवं युवाओं के साथ आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और विकास संबंधी अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना।जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित विभिन्न जनसुविधाओं एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दे उठाए। वक्ता ने कहा कि जनता के प्रत्येक सुझाव और विचार उनके लिए अमूल्य हैं तथा यही जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर जैसी पावन भूमि पर समाज के बीच बैठकर संवाद करने से यह विश्वास और सुदृढ़ होता है कि विकास का सबसे प्रभावी मार्ग जनता की सहभागिता, आपसी विश्वास और निरंतर संवाद से होकर गुजरता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के समग्र विकास एवं जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे।कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उपस्थित लोगों के स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा का उनका संकल्प आगे भी पूरी निष्ठा के साथ जारी रहेगा।



### नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही 270 लीटर नेपाली शराब बरामद,

**जयनगर (एनएसबी)।** भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 48वीं वाहिनी एसएसबी की सीमा चौकी उशराही की नाका पार्टी ने रविवार की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए 270 लीटर नेपाली शराब बरामद की। इस दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे और बारिश का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए। बरामद शराब एवं अन्य सामान को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए देवधा थाना पुलिस को सुपुर्द किया जा रहा है।गिरफ्तार तस्कर कि पहचान देवधा थाना क्षेत्र के उसराही निवासी योगी सहनी के 24 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार सहनी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2 अगस्त 2026 की रात करीब 8:05 बजे सीमा चौकी उशराही की नाका पार्टी नियमित गश्ती एवं नाका ड्यूटी के लिए कैंप से रवाना हुई। सीमा स्तंभ संख्या 271/4 से लगभग एक किलोमीटर भारतीय क्षेत्र में कमला नहर के समीप अखौना गांव के पास जवानों ने नाका लगाया था। रात करीब 10 बजे नेपाल की ओर से एक व्यक्ति सिर पर बोरी रखकर भारतीय सीमा में प्रवेश करता दिखाई दिया। जवानों ने तत्काल उसे चारों ओर से घेरकर पकड़ लिया।इसी दौरान जवानों को कुछ सामान गिरने की आवाज सुनाई दी। टॉर्च की रोशनी में देखा गया कि दो अन्य व्यक्ति खेतों की ओर भाग रहे हैं। जवानों ने उनका पीछा किया, लेकिन तेज बारिश, अंधेरा और खेतों का फायदा उठाकर दोनों तस्कर अखौना गांव की दिशा में फरार होने में सफल रहे। इसके बाद एसएसबी ने पूरे इलाके की सघन तलाशी ली। तलाशी के दौरान पकड़े गए स्थान से करीब 50 मीटर की दूरी पर बोरियों से लदी एक मोटरसाइकिल तथा लगभग 80 मीटर की दूरी पर दूसरी बोरियों से लदी मोटरसाइकिल लावारिस अवस्था में मिली। दोनों मोटरसाइकिलों और बोरियों की तलाशी लेने पर उनमें कुल 270 लीटर नेपाली 'सोफी' शराब बरामद हुई।

# राष्ट्रव्यापी 'संडे प्रोग्राम' का शुभारंभ, देशभर के युवाओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ

**मधुबनी(एनएसबी)।** मधुबनी के डीआरडीए सभागार में जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ह्यनशा मुक्त भारतह्न के संकल्प को साकार करने की दिशा में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माय भारत द्वारा संचालित ह्यनशा मुक्त युवा से विकसित भारतझसंकल्प अभियान 2026ह्न का आज राष्ट्रव्यापी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के लगभग 10,000 स्थानों से जुड़े 1 करोड़ से अधिक युवाओं को संबोधित किया तथा उन्हें नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर विकसित भारत-2047 के निर्माण में अपनी ऊर्जा एवं



क्षमता का सकारात्मक उपयोग करने का आह्वान किया। वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया। इसी के साथ आगामी 100 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाले राष्ट्रव्यापी ह्यसंडे प्रोग्रामह्न का औपचारिक शुभारंभ भी किया गया। देशभर के एक करोड़ से अधिक युवाओं ने डिजिटल एवं मैदानी कार्यक्रमों के माध्यम से ह्यनशा मुक्ति संकल्पह्न लिया तथा स्वयं को ह्यनशा मुक्ति युवा स्वयंसेवकह्न के रूप में समाज सेवा हेतु समर्पित किया।इसी क्रम में मधुबनी के डीआरडीए सभागार में जिला प्रशासन, मधुबनी एवं माय भारत मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि नशीले पदार्थों एवं शराब का सेवन व्यक्ति, परिवार एवं समाज के लिए अत्यंत घातक है। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का आह्वान किया। अपने संबोधन के उपरांत उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई।

जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि आगामी सप्ताहों में पूरे मधुबनी जिले में नशामुक्ति को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, युवा क्लबों एवं स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मधुबनी जिला विभिन्न सामाजिक अभियानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहा है और विश्वास व्यक्त किया कि यह अभियान भी जनभागीदारी के माध्यम से सफल बनाया जाएगा।

विधायक श्री माधव आनंद ने युवाओं के सर्वांगीण विकास में नशामुक्त जीवनशैली की महत्ता पर बल देते हुए उन्हें इस अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री योगेंद्र प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) श्री चंदन कुमार झा, जिला युवा पदाधिकारी श्री अमरेन्द्र कुमार अमर, सहायक निदेशक श्री नितेश कुमार पाठक सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, ट ईं१३ एवं एनएसएस के स्वयंसेवक, युवा क्लबों के सदस्य, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 50,150/- रू0 नकली भारतीय मुद्रा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



गिरफ्तार अभियुक्त

**मधुबनी(एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया है कि मधुबनी पुलिस (बासोपट्टी थाना), एस०एस०बी० एवं बिहार एस०टी०एफ०, पटना की संयुक्त टीम द्वारा नकली मुद्रा के प्रासरण, प्रचलन के विरूद्ध संयुक्त कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार भरत महासेठ, सा०-दुहबी बाजार, थाना-बासोपट्टी एवं उनकी धर्मपत्नी हीरा महासेठ उर्फ "चाची" तथा अपने रिश्तेदार शिव कुमार राउत उर्फ "मेहमान" के साथ मिलकर भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में स्थित अपनी किराना दुकान में भारतीय मुद्रा के संदिग्ध नकली नोट के संग्रहण एवं प्रसार कर रहा है। प्राप्त सूचना व पदाधिकारी को सूचित करते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू संयुक्त छापेमारी टीम का गठन कर उक्त स्थल पर पहुँचकर देखा गया कि एक व्यक्ति दुकान के सामने एक थैला लेकर बैठा हुआ एवं दूसरा व्यक्ति उक्त दुकान का ताला बंद कर रहा है। पुलिस को देखते ही दोनों व्यक्ति भागने का प्रयास कियें लेकिन पुलिस द्वारा पूर्व से की गई घेराबंदी के कारण दोनों में से कोई भी व्यक्ति भाग नहीं सके और दुकान के पास हीं पुलिस द्वारा दोनों को अपने हिरासत में लिया गया। तपश्चात दोनों व्यक्तियों का नाम,पता पुछने पर उसने अपना नाम 01. भरत महासेठ एवं 02. शिव कुमार राउत उर्फ "मेहमान बताया। दोनों का विधिवत तलाशी के क्रम में भरत महासेठ के पास रखे हुए नीले-सफेद रंग के थैले के अंदर से भारतीय मुद्रा के 500 रू0 का कुल 57 पीस जाली नोट, 200 रू0 का कुल 33 पीस जाली नोट, 100 रू0 का कुल-110 पीस जाली नोट एवं 50 रू0 का कुल 81 पीस जाली नोट अर्थात कुल-50, 150/- रूपया जाली नोट बरामद हुआ। बरामद सभी प्रदर्श का विधिवत जप्ती सूचि तैयार कर दोनो अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं इस घटना के संदर्भ में बासोपट्टी थाना कांड सं0-268/26 दिनांक-02.08.2026 को सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### फॉरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत, चिता से निकाली गई लाश

**लदनियां(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के मनहरवा गांव में शनिवार की देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पुलिस ने बधार में नदी किनारे जल रही एक चिता से युवती की अधजली लाश बरामद की। मृतका की पहचान मनहरवा गांव निवासी रामशोभित सिंह की अविवाहित पुत्री के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की देर रात कुछ लोग नदी के किनारे शव का दाह-संस्कार कर रहे थे। इसी बीच किसी ग्रामीण ने दूरभाष के माध्यम से पुलिस को घटना की सूचना दे दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मुकुल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही लोग भागने लगे।पुलिस की आने की भनक लगते ही दाह-संस्कार में शामिल लोग मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने जलती चिता से शव को बाहर निकाला। तब तक शव आधा से ज्यादा जल चुका था, हालांकि शरीर का मध्य भाग सुरक्षित बचा हुआ था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मधुबनी से एफएसएल की फॉरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। टीम ने मौके से कई साक्ष्य जुटाए हैं। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मधुबनी भेज दिया ।

## पहले सोमवार पर मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय

**बिस्फी, (एनएसबी)।** सावन माह की पहली सोमवारी पर प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रखंड के प्रसिद्ध उगना महादेव शिवालय, भैरवा में अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। पूरे मंदिर परिसर में "बोल बम" और "हर-हर महादेव" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।श्रद्धालुओं ने बलहा घाट नदी में स्नान कर पवित्र जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। "बाबा नगरिया दूर है, जाना जरूर है" और "बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है" जैसे जयघोषों के बीच श्रद्धालुओं ने जल, बेलपत्र, फूल, अक्षत एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। जलाभिषेक करने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचने का सिलसिला दिनभर जारी रहा।श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को लेकर प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था की थी। एसडीएम सारंग पाणी पांडेय, डीएसपी अमित कुमार, बीडीओ बसंत कुमार सिंह, सीओ संतोष सिंह तथा शिवालय समिति के अध्यक्ष सुशील यादव लगातार व्यवस्था का जायजा लेते रहे। मंदिर परिसर में वॉच टावर, बैरिकेडिंग, मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरे, वीडियोग्राफी तथा नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती रही। मौके पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवम धाकड़, बेनीपट्टी अनुमंडल पदाधिकारी शारण पानि पांडेय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार,बीपीआरओ शेखर कुमार, बिस्फी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, पतौना थानाध्यक्ष अनुराग कुमार, औंसी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार भगत सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



## सोशल मीडिया पर हंथियार के साथ रील्स बनाकर प्रसारित करने वाले एक अभियुक्त को एक अवैध देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार

**मधुबनी(एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि 1 अगस्त को जिले में स्थापित सोशल मीडिया सेल के माध्यम से थानाध्यक्ष, बासोपट्टी थाना को एक विडियो प्राप्त हुआ जिसमे एक युवक द्वारा अपने हाथ मे एक अवैध हथियार लिए हुए विडियो बना कर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड किया गया था। थानाध्यक्ष द्वारा त्वरीत कार्रवाई कर वीडियो को स्थानीय चौकीदार से सत्यापन कराने पर पाया गया कि उक्त वीडियो सचीन कुमार, पे०-प्रबोध मंडल, सा०-घोरबंकी, थाना-बासोपट्टी के द्वारा बनाया गया है। प्राप्त सूचना वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार आवश्यक कारवाई हेतू सचीन कुमार के घर पहुँच कर उसके घर का विधिवत छापामारी करने 01 व्यक्ति पुलिस को देखते ही अपने हॉथ मे कुछ संदिग्ध वस्तु लेकर भागने लगा परन्तु पुलिस बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया तथा उसका नाम, पता पूछने पर अपना नाम सचिन कुमार, पे०-प्रबोध मंडल बताया। पुलिस द्वारा उसके शरीर के विधिवत तलाशी के क्रम में सचिन कुमार के दाहिने हाथ मे लिये हुए 01 अवैध देशी कट्टा तथा अनलोड करने पर 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। बरामद देशी कट्टा एवं जिन्दा कारतूस संबंधी अनुज्ञप्ती का मॉग करने पर अभियुक्त द्वारा कोई भी कागजात प्रस्तुत नही किया गया। विशेष पुछ-ताछ के क्रम अभियुक्त द्वारा बताया गया कि यह देशी कट्टा नेपाल से लेकर आया हूँ एवं इसी कट्टा के साथ रील बनाकर अपने इंस्टाग्राम पर अपलोड किया हुँ तथा उसी देशी कट्टा को दिखा कर लोगो में दहशत फैलाता हूँ। तपश्चात बरामद सभी प्रदर्श का जप्ती सूची बनाकर जप्त करते हुए सचिन कुमार को उसके द्वारा किये गये अपराध" बिना अनुज्ञप्ति के अवैध अग्नेयास्त्र रखना, उपयोग करना, क्रय-विक्रय करना एवं सोशल मीडिया पर प्रसारीत करना एक संज्ञेय अपराध है" का बोध कराते हुए उसे विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं इस घटना के संदर्भ में बासोपट्टी थाना कांड सं0-267/26 दिनांक-02.08.2026 को सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



## महिला महाविद्यालय में नगर विधायक माधव आनंद का भव्य अभिनंदन, चार माह में 11 कमरों की छत ढलाई का दिया भरोसा

**मधुबनी(एनएसबी)।** जेएमडीपीएल महिला महाविद्यालय, मधुबनी में सोमवार को प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) सत्येन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में नगर विधायक माधव आनंद के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) सत्येन्द्र प्रसाद सिंह ने विधायक माधव आनंद को मिथिला की सांस्कृतिक पहचान मिथिला पाग, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करते हुए किया। इस अवसर पर सीनेट एवं सिंडिकेट सदस्य डॉ. अमर कुमार ने कहा कि विधायक माधव आनंद से उनका वर्षों पुराना आत्मीय संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि श्री आनंद केवल जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में जननेता हैं, जो जनता और शैक्षणिक संस्थानों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहते हैं।अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) सत्येन्द्र प्रसाद सिंह ने महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को विधायक के समक्ष रखते हुए कहा कि जेएमडीपीएल महिला महाविद्यालय मधुबनी जिले का एकमात्र महिला महाविद्यालय है। सरकार महिला सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, लेकिन यह महाविद्यालय आज भी अनेक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।उन्होंने बताया कि दरभंगा प्रमंडल के अधिकांश महिला महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर तक शिक्षा की व्यवस्था उपलब्ध है, जबकि इस महाविद्यालय में केवल स्नातक स्तर तक ही पढ़ाई होती है। वर्तमान समय व्यावसायिक एवं कौशल आधारित शिक्षा का है, लेकिन यहां की छात्राएं इन पाठ्यक्रमों का लाभ नहीं ले पा रही हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की सबसे बड़ी समस्या आधारभूत संरचना का अभाव है और विधायक से इसके समाधान के लिए ठोस पहल करने का आग्रह किया।अपने संबोधन में नगर विधायक माधव आनंद ने कहा कि महाविद्यालय परिवार द्वारा दिए गए सम्मान और आत्मीय स्वागत से वे अभिभूत हैं। उन्होंने कहा, "मैं जो कहता हूं, उसे करके दिखाता हूं।" उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपने कार्यकाल में मधुबनी के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगे तथा महाविद्यालय की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने में कोई कमी नहीं रहने देंगे। उन्होंने घोषणा की कि महाविद्यालय के उत्तर खंड के 11 कमरों की छत की ढलाई का कार्य अगले चार माह के भीतर पूरा कराया जाएगा।समारोह में डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. सुभद्र झा, डॉ. अन्नपूर्णा कुमारी, डॉ. निभा झा, डॉ. निवेदिता कुमारी, डॉ. पूजा कुमारी, डॉ. सुमन, डॉ. राखी, डॉ. ममता, डॉ. सोनी, डॉ. शिव कुमार पासवान, डॉ. आलम, डॉ. माला, डॉ. मनीषकांत, डॉ. रिंकी, डॉ. पिंकी, डॉ. अरुण कुमार मंडल, श्रीमती किरण सिन्हा, श्री विकास कुमार, श्री अशोक कुमार झा, श्री अंकित कुमार सहित महाविद्यालय की बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का समापन डॉ. पुष्पलता झा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## सावन की पहली सोमवारी पर बाबा गरीबनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, पहलेजा घाट से जलबोझी कर बाबा नगरी पहुँचे काँवरिया

# डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया बाबा का जलाभिषेक

### मंदिर परिसर से लेकर काँवरिया मार्ग तक रही सुरक्षा की व्यवस्था, सीसीटीवी से मेला क्षेत्र की स्थिति की होती रही निगरानी



अर्घा के माध्यम से कतारबद्ध हो बाबा गरीबनाथ का जलाभिषेक करते काँवरिया।



मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की लगी भीड़।



मंदिर परिसर में भीड़ एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम और एसएसपी।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** रविवार की शाम बाबा गरीबनाथ धाम मुजफ्फरपुर में श्रावणी मेला 2026 के उद्घाटन के साथ ही सावन की पहली सोमवारी पर बाबा गरीबनाथ धाम में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। रविवार देर रात मंदिर के पट खुलते ही बाबा गरीबनाथ के जलाभिषेक के लिए पहलेजा घाट से जलबोझी कर बाबा की नगरी में पहुँचे काँवरिया शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

मंदिर में काँवरियो की भीड़ को देखते हुए रात 10 बजे से ही अर्घा के माध्यम से जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। वही सोमवार की तड़के मंदिर के बाहर काँवरिया शिवभक्तों और स्थानीय श्रद्धालुओं की जलाभिषेक के लिए लंबी कतारें पहुंच गई। पहली सोमवारी पर रात 10 बजे से लेकर सोमवार की दोपहर पट बंद होने तक डे लाख से अधिक श्रद्धांलुओं ने बाबा गरीबनाथ का जलाभिषेक कर उनकी पूजा अर्चना की। वही पहली सोमवार को दिनभर मंदिर परिसर बाबा गरीबनाथ के जयघोष, बोलबम और हर हर महादेव क्रे जयघोष से गुंजायमान रहा। सामान्य काँवरियो का पहला जत्था रविवार की दोपहर ही नगर में पहुंच गया था और ठहराव स्थल पर जगह ले लिया था। जबकि डाक बम काँवरियो का पहला जत्था रात लगभग साढ़े दस बजे जलाभिषेक के लिए लाइन में मंदिर की ओर बढ़ने लगा था। रात बीतने के साथ ही सामान्य काँवरियो की संख्या भी बढ़ती गई और देर रात तक श्रद्धांलुओं की कतार लगभग तीन किलोमीटर लंबी हो चुकी थी। जबकि सोमवार की सुबह तक कतार की लंबाई 5 किलोमीटर तक फैल गई थी। उधर, पहली सोमवारी पर मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धांलुओं की संभावित भीड़ के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

काँवरिया मार्ग में पदयात्री शिवभकों की सेवा सहायता के लिए सरकारी स्तर पर जगह जगह सेवा शिविर के साथ पेयजल, शौचालय, बिजली, चिकित्सा सेवा आदि का इंतजाम किया गया था। वही विभिन्न संगठनों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी दर्जमो काँवरिया सेवा शिविर लगाया गया था। जलाभिषेक के लिए नगर में आने वाले काँवरियों व श्रद्धांलुओं को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने को संकल्पित मुजफ्फरपुर जिलाधिकारी कुमार गौरव एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा प्रशासन के अन्य अधिकारीयों तथा दलबल के साथ बाबा गरीबनाथ मंदिर परिसर से लेकर काँवरिया मार्ग रामदयालु नगर (मेलाक्षेत्र) तक भ्रमणशील रहते हुए हर सुविधा और सुरक्षा का देर रात तक जायजा लेते रहे।

श्रावणी मेला को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए थे। मंदिर परिसर, आसपास के क्षेत्रों तथा काँवरिया मार्ग में तुर्की तक सुरक्षा को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं, लगभग पांच हजार सेवा दल के स्वयंसेवक श्रद्धालुओं को कतारबद्ध दर्शन, जलाभिषेक और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में लगाया गया था।

इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर और प्रमुख मार्गो पर प्रशासनिक अधिकारी द्वारा सीसीटीवी कैमरों, बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम और लाउडस्पीकर के माध्यम से श्रद्धालुओं की आवाजाही तथा मेला क्षेत्र की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी, जिससे पूरे दिन व्यवस्था सुचारु बनी रही। वही श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रद्धालुओं ने बाबा गरीबनाथ का दर्शन कर जलाभिषेक किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली तथा मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। पहली सोमवारी पर उमड़ी भारी भीड़ के बावजूद प्रशासन और सेवा दल के समन्वित प्रयासों से दर्शन और जलाभिषेक की व्यवस्था शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जिससे श्रद्धालुओं ने संतोष व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सिकंदरपुर सीढ़ी घाट से निकली शाही पालकी यात्रा, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा शहर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सावन माह के पहली सोमवारी की पूर्व संध्या में बाबा गरीबनाथ की नगरी तब शिवमय हो गया, जब रविवार को महाकाल सेवा दल के तत्वावधान में सिकंदरपुर सीढ़ी घाट से उज्जैन की तर्ज पर भव्य शाही पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा में शामिल सैंकड़ो की संख्या में शिवभक्त द्वारा जब



सजे धजे पालकी में नगर भ्रमण पर निकले भगवान चंद्रमौलेश्वर स्वरूप महाकाल बाबा।

हर-हर महादेव और बोल बम का जयघोष किया गया तो पालकी यात्रा देखने को सड़क पर निकले श्रद्धालू शिव भक्ति में लीन हो गए। इस शाही पालकी यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री डॉ दिलीप जयसवाल भी शामिल हुए और पालकी यात्रा को देखकर गदगद हो गए। इस मौके पट मंत्री डॉ जयसवाल ने कहा कि इस तरह की धार्मिक यात्राएं समाज में आस्था और एकता का संदेश देती हैं। इस शाही पालकी यात्रा का मुख्य आकर्षण उज्जैन से लाई गई भगवान चंद्रमौलेश्वर स्वरूप महाकाल की भव्य प्रतिमा रही। विविध प्रकार के फूलों से सजी पालकी में विराजमान बाबा महाकाल की प्रतिमा को देख श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। भक्तों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बाबा का स्वागत और दर्शन किया। शाही पालकी यात्रा में शामिल विभिन्न देवी-देवताओं की 51 झांकियां लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बनीं। शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण और अन्य देवताओं की झांकियों के साथ-साथ बैलगाड़ी की पारंपरिक झांकी भी यात्रा में शामिल की गयी थी। पालकी यात्रा सिकंदरपुर सीढ़ी घाट से शुरू होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए बाबा गरीबनाथ मंदिर के समीप पहुंचकर संपन्न हुई। इस आयोजन को लेकर जगह जगह प्रशासन द्वारा यात्रा मार्ग में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे मार्ग में सेवा दल के कार्यकताओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शरबत, पानी और प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। महाकाल सेवा दल के पदाधिकारियों ने कहा कि इस शाही पालकी यात्रा का उद्देश्य सावन में शिवभक्तों को एक साथ जोड़कर भक्ति का संदेश देना है।

### सावन के प्रथम सोमवार पर औराई के भैरवस्थान मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**औराई(एनएनबी)।** सावन महीने के प्रथम सोमवार को औराई प्रखंड स्थित ऐतिहासिक बाबा आनंद भैरव मंदिर, भैरवस्थान में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया और देर शाम तक जलाभिषेक का सिलसिला जारी रहा। मंदिर परिसर से लेकर आसपास



बाबा भैरवनाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब।

के मार्गों तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। अनुमानित रूप से यहां एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा बाबा आनंद भैरव ऋंङ्क्षल्ल जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की मंगलकामना की। श्रद्धालु कटौंझा स्थित बागमती (उत्तरायणी) नदी, विभिन्न पोखरों तथा अन्य पवित्र जलस्रोतों से जल लेकर मंदिर पहुंचे। जिले के विभिन्न प्रखंडों के अलावा नेपाल के तराई क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचे। मंदिर प्रशासन द्वारा महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतार तथा अर्घा की विशेष व्यवस्था की गई थी। वहीं औराई प्रखंड के अन्य प्रमुख शिवालयों सिद्धेश्वर नाथ मंदिर (बसुआ), रामपुर, सिमरी, जनार, बसंत, भदई, सरहचिया एवं शाही मीनापुर सहित विभिन्न गांवों के शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूरे दिन मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष गूंजते रहे। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बावजूद भी श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई और बारिश के बीच भी जलाभिषेक एवं दर्शन का सिलसिला लगातार जारी रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए औराई थाना अध्यक्ष सुनील कुमार स्वयं पुलिस बल के साथ पूरे दिन सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। स्वयंसेवकों ने भी भीड़ प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बाबा गरीबनाथ मंदिर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम पांच स्थानों पर हुई दमकल वाहनों की तैनाती

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** विश्वप्रसिद्ध बाबा गरीबनाथ मंदिर में श्रावणी मेले के दौरान आने वाले लाखों कांवरियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन और अग्निशमन विभाग पूरी तरह सतर्क है। 24 अगस्त 2026 तक चलने वाले मेले में किसी भी अग्निकांड या आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विस्तृत कार्य योजना लागू कर दी गई है। इसके तहत शहर के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर दमकल

**जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने सभी कर्मियों को वाटरप्रूफ जैकेट, निर्धारित यूनिफॉर्म तथा आवश्यक अग्निशमन उपकरणों के साथ पूरी सतर्कता से ड्यूटी करने का निर्देश दिया**

वाहनों और प्रशिक्षित अग्निशमन कर्मियों की तैनाती की गई है।

जारी आदेश के अनुसार जिला स्कूल परिसर में वाटर टेंडर (BR01GP-0386) के साथ सब ऑफिसर अखिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन दल तैनात रहेगा। रामदयालु सिँह कॉलेज में वाटर टेंडर (BR01GA-9505) के साथ सब ऑफिसर राजेश कुमार प्रधान और उनकी टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं द्वारकानाथ स्कूल में वाटर टेंडर (BR06GG-1165) के साथ सब ऑफिसर दीपक कुमार के नेतृत्व में अग्निशमन दल मुस्तैद रहेगा। इसके अलावा जिला नियंत्रण कक्ष में मिस्ट टेक्नो वाहन (BR06GB-6697) के साथ अग्निक निरंजन कुमार ठाकुर की तैनाती की गई है,



खबर से संबंधित प्रतीकात्मक फोटो।

जबकि तुर्की (कुढ़नी प्रखंड) में मिस्ट टेक्नो वाहन (BR06GD-7321) के साथ अग्निक अमूल्य आनंद एवं बिन्दु कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। ताकि शहर के साथ साथ आसपास के क्षेत्रों में भी किसी भी आपात स्थिति का तत्काल सामना किया जा सके। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने सभी तैनात कर्मियों को वाटरप्रूफ जैकेट, निर्धारित यूनिफॉर्म तथा आवश्यक अग्निशमन उपकरणों के साथ पूरी सतर्कता से ड्यूटी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मेले के दौरान आग लगने की किसी भी संभावित घटना से तुरंत निपटने के लिए आसपास के सरकारी एवं निजी हाइड्रेंटों की जांच कर उन्हें पूरी तरह सक्रिय रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ 24 घंटे मुस्तैद रहेंगे।

## श्रावणी मेले में डिजिटल पहल : 'नंदी से पूछें' फीचर से एक क्लिक में मिलेगी हर जानकारी, शिवभक्तों की यात्रा होगी आसान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** श्रावणी मेले में आने वाले लाखों शिवभक्तों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम ने तकनीक का अनूठा प्रयोग किया है। 'श्रावणी मेला एप' में एक विशेष वॉयस असिस्टेंट फीचर 'नंदी से पूछें' जोड़ा गया है, जिसके माध्यम से श्रद्धालु अपनी यात्रा से जुड़ी जानकारी महज कुछ ही क्षणों में प्राप्त कर सकेंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव तक भक्तों की प्रार्थना नंदी के माध्यम से पहुंचती है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए एप के होम स्क्रीन पर वॉयस माइक फीचर को 'नंदी से पूछें' नाम दिया गया है। पहलेजा घाट से लेकर बाबा गरीबनाथ धाम तक आने वाले श्रद्धालु माइक पर अपनी समस्या या सवाल बोलते ही एक सेकंड के भीतर स्क्रीन पर उसका उत्तर और आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस डिजिटल सुविधा के जरिए श्रद्धालुओं को बाबा गरीबनाथ धाम तक पहुंचने के सुरक्षित और सुगम मार्ग, नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, एंबुलेंस और कंट्रोल रूम की जानकारी, शौचालय, शुद्ध पेयजल और एटीएम की लोकेशन, कांवड़िया शिविर, विश्राम स्थल और पार्किंग की जानकारी तथा खोया-पाया सेवा जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यदि कोई श्रद्धालु भीड़ में अपने परिजन से बिछड़ जाता है, तो उसकी तस्वीर के साथ ऑनलाइन सूचना भी दर्ज कराई जा सकती है। जिला प्रशासन का मानना है कि यह डिजिटल पहल श्रावणी मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। आस्था और आधुनिक तकनीक के इस समन्वय से शिवभक्तों को बेहतर सुविधा मिलने के साथ-साथ मेले के संचालन में भी काफी सहूलियत होगी। श्रावणी मेले की चारों सोमवारी सहित पूरे मेले के दौरान यह सुविधा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध रहेगी। प्रशासन ने शिवभक्तों से अपील की है कि वे 'श्रावणी मेला एप' का उपयोग कर उपलब्ध डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाएं और अपनी यात्रा को सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाएं।

## पहली सोमवारी पर सहस्त्र कमल से सजे साहूपोखर महादेव

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** श्रावण माह के प्रथम सोमवारी पर साहूपोखर स्थित महादेव मंदिर में साहूपोखर महादेव का सहस्त्र कमल से मनमोहक महाश्रृंगार किया गया। पुजारी संजय झा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बाबा गरीबनाथ का षोडशोपचार पूजन के उपरांत दुध, दही, घी, मध, शक्कर से पंचामृत स्नान कराया। उसके बाद रंग-बिरंगे फूल-माला,अबीर-गुलाल और दीपों से महाश्रृंगार किया तदोपरांत धुप-दीप से आरती की गयी।

सनातन सेवार्थ बिहार के संयोजक प्रभात मालाकार ने बताया कि प्रत्येक सोमवारी को साहू पोखर महादेव का महाश्रृंगार किया जाता है, जिस क्रम मे पहली सोमवारी पर सहस्त्र कमल से बाबा का महाश्रृंगार कर आरती की गयी और भोलेनाथ से बिहार वासीयों और खासकर



मुजफ्फरपुर वासियों पर आशीर्वाद बना रहे, सुख,समृद्धि और खुशहाली बनी रहे इसकी कामना की गयी। उसके उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान लिंगाष्टकम बह्मा मुरारी सुराचित लिंगम,जेकर नाथ भोलेनाथ उ अनाथ कैसे, नमामी शमिशान रूपम रूद्राष्टकम और करना दयालु दुःख दूर से पूरा बाबा दरबार गुंजायमान हो उठा।

### भारत स्काउट-गाइड की राज्य परिषद के पदाधिकारियों का हुआ निर्विरोध निर्वाचन

## उदय शंकर प्रसाद सिंह बने सभापति

**पटना/मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य मुख्यालय पटना द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य परिषद के पदाधिकारियों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच एवं 03 अगस्त 2026 को नाम वापसी की अंतिम तिथि समाप्त होने के उपरांत सभी नामित अभ्यर्थियों को आगामी पाँच वर्षों के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। राज्य सचिव सह रिटर्निंग ऑफिसर श्रीनिवास कुमार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार उदय शंकर प्रसाद सिंह को राज्य परिषद का सभापति निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। इसी प्रकार उप सभापति पद पर रलेश्वरी शर्मा, चन्द्रभूषण कुमार, नागेन्द्र शर्मा, उमाकान्त चौधरी, हरेंद्र प्रसाद सिंह, संजय कुमार, सुमिति पाण्डेय, गर्गी गरिमा



राज्य परिषद के निर्विरोध निर्वाचित सभापति को बधाई देते मुख्य राज्य आयुक्त।

मारिया जोश, सुमन कुमारी, प्राची रंजन एवं रानी कुमारी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं मुख्य राज्य आयुक्त के पद पर रामकुमार सिंह को भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

राज्य सचिव सह रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि नाम वापसी की अंतिम तिथि तक किसी भी पद पर एक से अधिक वैध अभ्यर्थी नहीं रहने के कारण सभी अभ्यर्थियों को निर्वाचन नियमों के अनुरूप निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसकी सूचना भारत स्काउट एवं गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दी गई है। बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाइड परिवार ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में राज्य में स्काउटिंग एवं गाइडिंग गतिविधियों का और अधिक विस्तार होगा तथा युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को नई दिशा मिलेगी।

## 9 से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान का होगा आयोजन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिलाधिकारी कुमार गौरव ने समाहरणालय सभागार में सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने तथा अधिकतम जन-भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और जन सहभागिता का महाअभियान है, जिसे जन-आंदोलन के रूप में सफल बनाया जाना चाहिए।



हर घर तिरंगा अभियान को लेकर समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार 9 अगस्त से 17 अगस्त, 2026 तक 'हर घर तिरंगा' अभियान का आयोजन किया जाएगा। कला एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक परिवार तक राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित करना, अधिकाधिक घरों एवं संस्थानों में सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराना, जन भागीदारी को बढ़ावा देना, 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष का व्यापक आयोजन करना तथा फ्लैग कोड के नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना है।जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान जिले के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वंदे मातरम के 150वें वर्ष विषय पर क्विज प्रतियोगिता, चर्चा-परिचर्चा एवं राष्ट्रभक्ति आधारित गतिविधियों तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना और अधिक सुदृढ़ हो। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि पंचायत एवं वार्ड स्तर तक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज की खरीद जीविका दीदियों के माध्यम से की जाए, जिससे स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन मिले और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के विशेष प्रावधान के तहत प्रत्येक प्रखंड में

**कार्यक्रम में अधिकाधिक जन भागीदारी को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक**

लगभग 4,000 राष्ट्रीय ध्वजों की खरीद की जाएगी। इन ध्वजों का वितरण ग्राम पंचायतों, जीविका स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के माध्यम से किया जाएगा।

अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें तिरंगा वितरण एवं घर-घर संपर्क अभियान, तिरंगा यात्रा, बाइक एवं साइकिल रैली, वंदे मातरम का सामूहिक गायन, प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सरकारी भवनों की त्रिवर्णीय रोशनी तथा सेल्फी विद तिरंगा अभियान प्रमुख होंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने अभियान के सफल संचालन के लिए सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को समयबद्ध राष्ट्रीय ध्वज क्रय एवं वितरण सुनिश्चित करने, पंचायतवार वितरण योजना तैयार करने, प्रतिदिन अभियान की समीक्षा एवं अनुश्रवण करने तथा स्थानीय जन प्रतिनिधियों, जीविका, पैक्स, स्वयंसेवी संगठनों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, एनसीसी, एनएसएस, मेरा युवा भारत, खेल क्लबों एवं व्यापारिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त, 2026 को जिला स्तर पर समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी हर घर तिरंगा अभियान की नोडल पदाधिकारी तथा उप विकास आयुक्त वरीय नोडल पदाधिकारी रहेंगे एवं सभी हितधारकों के माध्यम से अभियान को सफल बनायेंगे। बैठक में संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, शिक्षा, आईसीडीएस, पंचायती राज एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार स्टेट ओलंपिक गेम्स-2026: सीतामढ़ी के चार एथलीट चयनित, जिले में खुशी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार स्टेट ओलंपिक गेम्स-2026 के लिए सीतामढ़ी जिले के चार प्रतिभाशाली एथलीटों का चयन होने पर जिले के खेल जगत में खुशी की लहर है। पहली बार आयोजित हो रहे इस राज्य स्तरीय आयोजन का आयोजन 5 से 12 सितंबर तक पटना और राजगीर में होगा। प्रतियोगिता की शुरूआत 16 अगस्त से राज्यव्यापी मशाल यात्रा के साथ होगी। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए बिहार टीम का चयन भी किया जाएगा। सीतामढ़ी से त्रिलोक कुमार का चयन पुरुष वर्ग की 5000 एवं 10000 मीटर दौड़, आशुतोष कुमार सिंह का ट्रिपल जंप, नूतन कुमार का महिला वर्ग की 5000 एवं 10000 मीटर दौड़ तथा आयुष कुमार का अंडर-20 वर्ग की 1500 एवं 3000 मीटर दौड़ के लिए हुआ है। चयन की खबर मिलते ही खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने खुशी जताते हुए सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं। सीतामढ़ी जिला एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएँ मिलने पर खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले और बिहार का नाम रोशन कर सकते हैं। इस उपलब्धि पर सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, सीतामढ़ी विधायक सुनील कुमार पिंटू तथा रीगा विधायक बैद्यनाथ प्रसाद ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने विश्वास जताया कि चयनित खिलाड़ी राज्य प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सीतामढ़ी और बिहार का नाम गौरवान्वित करेंगे।

### श्रावणी मेला मेंटेनेंस को लेकर 4 अगस्त को मुजफ्फरपुर के कई इलाकों में बिजली रहेगी बाधित

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** श्रावणी मेला-2026 के मद्देनजर विद्युत व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए 4 अगस्त (मंगलवार) को शहर के दो विद्युत शक्ति उपकेंद्रों में आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस दौरान निर्धारित समय तक संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

विद्युत विभाग के अनुसार, 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, सिटी पार्क में सुबह 8:00 बजे से 10:00 बजे तक शटडाउन रहेगा। इसके कारण सुतापट्टी, कोर्ट कैंपस, सदर अस्पताल, इस्लामपुर, बैंक रोड, योगिया मठ, जवाहरलाल रोड, तिलक मैदान रोड, टावर चौक सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, ऊर्जा नगर में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक मेंटेनेंस कार्य के लिए शटडाउन रहेगा। इस दौरान गन्नीपुर रोड, हनुमान नगर, बी.के. राय गली, अघोरिया बाजार चौक, जेनिथ पेट्रोल पंप, कलमबाग रोड, सतपुरा, नीम चौक, जकरिया कॉलोनी, मिल्की टोला, रामदयालु रोड, शेरपुर, कच्ची-पक्की रोड, आमगोला रोड, पंखा टोली, पड़ाव पोखर, शंकरपुरी सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य पहले से निपटा लें तथा मेंटेनेंस कार्य में सहयोग करें। विभाग ने बताया कि कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

### लोजपा नेता अभिराम कुमार ठाकुर के आकस्मिक निधन से शोक की लहर, नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के बन्दरा प्रखण्ड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य एवं लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के बंदरा प्रखंड अध्यक्ष अभिराम कुमार ठाकुर के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करते हुए नेताओं ने कहा कि अभिराम कुमार ठाकुर का निधन सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए समाज की सेवा की। नेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। अभिराम कुमार ठाकुर के निधन पर जिला जदयू उपाध्यक्ष मनोज झा, प्रखंड जदयू अध्यक्ष मनोज कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पांडेय, अशोक सिंह, श्याम किशोर, किसान नेता एवं सीनियर सिटीजन काउंसिल अध्यक्ष रघुनंदन प्रसाद सिंह उर्फ अमर बाबू, रंगीश ठाकुर, राजद नेता प्रभात किरण, जयप्रकाश यादव, सुनील राय, विनय यादव सहित विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के दर्जनों लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संदेश में सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उनके परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### मुजफ्फरपुर में सावन की पहली सोमवारी पर बाबा गरीबनाथ सेवा दल रामगढ़ परिवार द्वारा बाबा बफार्नी स्वरूप महादेव का भव्य एवं आकर्षक सजा दरबार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर बाबा गरीबनाथ सेवा दल रामगढ़ परिवार की ओर से सरैयागंज टावर पर बाबा बफार्नी स्वरूप महादेव का भव्य एवं आकर्षक दरबार सजाया गया। दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए देर शाम से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे क्षेत्र में ह्लहर-हर महादेवह्व और ह्लबोल बमह्व के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं संस्था के सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया।

महाआरती समाप्त होने के बाद आकर्षक आतिशबाजी की गई, जिसने पूरे सरैयागंज क्षेत्र को शिवमय माहौल में रंग दिया। रंग-बिरंगी रोशनी और जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने बाबा बफार्नी स्वरूप महादेव के दर्शन कर सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर पर बाबा गरीबनाथ सेवा दल रामगढ़ परिवार के अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि संस्था विगत कई वर्षों से सावन माह में कांवड़ियों की सेवा करती आ रही है। इस वर्ष भी श्रद्धालु कांवड़ियों के लिए निःशुल्क सेवा शिविर लगाया जाएगा। शिविर में भोजन, चाय, बिस्किट, शरबत, प्राथमिक उपचार हेतु दवाइयों तथा विश्राम की समुचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि संस्था का प्रत्येक सदस्य निस्वार्थ भाव से शिवभक्तों की सेवा के लिए पूरी आस्था और समर्पण के साथ तत्पर रहेगा।

## प्रभारी जिलाधिकारी ने जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक में दिए गए कई निर्देश

# लक्षित लाभुकों तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रभारी जिलाधिकारी सुश्री श्वेता भारती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता संजीव कुमार के साथ सभी विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे जबकि अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े हुए थे।

बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण बुडको के कार्यपालक अभियंता एवं जिला युवा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति विभाग के समीक्षा के क्रम में बताया गया कि नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य 44915 के विरुद्ध अब तक उपलब्धि लगभग 109 प्रतिशत हुई है। निर्देश दिया गया कि टीबी मुक्त भारत अभियान में निर्धारित लक्ष्य के प्राप्ति के निमित सभी बीडीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के साथ बैठक कर इसके अद्यतन प्रगति की समीक्षा करें।



जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक को सम्बोधित करतीं प्रभारी जिलाधिकारी श्वेता भारती व अन्य।

प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से लक्षित लाभुकों तक पहुँचना चाहिए तथा कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रखंड स्तरीय विधि-व्यवस्था समन्वय समिति एवं प्रखंड स्तरीय विकास समन्वय समिति की बैठक नियमित एवं अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए तथा बैठक की कार्यवाही समय पर जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराई जाए। संभावित जल संकट की स्थिति की समीक्षा करते हुए डीडीसी ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी चापाकलों एवं नल-जल योजनाओं को हर हाल में क्रियाशील रखा जाए तथा खराब जलापूर्ति योजनाओं की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित की जाए। जल संकट संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखी जाय।जिलाधिकारी ने शिकायतों के त्वरित निष्पादन तथा बिजली विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर स्थिति की निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन को सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस संबंध में उन्होंने कार्यपालक अभियंता पीएचइडी को निर्देशित किया कि जिला नियंत्रण कक्ष को सक्रिय करें साथ ही सभी जूनियर इंजीनियर फोन उठाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता, नल-जल योजनाओं की कार्यशीलता, कृषि फीडर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति तथा सामान्य विद्युत व्यवस्था का आकलन कर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था की पूर्व तैयारी रखने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में इसके अतिरिक्त दैनिक वषार्पात पर नजर रखने की बात कही गई। संभावित बाढ़ के मद्देनजर समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अलर्ट मोड में रहे। आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा बताया गया कि अभी जिले में बाढ़ की स्थिति नहीं है। बैठक में सीमावर्ती बाजारों एवं पंचायतों में संचालित दवा दुकानों के स्टॉक सत्यापन, औषधियों की उपलब्धता तथा वैध लाइसेंस संबंधी जांच नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया गया। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े प्रतिष्ठानों की निगरानी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।

बैठक में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया।

## केवीएस 55वां नेशनल स्पोर्ट्स 2026 के लिए प्रांजल प्रियदर्शी का हुआ चयन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** केन्द्रीय विद्यालय सी आर पी एफ झपहां, मुजफ्फरपुर की कक्षा दसवीं "अ " के छात्र 15 वर्षीय प्रांजल प्रियदर्शी का तैराकी प्रतियोगिता में के वि एस नेशनल 55वीं खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अंतिम रूप से चयनित किया गया है। केन्द्रीय विद्यालय दानापुर में आयोजित संभागीय प्रतियोगिता में प्रांजल प्रियदर्शी ने राष्ट्रीय स्तर का रिकॉर्ड ब्रेक कर अपना रिकॉर्ड बनाया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है। प्रांजल प्रियदर्शी का के वि एस 55 वीं नेशनल खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर विद्यालय की प्राचार्य मंजु देवी सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे विद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया।


नेशनल स्पोर्ट्स के लिए चयनित प्रांजल प्रियडर्शी की फोटो।

अब प्रांजल प्रियदर्शी को एफस बैंगलोर में 07 अगस्त से 11 अगस्त तक आयोजित होनेवाली 55 वीं के वि एस राष्ट्रीय खेलकूद फाइनल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। प्रांजल प्रियदर्शी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन के लिए एक तरफ काफी मेहनत कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ वह नेशनल इवेंट के लिए काफी उत्सुक भी हैं। प्रांजल प्रियदर्शी के पिता बच्चा कुमार उपाध्याय रिजर्व पुलिस बल के समूह केंद्र मुजफ्फरपुर में कार्यरत हैं तथा मां गृहिणी हैं। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक अरविन्द कुमार के द्वारा समय समय पर छात्रों को अलग अलग खेलों के लिए उचित मार्गदर्शन एवं सुझाव दिए जाते रहते हैं। प्रांजल प्रियदर्शी तैराकी में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं और तैराकी के माध्यम से देश का नाम रौशन करना चाहते हैं।

## मुजफ्फरपुर पुलिस लाइन और बीएसएपी-6 में भी सेवा समाप्त

# बिहार में बंद होगी 'जीविका दीदी की रसोई'!

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार सरकार के गृह विभाग के अधीन संचालित 'जीविका दीदी की रसोई' योजना को अब पूरी तरह बंद किया जा रहा है। इस संबंध में जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) हिमांशु शर्मा ने आधिकारिक आदेश जारी कर गृह विभाग के अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) को इसकी जानकारी दे दी है। विभागीय निर्देश के बाद मुजफ्फरपुर पुलिस लाइन और बीएसएपी-6 में संचालित दीदी की रसोई का संचालन भी बंद कर दिया गया है।


बंद होने की स्थिति में पहुंची दीदी की रसोई।

आधिकारिक आदेश के अनुसार पुलिस लाइन, पुलिस प्रशिक्षण अकादमी और गृह विभाग की अन्य इकाइयों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव तथा अनियमित भुगतान के कारण यह परियोजना लगातार घाटे में चल रही थी। इसके अलावा नियमित कायार्देश नहीं मिलने से भी संचालन प्रभावित हो रहा था। इन परिस्थितियों में 'अन्नपूर्णा जीविका फूड प्रॉडक्ट्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' के माध्यम से संचालित इस व्यवस्था को आगे जारी रखना संभव नहीं लग रहा था। जीविका के सीईओ ने गृह विभाग के अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) से विभाग की विभिन्न इकाइयों पर बकाया राशि का शीघ्र भुगतान कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि लंबित भुगतान प्राप्त होने के बाद निर्धारित शर्तों और नियमों के अनुसार 'दीदी की रसोई' की सभी इकाइयों को औपचारिक रूप से बंद करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

इस निर्णय के बाद गृह विभाग के अधीन पुलिस लाइन, पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों और अन्य इकाइयों में संचालित 'जीविका दीदी की रसोई' सेवा पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। इससे इस योजना से जुड़े जीविका समूहों और महिलाओं के रोजगार पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

## गरीब किसान परिवार की होनहार बहू व बेटी विजया लक्ष्मी बनीं अंग्रेजी की असिस्टेंट प्रोफेसर

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग से हर कठिनाई को मात देने वाली वैशाली और सारण जिले की होनहार बेटी एवं बहू विजया लक्ष्मी ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 211 डिग्री कॉलेजों के लिए आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर चयन परीक्षा में अंग्रेजी विषय की असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में सफलता प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से मायके और ससुराल दोनों परिवारों में खुशी की लहर है।



**तीन बार यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर हासिल की सफलता, 211 डिग्री कॉलेजों के लिए आयोजित चयन परीक्षा में हुआ चयन**

विजया लक्ष्मी वैशाली जिले के महनार प्रखंड अंतर्गत लोदीपुर चकपहाड़ गांव निवासी स्वर्गीय रामसुंदर सिंह की पुत्रवधू हैं। उनके पति राहुल कुमार सिंह श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के उप श्रमायुक्त कार्यालय, दरभंगा में कार्यरत हैं। वहीं विजया लक्ष्मी सारण जिले के मकेर प्रखंड के दादनपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रामजी सिंह की पौत्री हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा मुजफ्फरपुर के ऑक्सफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर से अंग्रेजी विषय में स्नातक एवं वर्ष 2023 में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। वर्ष 2024 में विवाह के बाद भी उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी। ससुराल के सहयोग और अपने दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने लगातार तैयारी की तथा तीन बार यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वर्तमान में वह हाजीपुर में अपने पति एवं सास श्रीमती जयमाला देवी के साथ रहकर उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थीं। विजया लक्ष्मी के पिता अवधेश कुमार किसान हैं, जबकि माता किरण देवी गृहिणी हैं। उनके बड़े भाई विजेता विक्रम सरकारी सेवा की तैयारी कर रहे हैं। परिवार वर्तमान में मुजफ्फरपुर के भगवानपुर स्थित सर गणेश दत्त नगर, दामोदरपुर में निवास करता है। उनके जेठ रौशन कुमार सिंह मुजफ्फरपुर में इंडियन बैंक में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।

अपनी सफलता पर विजया लक्ष्मी ने कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय उनके दादाजी, माता-पिता, पति, सास, भाई, गुरुजनों, मित्रों तथा मायके एवं ससुराल के सभी परिजनों को जाता है, जिन्होंने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया और शिक्षा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और परिवार का सहयोग मिले तो कोई भी सपना असंभव नहीं होता। विजया लक्ष्मी की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों, शुभचिंतकों एवं ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी हैं।

## सकरा में ठनका गिरने से पिता की मौत, 11 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से झुलसा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के सकरा थाना क्षेत्र में सोमवार को रुक रुककर हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली (ठनका) गिरने से दर्दनाक हादसा हो गया। मुरौल ओपी क्षेत्र के कोरिगम्मा गांव में ठनका की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका 11 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान कोरिगम्मा गांव के वार्ड संख्या चार निवासी रामजी ठाकुर के 40 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार शर्मा के रूप में हुई है। हादसे में उनका 11 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार भी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक मौसम खराब होने के बाद तेज गर्जना के साथ ठनका गिरा। इसकी चपेट में आने से गुड्डू कुमार शर्मा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायल बच्चे को तत्काल इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। वही घटना की सूचना मिलते ही मुरौल ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। पुलिस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुटी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद कोरिगम्मा गांव में मातम पसरा हुआ है।

## बिहार राज्य योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2026 में मुजफ्फरपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** 1 से 3 अगस्त 2026 तक पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पटना में आयोजित 7इँ बिहार राज्य योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2026 में मुजफ्फरपुर जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। सब-जूनियर वर्ग में साक्षी रानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रेडिशनल योगासन एवं आर्टिस्टिक योगासन स्पर्धा में दो कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं अनिभीषा एवं अनिंदिता की जोड़ी ने रिदमिक पेयर योगासन स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। मुजफ्फरपुर जिले के इन खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों एवं जिले के खेल जगत में खुशी की लहर है। खिलाड़ियों की इस सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास, अभिभावकों के सहयोग तथा प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया गया। इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं।

## सदर अस्पताल के आईसीयू में पहली बार हुई सफल ट्रेकियोस्टॉमी, 62 वर्षीय मरीज को मिला नया जीवन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सदर अस्पताल, सीतामढ़ी ने गंभीर मरीजों के उपचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपने आईसीयू में पहली बार सफलतापूर्वक ट्रेकियोस्टॉमी की है। इस जटिल एवं जीवनरक्षक प्रक्रिया के सफल संचालन से जिला अस्पताल में उपलब्ध क्रिटिकल केयर सेवाओं की क्षमता का भी परिचय मिला है।

जानकारी के अनुसार, 62 वर्षीय मरीज श्रुबैदा खातून गंभीर ब्रोंकियल अस्थमा/सीओपीडी (उडढऊ) के कारण अत्यधिक श्वास कष्ट (सीवियर रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस) से पीड़ित थीं। उनकी स्थिति अत्यंत गंभीर होने के कारण उन्हें लंबे समय तक वेंटिलेटर सपोर्ट की आवश्यकता थी। ऐसे में मरीज की जान बचाने के लिए रविवार, 2 अगस्त को जीवनरक्षक ट्रेकियोस्टॉमी की गई।


मरीज के ऑपरेशन में जुटे चिकित्सक।

इस जटिल प्रक्रिया को डॉ. मृत्युंजय कुमार (एमडी, क्रिटिकल केयर मेडिसिन एवं एनेस्थीसिया) ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। ऑपरेशन के दौरान मरीज की गर्दन में एक छोटा छिद्र बनाकर श्वासनली (ट्रेकिया) में विशेष ट्यूब स्थापित की गई, जिसे वेंटिलेटर से जोड़कर मरीज की श्वसन प्रक्रिया को सुचारु किया गया। इस प्रक्रिया में डीएनबी प्रथम वर्ष के छात्र डॉ. अविनाश ने सहयोगी चिकित्सक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

चिकित्सकों ने बताया कि जिला अस्पताल स्तर पर इस प्रकार की जटिल प्रक्रिया का सफल निष्पादन राज्य सरकार की नई रेफरल नीति को मजबूती प्रदान करेगा। इससे गंभीर मरीजों को उपचार के लिए बड़े अस्पतालों में रेफर करने की आवश्यकता कम होगी और उन्हें जिले में ही उच्चस्तरीय क्रिटिकल केयर सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही, यह उपलब्धि सदर अस्पताल में संचालित डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड) कोर्स की उपयोगिता और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को भी रेखांकित करती है।

इस सफलता का श्रेय जिलाधिकारी रिची पांडे के मार्गदर्शन, सिविल सर्जन डॉ. आरके यादव के नेतृत्व तथा अस्पताल उपाधीक्षक (डीएस) डॉ. मनोज कुमार की सतत निगरानी एवं बेहतर प्रबंधन को दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सदर अस्पताल में पहली बार इस तरह की जटिल जीवनरक्षक प्रक्रिया का सफल संचालन इस बात का प्रमाण है कि अब सीतामढ़ी जिला अस्पताल में भी आधुनिक एवं उन्नत क्रिटिकल केयर सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे जिले के गंभीर मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिल सकेगा।

## जिले को मिला तीसरा केंद्रीय विद्यालय, सत्र 2026-27 के लिए नामांकन शुरू

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। मुजफ्फरपुर में जल्द ही तीसरे केंद्रीय विद्यालय (केवी) की शुरूआत होने जा रही है। विद्यालय प्रशासन ने इसके संचालन की तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) को पत्र लिखकर बीबी कॉलेजिएट स्कूल का भवन शीघ्र हैंडओवर करने का आग्रह किया है, ताकि विद्यालय का संचालन समय पर शुरू किया जा सके। केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। अभिभावक 10 अगस्त 2026 तक ऑफलाइन आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदन बीबी कॉलेजिएट परिसर स्थित केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी कार्यालय में स्वीकार किए जा रहे हैं।

## श्रद्धालुओं से भरे ऑटो की पिकअप से भिड़ंत में जल चढ़ाकर लौट रहे 59 वर्षीय श्रद्धालु की मौत, कई घायल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के सरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत छितरी के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में जल चढ़ाकर लौट रहे एक श्रद्धालु की मौत हो गई। जबकि ऑटो पर सवार कई श्रद्धालू घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में मातम छा गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार श्रद्धालुओं से भरा एक ऑटो जल चढ़ाकर अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक अनियंत्रित पिकअप से टेम्पू की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो में सवार कई लोग घायल हो गए, जबकि बेलवर चौधरी टोला निवासी 59 वर्षीय हीरा राम (पिता- खोभारी राम) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायल हीरा राम को इलाज के लिए एसकेएमसीएच ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। हादसे की सूचना मिलते ही सरैया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस दुर्घटनाग्रस्त ऑटो और पिकअप को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की पड़ताल करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। उधर, श्रावण माह में जलाभिषेक कर लौट रहे श्रद्धालुओं के साथ हुई इस दुखद घटना ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है।

## सम्पादकीय

# बांकीपुर का जनादेश : कोई भी राजनीतिक गढ़ स्थायी नहीं होता

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत यही है कि उसमें कोई भी राजनीतिक गढ़ स्थायी नहीं होता। जनता जब चाहती है, वर्षो से स्थापित राजनीतिक समीकरणों को बदल देती है और जब विश्वास जताती है तो नई ताकतों को आगे बढ़ने का अवसर भी देती है। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव का परिणाम इसी लोकतांत्रिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर सामने आया है।

जिस बांकीपुर को लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी का मजबूत गढ़ माना जाता रहा, वहीं से इस बार जनसुराज के नेता प्रशांत किशोर की जीत ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। यदि किसी दल को अपने मजबूत क्षेत्र में हार का सामना करना पड़ता है, तो स्वाभाविक है कि राजनीतिक विश्लेषण शुरू होते हैं। लेकिन किसी एक चुनाव परिणाम के आधार पर पूरे राज्य की राजनीति का अंतिम निष्कर्ष निकालना भी जल्दबाजी होगी।

लोकतंत्र में चुनाव केवल जीत-हार का नाम नहीं है। हर परिणाम अपने साथ एक संदेश लेकर आता है। कभी वह सरकार के कामकाज पर जनता की राय होता है, कभी स्थानीय मुद्दों का प्रभाव, कभी उम्मीदवार की स्वीकार्यता और कभी विपक्ष की रणनीति की सफलता। इसलिए बांकीपुर का परिणाम भी कई स्तरों पर विश्लेषण की मांग करता है।

यह चुनाव भाजपा के लिए आत्ममंथन का अवसर हो सकता है। किसी भी बड़े राजनीतिक दल के लिए अपने पारंपरिक क्षेत्रों में जनसमर्थन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होता है। यदि मतदाताओं ने अलग निर्णय दिया है, तो उसके पीछे स्थानीय अपेक्षाएँ, संगठन की सक्रियता, उम्मीदवार की छवि और चुनावी रणनीति जैसे अनेक कारण हो सकते हैं। लोकतांत्रिक राजनीति में आत्मसमीक्षा ही आगे बढ़ने का सबसे प्रभावी माध्यम होती है।

दूसरी ओर, जनसुराज के लिए यह परिणाम केवल एक जीत नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। चुनाव जीतने के बाद जनता की उम्मीदें बढ़ जाती हैं। अब यह देखना होगा कि यह सफलता संगठन के विस्तार, जनसंपर्क और जनविश्वास में कितनी स्थायी साबित होती है। एक चुनावी जीत को व्यापक राजनीतिक परिवर्तन में बदलने के लिए निरंतर जनसेवा, संगठनात्मक मजबूती और विश्वसनीय नेतृत्व की आवश्यकता होती है।

राजनीतिक विश्लेषकों के बीच यह चर्चा स्वाभाविक है कि क्या बांकीपुर का परिणाम बिहार में व्यापक बदलाव का संकेत है। इसका उत्तर आने वाले चुनावों और विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं के रुझान से ही स्पष्ट होगा। भारतीय लोकतंत्र का इतिहास बताता है कि कई बार उपचुनाव बड़े संदेश देते हैं, तो कई बार वे स्थानीय परिस्थितियों तक ही सीमित रह जाते हैं। इसलिए किसी एक परिणाम को पूरे राज्य की राजनीति का अंतिम संकेत मानना उचित नहीं होगा।

इस चुनाव ने एक और महत्वपूर्ण संदेश दिया हैमतदाता पहले से अधिक सजग और स्वतंत्र निर्णय लेने वाला हो गया है। अब केवल राजनीतिक परंपरा या पुराने समीकरण चुनाव जीतने की गारंटी नहीं हैं। जनता विकास, सुशासन, स्थानीय समस्याओं के समाधान, जवाबदेही और जनसंपर्क के आधार पर अपना निर्णय दे रही है।

बांकीपुर का जनादेश चाहे जिस ष्टि से देखा जाए, इतना स्पष्ट है कि लोकतंत्र में अंतिम शक्ति जनता के हाथ में होती है। राजनीतिक दलों के लिए यह परिणाम एक अवसर हैजनता की अपेक्षाओं को समझने, अपनी कमियों को दूर करने और जनविश्वास को मजबूत करने का। वहीं मतदाताओं के लिए यह विश्वास का प्रतीक है कि उनका एक वोट लोकतंत्र की दिशा तय करने की क्षमता रखता है।

संभव है कि आने वाले दिनों में यह परिणाम बिहार की राजनीति की चर्चा का केंद्र बना रहे। लेकिन इसका वास्तविक महत्व समय और आगामी चुनाव ही तय करेंगे। फिलहाल इतना अवश्य कहा जा सकता है कि बांकीपुर ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि लोकतंत्र में कोई भी जनादेश छोटा नहीं होता और जनता का फैसला ही सर्वोपरि होता है।

# बिहार की राजनीति में बदलाव की दस्तक


राजेन्द्र रमण

विधानसभा उपचुनाव का परिणाम सिर्फ एक चुनावी आंकड़ा नहीं है। यह बिहार की राजनीति में बदलते मतदाता व्यवहार, गठबंधन की प्रभावशीलता, संगठन की मजबूती और नेतृत्व की स्वीकार्यता की परीक्षा का परिणाम भी है। किसी भी उपचुनाव को सीधे विधानसभा चुनाव का ट्रेलर मानना उचित नहीं होता, लेकिन कई बार ऐसे नतीजे भविष्य की राजनीति की दिशा तय करने वाले संकेत जरूर दे जाते हैं।

सबसे पहला संदेश यह है कि भाजपा का पारंपरिक शहरी वोट बैंक अब पहले जैसा स्वतः सुरक्षित नहीं माना जा सकता। बांकीपुर लंबे समय से भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है। ऐसे क्षेत्र में हार यह बताती है कि मतदाता अब केवल पार्टी के नाम पर मतदान नहीं कर रहा, बल्कि उम्मीदवार, स्थानीय मुद्दों और चुनावी माहौल का भी गंभीर मूल्यांकन कर रहा है।

## बांकीपुर उपचुनाव



दूसरा बड़ा संकेत एनडीए के भीतर तालमेल को लेकर है। बिहार में भाजपा और जदयू की सबसे बड़ी ताकत उनकी सामाजिक और राजनीतिक पूरकता रही है। यदि चुनाव में यह संदेश मतदाताओं तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंचा कि दोनों दल पूरी मजबूती से एक साथ हैं, तो इसका लाभ विपक्ष या तीसरे विकल्प को मिलना स्वाभाविक है। गठबंधन केवल सीटों का गणित नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच केमिस्ट्री और मतदाताओं के बीच भरोसे का भी विषय होता है।

तीसरा पहलू उम्मीदवार चयन का है। बिहार की राजनीति में कई बार देखा गया है कि मजबूत संगठन भी गलत प्रत्याशी चयन की कीमत चुकाता है। यदि स्थानीय कार्यकर्ता और मतदाता प्रत्याशी से भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ते, तो पार्टी की चुनावी मशीनरी भी अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाती। बांकीपुर का परिणाम यही संदेश देता है कि सही उम्मीदवार कई बार बड़ी पार्टी से भी अधिक निर्णायक साबित होता है।

इस चुनाव ने यह भी स्पष्ट किया कि राजनीति में भाषा और व्यवहार का महत्व लगातार बढ़ रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान नेताओं के बयान, उनका आचरण और मतदाताओं के प्रति उनका रवैया सीधे वोटों को प्रभावित करता है। आज का मतदाता सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के जरिए हर बयान का मूल्यांकन करता है। ऐसे में अहंकार या विवाद की छवि चुनावी नुकसान का कारण बन सकती है।

अब सबसे महत्वपूर्ण सवाल सम्राट चौधरी के नेतृत्व को लेकर उठेंगे। बिहार भाजपा ने पिछले कुछ वर्षो में उन्हें प्रदेश संगठन का सबसे प्रमुख ओबीसी चेहरा बनाया है। स्वाभाविक है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री होने के नाते चुनावी जीत का श्रेय और हार की जिम्मेदारी दोनों उनके हिस्से आएंगे। यह हार उनके राजनीतिक करियर का अंत नहीं है, लेकिन यह जरूर तय करेगी कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले संगठन, रणनीति और नेतृत्व शैली में कितना बदलाव किया जाता है।

हालांकि, यह भी उतना ही सच है कि किसी एक उपचुनाव के आधार पर बड़े राजनीतिक निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। भारतीय राजनीति में ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जहां उपचुनाव में हारने वाली पार्टियां कुछ ही महीनों बाद विधानसभा या लोकसभा चुनाव में शानदार वापसी कर चुकी हैं। इसलिए बांकीपुर भाजपा के लिए चेतावनी है, अंतिम फैसला नहीं।

दूसरी ओर, इस परिणाम ने यह भी दिखाया कि बिहार की राजनीति अब पारंपरिक द्विध्रुवीय मुकाबले तक सीमित नहीं रह गई है। यदि मतदाता को प्रभावी स्थानीय विकल्प मिलता है, तो वह स्थापित राजनीतिक समीकरणों को भी बदल सकता है। यह संकेत सभी दलों के लिए महत्वपूर्ण है।

### सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश

बांकीपुर उपचुनाव का सबसे बड़ा संदेश यह है कि अब चुनाव केवल मोदी, नीतीश, तेजस्वी या किसी बड़े चेहरे के नाम पर नहीं जीते जा सकते। बूथ स्तर का संगठन, स्थानीय नेतृत्व की स्वीकार्यता, सही उम्मीदवार, सहयोगी दलों का समन्वय, कार्यकर्ताओं का उत्साह और मतदाताओं के साथ सतत संवाद ही जीत की नई राजनीति का आधार बन चुके हैं।

यदि भाजपा इस हार को केवल एक आकस्मिक घटना मानकर आगे बढ़ जाती है, तो यह रणनीतिक भूल हो सकती है। लेकिन यदि पार्टी इसे आत्ममंथन का अवसर बनाती है, संगठन में नई ऊर्जा भरती है और स्थानीय राजनीति की नब्ज को समझते हुए रणनीति तैयार करती है, तो यही हार भविष्य की बड़ी जीत की भूमिका भी बन सकती है।

बांकीपुर उपचुनाव ने सिर्फ विधायक नहीं चुना, बल्कि बिहार की राजनीति को एक स्पष्ट संदेश दिया है। मतदाता अब किसी का स्थायी वोट बैंक नहीं है। उसे सम्मान, मजबूत स्थानीय नेतृत्व, विश्वसनीय उम्मीदवार और प्रभावी शासन चाहिए। जो दल इस संदेश को सबसे पहले समझेगा, वही 2027 के बिहार विधानसभा चुनाव की असली लड़ाई में बढ़त हासिल करेगा। यही इस उपचुनाव की सबसे बड़ी राजनीतिक सीख और सबसे गहरा मायने है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*
*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# अब नए समीकरण बनने की संभावना

**आज** देश के तीन विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के नतीजे आ गए हैं। ये तीनों विधानसभा क्षेत्र उन राज्यों में हैं, जहाँ भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। तीनों सीटों पर पहले भाजपा के ही विधायक चुने गए थे। किन्हीं कारणों से ये सीटें खाली हुईं और उपचुनाव कराने पड़े।

पटना के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रशांत किशोर अच्छे अंतर से चुनाव जीत गए हैं। पिछली बार जब विधानसभा चुनाव हुआ था, तब प्रशांत किशोर जी ने जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार लगभग सभी सीटों पर उतारे थे, लेकिन अधिकांश उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। दूसरी ओर, बांकीपुर को भारतीय जनता पार्टी का गढ़ माना जाता रहा है। यही वह क्षेत्र है जहाँ से भाजपा के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी विधायक रहे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनके इस्तीफे के कारण यह उपचुनाव हुआ।

भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में इस चुनाव को लेकर एक तरह का अहंकार और अति-आत्मविश्वास दिखाई दे रहा था। पहले से ही लड्डू बनवाकर रख लिए गए थे। प्रदेश अध्यक्ष के बयान भी हमने सुने। लेकिन यह कैसे संभव था कि जब पूरे देश का वातावरण भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ बनता दिखाई दे रहा है, तब उसका असर चुनाव पर न पड़े।

जंतर-मंतर से छात्रों और नौजवानों का जो आंदोलन शुरू हुआ, वह अब देश के कई हिस्सों में फैल चुका है। पटना में छात्रों पर लाठीचार्ज हुआ, आँसू गैस के गोले छोड़े गए, बेरहमी से युवाओं की पिटाई की गई, उन्हें जेल में बंद किया गया और तरह-तरह की धाराएँ लगाई गईं। क्या इसका असर इस उपचुनावों पर नहीं पड़ता ! इसलिए ये उपचुनाव राजनीतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। भाजपा को पटना के साथ-साथ मध्य प्रदेश के दतिया में भी हार का सामना करना पड़ा है।

बिहार की राजनीति में अब नए समीकरण बनने की संभावना दिखाई दे रही है। नए सिरे से गठबंधन बन सकते हैं। प्रशांत किशोर राजनीति और चुनाव प्रबंधन दोनों के जानकार हैं। विधानसभा में वे सत्ताधारी दल और सरकार को मजबूती से घेरेंगे, ऐसी लोगों को उम्मीद है।

व्यक्तिगत रूप से मैं इस जीत को अप्रत्याशित नहीं मानता। मैंने शुरुआत में ही कहा था कि बांकीपुर में प्रशांत किशोर के जीतने की संभावना अधिक है। चुनाव प्रबंधन के मामले में प्रशांत किशोर दूसरों को सिखाते हैं, उन्हें कौन सिखाएगा उनका चुनाव प्रबंधन भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रबंधन पर भारी पड़ा।

एक समय कहा जाता था कि अमित शाह की चुनावी रणनीति और 'पन्ना प्रमुख' का संगठनात्मक मॉडल अचूक है। लेकिन इस चुनाव में वह पूरी तरह विफल दिखाई दिया।

भारतीय जनता पार्टी और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को अब गंभीर आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। देश के नौजवानों, खासकर छात्र-छात्राओं के भीतर जो आत्मविश्वास, साहस और तेज दिखाई दे रहा है, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लड़के ही नहीं अनेक लड़कियाँ जिस निर्भीकता से अपनी बात रख रही हैं, उनके भीतर जो चमक और ऊर्जा दिखाई दे रही है, उसे देखकर उम्मीद पैदा होती है कि भारत का भविष्य सुरक्षित है और आने वाला समय बेहतर हो सकता है।

*( राजनीतिज्ञ शिवानन्द तिवारी के फेसबुक वॉल से )*

# पटना के डा. शिवनारायण को मिला नार्वे का अंतर्राष्ट्रीय प्रेमचंद सम्मान-2026

**प्रसिद्ध कवि,** आलोचक एवं संपादक डा. शिवनारायण को भारतीय- नार्वेजीय सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम, नार्वे द्वारा 2026 का प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रेमचंद सम्मान-2026 से नवाजा गया। ओस्लो स्थित फोरम के अध्यक्ष डा. सुरेशचन्द्र शुक्ल शरद आलोक ने कहा कि डा. शिवनारायण को यह सम्मान उनकी सुदीर्घ साहित्य साधना के लिए प्रदान किया गया।


प्रोफेसर डा. शिवनारायण।



अंतर्राष्ट्रीय प्रेमचंद सम्मान-2026।


डा. शरद आलोक ने कहा कि बीते 77 वर्षो से अनवरत प्रकाशित होती आ रही चर्चित साहित्यिक पत्रिका नयी धारा का 1990 से ही संपादन कर रहे डा. शिवनारायण की कविता, आलोचना, पत्रकारिता आदि विधाओं में अब तक 58 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

पाटलिपुत्र के ऐसे अक्षर पुरुष का हमारे फोरम द्वारा सम्मान होने से हिन्दी साहित्य का हमारा मानस परिवार समृद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि फोरम बीते कई वर्षो से सम्मान अर्पण सहित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करता आ रहा है, जिसमें दुनिया भर के विद्वान शामिल होते हैं।

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में हिंदी साहित्य के प्रोफेसर डा. शिवनारायण फिलहाल पटना स्थित श्री अरविंद महिला कालेज में स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के अध्यक्ष हैं। इसके पहले भी उन्हें राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति के हाथों देय भारत सरकार के गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार (2012), बिहार सरकार द्वारा सर्वोच्च काव्य सम्मान नागार्जुन पुरस्कार 2003) एवं सामाजिक न्याय के मूल्यों को साहित्य में प्रतिष्ठित करने हेतु बीपी मंडल पुरस्कार (2024),मध्यप्रदेश भोपाल का स्पंदन आलोचना शिखर सम्मान (2016) सहित दर्जनाधिक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान से वे नवाजे जा चुके हैं। भारत सरकार के प्रतिनिधि मंडल में शामिल हो अनेक देशों की साहित्यिक यात्राएं भी उन्होंने की हैं।

# कभी-कभी सबसे कठिन लड़ाइयाँ वे होती हैं, जो आप अपने भीतर लड़ते हैं : इकबाल खान

सोनी सब का यादें अपने गर्मजोशी, हास्य, दिल छू लेने वाले पलों और ड्रामा के बेहतरीन मिश्रण के साथ दर्शकों का मनोरंजन जारी रखता है। जैसे ही डा. देव मेहता (इकबाल खान) और डा. सृष्टि (गुलकी जोशी) उलझे रहते हैं, एक बच्चा और उसका परिवार उनकी जिंदगी को हिला देता है।


इकबाल खान।

आने वाले एपिसोड्स में मरीज ध्रुव की हालत गंभीर मोड़ लेती है, जब उसे एक दुर्लभ बीमारी का पता चलता है, जिसके लिए तुरंत स्टेम सेल डोनर की आवश्यकता होती है। डा. देव और डा. सृष्टि उसकी जैविक फैमिली को खोजने की कोशिश में जुट जाते हैं और एक चौंकाने वाला सच सामने आता है, जो सब कुछ बदल देता है। डा. देव स्तब्ध रह जाते हैं जब उन्हें पता चलता है कि ध्रुव का पिता कोई और नहीं, बल्कि प्रलय सिंह है, वही व्यक्ति, जिसने कभी उन्हें गोली मारी थी। जैसे जैसे पुराने सवाल फिर से उभरते हैं और राघव के केस की सच्चाई धीरे धीरे सामने आने लगती है, डा. देव इस डर से घिर जाते हैं कि कहीं उन्होंने राघव को असफल, तो नहीं कर दिया। ध्रुव को बचाने की कोशिश करते हुए वे दृढ़ संकल्पित हैं कि इतिहास खुद को दोहराए नहीं।

क्या डा. देव, ध्रुव के पिता के बारे में सच्चाई का पता चलने के बाद ध्रुव को बचा पाएँगे : आने वाले ट्रैक के बारे में बात करते हुए, इकबाल खान ने साझा किया, इस ट्रैक के बारे में मुझे सबसे ज़्यादा जो पसंद आया, वह यह है कि यह डा. देव का एक बिल्कुल अलग पहलू दर्शाता है। वह इस अपराधबोध को ढो रहे हैं कि कहीं उन्होंने राघव सिंह को असफल तो नहीं कर दिया और यह विचार उन्हें कभी पूरी तरह छोड़ता नहीं। जब उसी परिवार का एक और सदस्य उनकी जिंदगी में आता है, तो वे सारे अनुत्तरित सवाल और आत्म संदेह फिर से सामने आ जाते हैं। उनका सबसे बड़ा डर यही है कि अगर कुछ दोबारा हुआ, तो वह खुद को कभी माफ नहीं कर पाएँगे। एक अभिनेता के तौर पर मुझे ये भावनाएँ बेहद वास्तविक लगीं, क्योंकि कभी कभी सबसे कठिन लड़ाइयाँ वे होती हैं, जो आप अपने भीतर लड़ते हैं। मुझे लगता है दर्शक डा. देव की इस यात्रा से गहराई से जुड़ेंगे, जब वह पूरी कोशिश करते हैं कि इतिहास खुद को दोहराए नहीं। सोनी सब पर देखिए शो यादें, सोमवार से शनिवार रात 8 बजे, सिर्फ सोनी सब पर।

## प्रवचन

# साधन-सम्पन्नता के कारण अध्ययन से दूर हो रहे छात्र : जीयर स्वामी

**सिर्फ तनाव से उत्पन्न हो जाते हैं कई रोग**

**पद प्राप्ति के बाद रखें मर्यादा का ख्याल**

**अभिमानी मनुश्य का पतन निश्चित**

**धन-संपत्ति के बजाय अच्छे संस्कार को दें प्राथमिकता**

पद प्राप्ति के बाद अपने कार्य एवं व्यवहार में मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए। जो जिस योग्य है, उसे यथोचित सम्मान देना चाहिए। पद पर आसीन होने के बाद यदि पद का अभिमान हो जाए तो पतन निश्चित है। ऐसे लोगों को पदच्युत होने के बाद समाज अच्छी निगाह से नहीं देखता। वे स्वयं भी पश्चाताप् की अग्नि में जलते रहते हैं। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी श्रीमद् भागवत महापुराण के छठवें स्कंध की कथा के क्रम में कहा कि इन्द्र अप्सराओं के साथ नृत्य में इसने लीन थे कि देवगुरू बृहस्पति के आगमन का भी उन्हें ख्याल नहीं रहा। गुरू बृहस्पति इन्द्र के व्यवहार से क्रोधित हो गये। इंद्र को अपने कृत्य पर पश्चाताप हुआ। वे गुरू बृहस्पति से क्षमा मांगने के लिए निकले लेकिन बृहस्पति अंर्न्तध्यान हो गये। बृहस्पति के अंर्न्तध्यान की सूचना राक्षसों को मिल गयी। वे अपने गुरू शुक्राचार्य की सहमति से इन्द्रलोक पर चढ़ाई कर दिये इन्द्रासन जीत लिये। गुरु बृहस्पति के नहीं रहने के कारण देवताओं का तेज समाप्त हो गया। वैभव के प्रभाव से अपने व्यवहार में परिवर्तन नहीं लाना चाहिए।


श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

स्वामी जी ने कहा कि लक्ष्मी चरण धूलि के समान है। ये बार बार आती-जाती हैं । अस्थिरवा लक्ष्मी का स्वभाव है । वे स्थायी रुप से कही वास नहीं करती। जैसे मनुष्य कही से आने-आने के क्रम में अपना पूरा शरीर नहीं धोता लेकिन चरण धोते रहता है। इसलिए लक्ष्मी (धन-दौलत) को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए। लक्ष्मी आती-जाती रहेंगी । लेकिन एक बार अपनी मर्यादा से व्यक्ति गिर जाए तो जीवन पर्यन्त उसकी भरपायी संभव नहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि वर्तमान समय में व्यक्ति की अस्वस्थता का प्रमुख कारण तनाव है और तनाव का मुख्य कारण अनन्त अपेक्षायें है। समाज से अधिक अपने परिजनों से ही व्यक्ति को अधिक तनाव मिल रहा है। व्यक्ति अपने प्रयास से घर परिवार को सजाता संवारता है। पुत्र-पुत्रियों को पढ़ाता लिखाता है लेकिन जब वे उनकी अपेक्षा के अनुरुप व्यवहार में खरा नहीं उतरते तो उन्हें मानसिक तनाव हो जाता है। यह मानसिक तनाव कई रोग पैदा कर है।

स्वामी जी ने कहा कि अपने परिजनों से अधिक अपेक्षायें नहीं रखें अन्यथा मानसिक तनाव जरुर मिलेगा। मनुष्य अपने दुख का कारण स्वयं है। हम अपने परिजनों के लिए सुख-समृद्धि के संसाधन जुटाने में आजीवन व्यस्त रहते हैं। हम कभी भी अपनी संतति में अच्छे संस्कार के बीजारोपण का प्रयत्न नहीं करते। संस्कारी संतान से माता-पिता को कभी भी शिकायत नहीं होती।

स्वामी जी ने कहा कि आज लक्ष्य से भटकाव की बातें अक्सर सुनी जा रही है। विद्यार्थी कहता है कि पढ़ने में मन नहीं लगता। स्वामी जी ने कहा कि बचपन से बच्चों को संस्कार दे और विलासी साधनों की अपेक्षा जरूरी साधन ही उपलब्ध करायें। इसका कारण क्या है इसका मुख्य कारण भौतिक संसाधनों की उपलब्धता है और अच्छे संस्कार का अभाव है।

आज के अभिभावक विद्यार्थियों के मन में सदाचार, स्वाध्याय इत्यादि संस्कारों के बीजारोपण नहीं करते, वे उन्हें विलासिता के वातारण में पोषित कर रहे है। ऐसा विद्यार्थी किस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अध्ययन में लीन होगा। विद्यार्थी को सहा जीवन व्यतीत करना चाहिए। नीति कहती हैः सुखार्थिनः कुतो विद्या, विद्यार्थिनः कुतो सुखम् यानी सुखार्थी को कहाँ विद्या और विद्यार्थी को कहाँ सुख।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

## सैमसंग ने पेश किया स्मार्ट 30 महीने का नो-कॉस्ट ईएमआई प्लान, फोल्डेबल स्मार्टफोन खरीदना हुआ और आसान

**सैमसंग** ने गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप 8 के लिए 30 महीने के नो-कॉस्ट ईएमआई ऑप्शन लान्च करके प्रीमियम स्मार्टफोन खरीदने के तरीके को नया रूप दिया है, जिससे सैमसंग की नई फोल्डेबल तकनीक अब पहले से कहीं आसानी से लोगों तक पहुंच सकेगी। हर महीने की किस्त का बोझ कम करने के मकसद से बनाई गई इस नई फाइनेंसिंग सुविधा से ज़्यादा से ज़्यादा ग्राहक बिना किसी डाउन पेमेंट के गैलेक्सी एआई से लैस सैमसंग की नई गैलेक्सी जेड सीरीज का अनुभव ले सकेंगे। सैमसंग की नई गैलेक्सी जेड सीरीज फोल्डेबल तकनीक की सात पीढ़ियों के अनुभव और ग्राहकों से मिले फीडबैक पर बनी है, और अब तक का सबसे बेहतरीन फोल्डेबल अनुभव देती है। इसमें खास तौर पर बनाया गया गैलेक्सी एआई, हिंज डिजाइन, डिस्प्ले, मजबूती और परफार्मेंस से जुड़ी नई इंजीनियरिंग एक साथ मिलती है। यह नई फाइनेंसिंग सुविधा सिर्फ डिवाइस तक सीमित नहीं है, बल्कि सैमसंग की नई फोल्डेबल तकनीक को खरीदना भी उतना ही आसान बना रही है। अब ग्राहक गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा को सिर्फ 6,667 रुपये प्रति महीने से खरीद सकते हैं, जो पिछली पीढ़ी के गैलेक्सी जेड फोल्ड 7 के मुकाबले 9 प्रतिशत कम मासिक ईएमआई है। गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 सिर्फ 6,000 रुपये प्रति महीने से उपलब्ध है, जबकि गैलेक्सी जेड फ्लिप 8 सिर्फ 4,167 रुपये प्रति महीने से शुरू होता है, जिससे नई और शानदार फोल्डेबल तकनीक अब और ज़्यादा लोगों की पहुंच में आ गई है।

# राष्ट्रकवि गोपाल सिंह नेपाली को हर कोई और जगह याद करें

**छह दशक** से अधिक समय बीत जाने के बाद भी गोपाल सिंह नेपाली की कविताएँ उतनी ही प्रासंगिक हैं। आज जब सार्वजनिक जीवन में मूल्यों का संकट दिखाई देता है, तब उनकी रचनाएँ ईमानदारी, स्वाभिमान और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का संदेश देती हैं। नई पीढ़ी उन्हें केवल राष्ट्रगीतों के कवि के रूप में नहीं, बल्कि स्वतंत्र चिंतन और निर्भीक लेखनी के प्रतीक के रूप में भी देख सकती है।




इन्हीं उद्देश्यों से साहित्यिक संस्था शब्दयात्रा भागलपुर के अध्यक्ष तथा गोपाल सिंह नेपाली आंदोलन के राष्ट्रीय प्रणेता पारस कुंज ने राष्ट्रकवि की जयंती के अवसर पर से 11 अगस्त 21 तक नेपाली जयंती पखबीस- मनाने का आह्वान किया है। इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रकवि की साहित्यिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाना और उनके राष्ट्रवादी, सांस्कृतिक तथा मानवीय मूल्यों को समाज में पुनर्स्थापित करना है।

पारस कुंज ने देशभर के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, वाचनालयों, पुस्तकालयों, आकाशवाणी, दूरदर्शन, साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं तथा सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं से आह्वान किया है कि वे 11 से 21 अगस्त के बीच किसी भी एक दिन अथवा पूरी पखबीस के दौरान गोपाल सिंह नेपाली के व्यक्तित्व और कृतित्व पर संगोष्ठियाँ, व्याख्यान, परिचर्चाएँ, उनपर स्वरचित कविताओं का पाठ, काव्य-गायन तथा साहित्यिक आयोजन करें।

उनका मानना है कि राष्ट्रकवि को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब उनकी रचनाएँ नई पीढ़ी तक पहुँचें और उनके आदर्श समाज के सार्वजनिक जीवन का हिस्सा बनें।

गोपाल सिंह नेपाली ने अपने जीवन और साहित्य से सिद्ध किया कि कवि की सबसे बड़ी पहचान उसके शब्दों की लोकप्रियता नहीं, बल्कि उसके विचारों की ईमानदारी होती है। उनकी रचनाएँ आज भी यह संदेश देती हैं कि साहित्य का सर्वोच्च धर्म सत्ता की प्रशंसा नहीं, बल्कि सत्य, समाज और राष्ट्र के पक्ष में निर्भीक होकर खड़ा होना है। उनकी वीं जयंती पर उन्हें स्मरण करना केवल अतीत को याद करना नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रति नए संकल्प का अवसर भी है। यही राष्ट्रकवि गोपाल सिंह नेपाली की सबसे बड़ी साहित्यिक विरासत है, जो आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करती रहेगी।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### चेहल्लुम को लेकर पहाड़पुर थाना में शांति समिति की बैठक

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को पहाड़पुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अजय कुमार ने की। इसमें जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लेकर पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प दोहराया। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि चेहल्लुम पर्व हर वर्ष की तरह इस बार भी आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के साथ मनाया जाएगा। थाना प्रभारी अजय कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन और आमजन की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शांति समिति की बैठक का उद्देश्य प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है, ताकि किसी भी संवेदनशील सूचना पर समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।थाना प्रभारी ने लोगों से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले भड़काऊसंदेश, वीडियो अथवा अफवाहों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट या अफवाह को साझा करने से बचें तथा ऐसी कोई सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखा जा सके।बैठक में मुखदेव मिश्रा, संजय पांडे, नंदकिशोर यादव, राजेश सिंह, दिलीप कुमार, दीनानाथ प्रसाद, बच्चन दास, आयुष नारायण मिश्रा, राजेश प्रसाद, संजय प्रसाद, राजेश कुशवाहा, विकास कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### तेतरिया में 11 वर्षीय बालिका की डूबने से मौत, परिवार में पसरा मातम

**तेतरिया(एनएसबी)।** तेतरिया प्रखंड के बहुआरा गोपी सिंह पंचायत अंतर्गत नकरदेवा गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में 11 वर्षीय बालिका की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतका की पहचान गांव निवासी सुरेश शाह की 11 वर्षीय पुत्री के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालिका शौच के लिए घर से बाहर गई थी। इसी दौरान अधिक पानी वाले स्थान पर उसका पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में डूब गई। आसपास के लोगों ने उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई और पूरे गांव में मातम छा गया।घटना की जानकारी मिलने पर बहुआरा गोपी सिंह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य संतोष कुमार अमृत पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में वे परिवार के साथ हैं तथा पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता एवं उचित मुआवजा दिलाने के लिए प्रशासन से मांग करेंगे।ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार को नियमानुसार मुआवजा एवं अन्य सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

### गमहिरिया चौक रक्सौल में खुला प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र

**मोतिहारी(एनएसबी)।** गमहिरिया चौक, रक्सौल में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की इस योजना का उद्देश्य लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है। केंद्र पर बाजार मूल्य से कम दरों पर विभिन्न प्रकार की दवाएं उपलब्ध रहेंगी। उद्घाटन के अवसर पर केंद्र को आकर्षक ढंग से सजाया गया। स्थानीय लोगों ने केंद्र खुलने पर खुशी जताते हुए इसे



जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया।

गरीब और मध्यम वर्ग के लिए लाभकारी बताया। केंद्र में पीएमबीआई योजना के तहत दवाओं के साथ थायरोकेयर जांच सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। प्रतिष्ठान की संचालक अस्मिता कुमारी ने बताया कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना केंद्र का मुख्य उद्देश्य हैस मौके पर अनेक लोग मौजूद थे।

# सावन की पहली सोमवारी पर बाबा सोमेश्वरनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

## लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, दिनभर रही लंबी कतारें, सुरक्षा के कड़े इंतजाम, जाम से हुई परेशानी

**अरेराज(एनएसबी)।** श्रावण मास की पहली सोमवारी पर बिहार के काशी के नाम से प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पौराणिक श्री सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर में आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। सोमवार तड़के मंदिर के पट खुलने के साथ ही लाखों श्रद्धालुओं और कांवड़ियों ने हर-हर महादेव एवं बोल बम के जयघोष के बीच भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

देर शाम तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरे मंदिर परिसर में शिवभक्ति का वातावरण बना रहा।अनुमंडल प्रशासन की ओर से इस वर्ष श्रावणी मेले के सफल संचालन के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की गई, जबकि सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए महिला पुलिसकर्मियों एवं सादे वर्दी


शिवालय में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

में भी पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने सभी पार्किंग स्थलों पर निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की। मंदिर परिसर में मजबूत बैरिकेडिंग कर दर्शन की सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मेडिकल टीम और एंबुलेंस भी तैनात रही। भीड़ के दौरान कुछ श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ने पर मेडिकल टीम ने तत्काल उपचार कर उन्हें राहत पहुंचाई।हल्की बारिश के बीच दूर-दराज के जिलों सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बागमती, त्रिवेणी एवं अन्य पवित्र नदियों का जल लेकर बाबा सोमेश्वरनाथ का अभिषेक किया। बड़ी संख्या में कांवरिए बाबा बैद्यनाथ धाम की यात्रा पर जाने से पहले भी यहां पूजा-अर्चना करने पहुंचे।हालांकि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण पूरे दिन अरेराज नगर में कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

इसके बावजूद प्रशासन की सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरे दिन पूजा-अर्चना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रवि कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य नारायण दीक्षित, अंचल अधिकारी विनोद कुमार पांडे सहित प्रशासनिक अधिकारी लगातार मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरे श्रावणी मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## झमाझम बारिश के बावजूद भक्तों की आस्था का उमड़ा सैलाब

**कल्याणपुर(एन एस बी )।** चकिया-केसरिया मार्ग स्थित कैथवलिया में निर्माणाधीन विश्व के सबसे बड़े विराट रामायण मंदिर परिसर में सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर भारी उत्साह देखने को मिला। सुबह से हो रही झमाझम बारिश के बावजूद भक्तों की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे।मंदिर निर्माण समिति को पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओं के आगमन का पूर्व से ही अनुमान था। इसके लिए समिति द्वारा पहले से ही बैरिकेडिंग और अरघा की व्यवस्था कर दी गई थी। अरघा के माध्यम से श्रद्धालुओं ने सुलभता से सहस्त्रलिंगम पर


शिवालय में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

जलाभिषेक कर अपने परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना किया। भीड़ को नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। पुलिस लाइन से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा और मार्गदर्शन के लिए मंदिर के प्रत्येक प्रवेश द्वार पर कर्मियों को नियुक्त किया गया था।जिससे दूर-दराज से आए भक्तों को कोई असुविधा न हो। वही मंदिर समिति द्वारा लघु सहस्त्रलिंगम परिसर मे श्रद्धालुओं द्वारा रुद्राभिषेक करने लिए मंदिर प्रशासन द्वारा जारी नम्बर पर बुकिंग किया गया था। कुछ लोगो ने रुद्राभिषेक भी किया। परिसर और आसपास का पूरा क्षेत्र शिवभक्ति के माहौल में सराबोर रहा। बारिश के बीच भी परिसर में सजे बेलपत्र, धतूरा, फूल, माला और पूजन सामग्री के स्टलों पर खरीदारों की भारी चहल-पहल देखी गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर के तरफ से लगाते गये नैवेद्यम काउंटर से भी प्रसाद खरीदा।श्रद्धालुओं ने सहस्त्रलिंगम के दर्शन के साथ-साथ निर्माणाधीन रामायण मंदिर की भव्यता को भी निहारा और महादेव के जयकारे से पूरा वातावरण गूंजायमान था।

## आग से बचाव के लिए हर घर और संस्थान में सुरक्षा उपकरण जरूरी : अम्बिका कुमारी


मॉकड्रिल कर जानकारी देते अगिशमन विभाग की टीम।

**मोतिहारी(एनएसबी)।** अगिकांड जैसी आपात स्थितियों में त्वरित बचाव एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज रामसन प्लाजा और पुलिस लाइन परिसर में अगिशमन विभाग की ओर से मक ड्रिल एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अनुमंडल अगिशमन अधिकारी अम्बिका कुमारी ने किया।मक ड्रिल के दौरान गैस सिलेंडर में लगी आग पर गीले कंबल से काबू पाने, फायर एक्सटिंग्विशर के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग तथा आग लगने की स्थिति में अपनाएं जाने वाले प्राथमिक सुरक्षा उपायों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि रसोईघर अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आग लगने पर घबराने के बजाय सबसे पहले गैस रेगुलेटर बंद करें और तत्पश्चात गीले कपड़े या कंबल से आग को ढककर उसे नियंत्रित करने का प्रयास करें।अगिशमन अधिकारी अम्बिका कुमारी ने कहा कि गर्मी और त्योहारों के दौरान आग लगने की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसे देखते हुए प्रत्येक घर, दुकान और संस्थान में अगिशमन सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में संयम बनाए रखें तथा तत्काल अगिशमन विभाग को सूचना दें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों, दुकानदारों, संस्थान के कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को आग से बचाव और आपदा की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित कार्रवाई के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दी गई।मौके पर अगिक मनोज चौधरी, सुनील कुमार, सूरज कुमार, सुंदर कुमार, पंकज कुमार, रविशंकर, आमोद कुमार सहित अगिशमन विभाग और पुलिस विभाग के अनेक अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# शांतिपूर्ण व सद्भावपूर्ण माहौल में मनाएं चेहल्लुम : जिलाधिकारी

**मोतिहारी(एनएसबी)।** चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने संयुक्त आदेश जारी करते हुए जिलेवासियों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष चेहल्लुम का पर्व 4 अगस्त 2026 को मनाया जाएगा।जिलाधिकारी ने बताया कि पर्व के मद्देनजर सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। जिला प्रशासन ने सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले के कुल 375 संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इनमें मोतिहारी अनुमंडल में 160, सिकरहना में 14, पकड़ीदयाल में 41, अरेराज में 59, चकिया में 47 तथा रक्सौल अनुमंडल में 54 स्थान शामिल हैं।किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला एवं अनुमंडल स्तर पर 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। जिला कंट्रोल रूम का दूरभाष संख्या 06252-242418 जारी किया गया है, जहां किसी भी प्रकार की सूचना देने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस के किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी। सभी जुलूसों की निगरानी के लिए संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं तथा ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी। प्रत्येक जुलूस की वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया है। डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सभी वरीय अधिकारी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखेंगे तथा किसी भी शिकायत या गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुढ़ की गई है, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व शांति भंग न कर सके। सोशल मीडिया पर साइबर सेल एवं साइबर सेनानियों के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सादे लिवास में पुलिसकर्मी विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रहेंगे तथा डायल 112 की टीमें भी 24 घंटे गश्त करती रहेंगी।अंत में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी जिलेवासियों से चेहल्लुम का पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।

## शराब के साथ अपाची बाइक सवार दो युवक गिरफ्तार

पहाड़पुर(एनएसबी)। शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पहाड़पुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपाचे बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से 08 पीएम फ्रूटी ब्रांड के शराब के 75 पाउच बरामद किए गए। पुलिस ने शराब के साथ प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या ठत 05 ठट 4880) को भी जब्त कर लिया।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अभिमन्यु कुमार (पिता जितेंद्र प्रसाद) एवं राजन कुमार (पिता रविन्द्र कुमार), दोनों निवासी सरेया मिसरायन टोला, थाना पहाड़पुर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि शराब तस्करी की सूचना पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब और बाइक को विधिसम्मत जब्त कर लिया गया है। दोनों आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया गया।उन्होंने कहा कि शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### चेहल्लुम पर्व के दौरान अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

#### सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी नजर

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** आगामी चेहल्लुम पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। रविवार को तुरकौलिया थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भड़काऊया सांप्रदायिक पोस्ट साझा करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने की। उन्होंने कहा कि बिना प्रशासनिक लाइसेंस के किसी नए जुलूस या अखाड़े की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी जुलूस पारंपरिक मार्गो से ही निर्धारित समय के भीतर निकाले जाएंगे। डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, जबकि घातक हथियारों के प्रदर्शन और शांति भंग करने वाली गतिविधियों पर भी सख्ती से रोक रहेगी। सीओ प्रभात कुमार ने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है। इसके लिए पुलिस और प्रशासन संयुक्त रूप से पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और संदिग्ध गतिविधि या भ्रामक सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सीओ प्रभात कुमार, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, एसआई मनीष कुमार, मुखिया सुनील टाइगर, विनोद सिंह, अशरफ आलम, कयामुद्दीन अंसारी, रामजन्म पासवान, संभू श्रीवास्तव, जिला परिषद प्रतिनिधि हेमंत वर्मा, सरपंच मो़ शोएब, मनोज गुप्ता, पुनदेव सहनी, ड़ अफजल आलम, पूर्व मुखिया कामरुज्जमा, अधिवक्ता फिरोज आलम, पंचायत समिति सदस्य ईद मोहम्मद देवान, मुन्ना दुबे, अनीश आलम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### नौवाडीह में प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई संपन्न, पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण पूर्ण होने के उपरांत सोमवार को प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का सफल आयोजन उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय (यूएचएस) नौवाडीह में किया गया। कार्यक्रम में वरीय उपसमाहर्ता विकास कुमार एवं सामाजिक अंकेक्षण सोसाइटी, पूर्वी चंपारण के जिला संसाधन व्यक्ति (डीआरपी) संजय कुमार का स्वागत किया गया।जनसुनवाई के दौरान सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा प्रस्तुत निष्कर्षों एवं प्रतिवेदन पर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों, विद्यालय प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों की उपस्थिति में विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान प्राप्त शिकायतों, सुझावों एवं अनियमितताओं पर विभागीय अधिकारियों ने तथ्यात्मक उत्तर प्रस्तुत किए तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।अधिकारियों ने कहा कि समग्र शिक्षा योजना में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सामुदायिक सहभागिता को मजबूत बनाने की दिशा में जनसुनवाई एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी एवं जनोन्मुखी बनाने में सहायता मिलेगी।कार्यक्रम में वरीय उपसमाहर्ता विकास कुमार, सामाजिक अंकेक्षण सोसाइटी के डीआरपी संजय कुमार, सदस्य मुखदेव मिश्र, सामाजिक कार्यकर्ता कौशल किशोर सिंह, कमला देवी (जीविका), यूएचएस नौवाडीह के प्रधानाध्यापक अमृतेन्द्र कुमार, मध्य विद्यालय नौवाडीह के प्रधानाध्यापक हीरालाल राउत सहित मनोज कुमार, राखी कुमारी, रेणु कुमारी, शाहिद हुसैन, आदित्य सिंह, अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, सुनील मिश्र, रत्लेश सिंह, जितेन्द्र नारायण सिंह, ओमप्रकाश यादव, मणिभूषण सिंह, रमेश कुमार, रंजू कुमारी, किरण कुमारी, देवेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश कुमार, रमेश प्रसाद पाल, संजय कुमार तथा बड़ी संख्या में प्रधानाध्यापक, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक अंकेक्षण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### एनटीपीसी के पास भीषण बाइक हादसा, युवक गंभीर रूप से घायल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़-एनटीपीसी मार्ग पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए



सड़क दुर्घटना में जख्मी बेसुध सड़क पर पड़ा हुआ एवं जख्मी युवक की बाइक।

तत्काल घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक दुर्घटना का कारण मानी जा रही है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को भी घटना की सूचना दी, जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई।घायल युवक की जेब अथवा सामान से ऐसी कोई जानकारी नहीं मिल सकी, जिससे उसकी पहचान सुनिश्चित हो सके। ऐसे में सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कोई इस युवक को पहचानता हो या उसके परिवार के बारे में जानकारी रखता हो, तो तत्काल संबंधित अस्पताल, स्थानीय पुलिस अथवा आसपास के लोगों को सूचित करें, ताकि समय रहते परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके।

### बाढ़ की सनसनीखेज डकैती का खुलासा आज!

#### तार जुड़े भगवतीपुर करमौर से, लूट का सोना-नगदी, हथियार और लुटेरे पुलिस के शिकंजे में

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई दो भीषण डकैती की वारदातों के खुलासे को लेकर पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, स्वर्गीय नगीना पासवान के घर तथा बुढ़नीचक में हुई चर्चित डकैती कांड का पुलिस ने अहम सुराग तलाश लिया है और पूरे मामले के तार भगवतीपुर करमौर से जुड़े होने की बात सामने आ रही है।विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो पुलिस ने इस मामले में कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से डकैती के दौरान लूटे गए सोने के आभूषण, नकदी, घटना में प्रयुक्त हथियार तथा अन्य महत्वपूर्ण सामान भी बरामद किए जाने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ के बाद पुलिस को पूरे गिरोह और उसके नेटवर्क की महत्वपूर्ण जानकारी मिली है।सूत्रों के अनुसार, इस बहुचर्चित डकैती कांड का आधिकारिक खुलासा सोमवार को आयोजित होने वाली प्रेस वार्ता में किया जा सकता है। संभावना है कि पुलिस अधीक्षक अथवा वरीय पुलिस अधिकारी पूरे घटनाक्रम, गिरफ्तार आरोपितों की भूमिका, बरामी और गिरोह के आपराधिक इतिहास की विस्तृत जानकारी मीडिया के समक्ष साझा करेंगे।उल्लेखनीय है कि स्व़ नगीना पासवान एवं बुढ़नीचक में हुई डकैती की घटनाओं ने पूरे बाढ़ अनुमंडल में दहशत का माहौल पैदा कर दिया था। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं को लेकर आम लोगों में पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे थे। ऐसे में यदि पुलिस इस कांड का सफलतापूर्वक खुलासा करती है तो इसे हाल के दिनों की सबसे बड़ी कार्रवाई माना जाएगा।हालांकि, पुलिस की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। सभी की निगाहें अब आज होने वाली प्रेस वार्ता पर टिकी हैं, जहां इस सनसनीखेज डकैती कांड से जुड़े हर पहलू से पर्दा उठने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त खबरें

### देहद पंचायत की बेटी आयुषी सिंह बनीं एमबीबीएस डॉक्टर, गांव में खुशी की लहर



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देहद पंचायत के बेहट गांव की बेटी आयुषी सिंह उर्फ खुशी ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर चिकित्सक बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों एवं गांव में खुशी का माहौल है। कहा जाता है कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। यदि मेहनत, लगन और अच्छे संस्कार हों तो बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं रह जाता। बेटियां भी हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं। आयुषी सिंह ने इसी बात को साबित किया है। आयुषी सिंह, झारखंड सचिवालय में सेक्शन ऑफिसर रहे दिवंगत अरुण कुमार सिंह की पुत्री हैं। बचपन से ही वे मेधावी छात्रा रही हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा झारखंड में हुई। उन्होंने डीएवी सामली, रांची से इंटरमीडिएट ($2) की पढ़ाई पूरी की तथा आकाश इंस्टीट्यूट से नीट परीक्षा की तैयारी की। इसके बाद उन्होंने रामा मेडिकल कॉलेज, हापुड़ उत्तर प्रदेश से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की। वर्तमान में आयुषी सिंह इंटर्नशिप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता, दिवंगत पिता तथा अपने बड़े चाचा को दिया है, जिनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। आयुषी की इस सफलता से पूरे परिवार के साथ-साथ बेहट गांव और देहद पंचायत के लोगों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे आगे भी चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देकर समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।

### पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं, संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देश पर आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से त्वरित समाधानह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों की ओर से रखी गई शिकायतों एवं समस्याओं को श्री सिहाग ने गंभीरता से सुना। इस दौरान फरियादियों की ओर से प्रस्तुत मामलों की जानकारी लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों को शिकायतों के निष्पादन में तत्परता बरतने तथा मामलों का नियमानुसार त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया।



कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस ने आम नागरिकों को उनकी शिकायतों के समाधान के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### वनस्पति शास्त्र के विभागाध्यक्ष के सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई समारोह आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ अनिरुद्ध कुमार के सेवानिवृत होने के उपरांत भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अशोक कुमार सिंह निज आवास में डॉ अनिरुद्ध कुमार को पाग, चादर अंग वस्त्र एवं केक काटकर विदाई समारोह मनाया गया। इस छोटे से विदाई समारोह में कॉलेज आफ इंस्पेक्टर साइंस प्रो डॉ अशोक, सुधा कुमारी ,माला सिंह, डा विवेक कुमार, डा नवनीत कुमार सिंह, डा रफत परवेज, मनीष कुमार सिंह ,उदय कुमार एवं निरंजन मौजूद रहे। कॉलेज इंस्पेक्टर साइंस प्रो अशोक ने कहा कि सेवानिवृत्ति तो कार्यरत सभी शिक्षक को एक दिन होना ही है ये जहां भी रहे सदा स्वस्थ एवं दीघार्यु रहे ईश्वर से हम यही कामना करते हैं। कुलसचिव प्रो डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि हम अपने स्तर से हर संभव प्रयास करेंगे कि इनको सेवानिवृत्ति का सारा लाभ जल्द से जल्द मिल सके।डॉ विवेक कुमार ने कहा कि अनिरुद्ध कुमार अपने कार्य के प्रति महाविद्यालय में सदा कर्तव्य निष्ठ दिखे। डॉ रफत परवेज ने कहा कि अनिरुद्ध कुमार जी अतिथि शिक्षकों के साथ सदा अभिभावक जैसा ही व्यवहार महाविद्यालय में करते थे। उनकी कमी महाविद्यालय को सदा खलेगी।अंत में अनिरुद्ध कुमार द्वारा इस छोटे से मिलन विदाई समारोह में गीत गा कर शमा बांध दिया सबो ने उनके दीघार्यु होने की कामना की।




### राजकीय पॉलिटेक्निक में मानसिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति एवं राजयोग पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निदेर्शानुसार राजकीय पॉलिटेक्निक के सेमिनार हॉल में नयी उम्मीद एक बेहतर कल अभियान के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं मानसिक कल्याण विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तनाव प्रबंधन, जीवन कौशल, समय प्रबंधन, नशामुक्ति तथा सकारात्मक जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था के प्रतिनिधि कर्नल रविशंकर एवं पूनम दीदी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। संस्थान के प्राचार्य प्रो0 मिथुन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का मानसिक एवं नैतिक विकास भी उतना ही आवश्यक है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो0 नीति ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ विद्यार्थी ही अपने जीवन एवं करियर में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित व्याख्याताओं ने स्वयं नशामुक्त रहने, दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने तथा मानसिक रूप से स्वस्थ, सकारात्मक एवं अनुशासित जीवन अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया।इस अवसर पर प्रो0 शुभम, प्रो0 प्रभास, प्रो0 मनमोहन कृष्ण, प्रो0 श्वेता, प्रो0 आरती, प्रो0 सारिका, प्रो0 अंजू, प्रो0 दीपशिखा, प्रो0 ज्योति, प्रो0 सौरभ सहित संस्थान के अन्य व्याख्यातागण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे

### 12 घंटा का भगैत सम्मेलन संपन्न, भक्ति रस में सराबोर रहे श्रद्धालु।

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र की सहुरिया पंचायत अंतर्गत ठढ़िया गांव के वार्ड संख्या-7 स्थित बाबा शिव मंदिर परिसर में सोमवार को 12 घंटे का संवेदी वाणी सनातन धर्म बाबा धर्मराज मासिक भगैत सम्मेलन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा धर्मराज एवं भगवान शिव की आराधना की। कार्यक्रम का आयोजन रामविलास शाह एवं राम पुकार शाह के सहयोग से किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भक्ति समर्पित जीवनदानी बाबा सत्यनारायण पंजियार के सानिध्य में हुई। इस अवसर पर क्षेत्र की विभिन्न भगतिया मंडलियों ने पारंपरिक भगैत की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को देर तक भक्ति रस में सराबोर रखा। पूरे दिन मंदिर परिसर भजन-कीर्तन एवं भगैत की मधुर स्वर लहरियों से गूंजता रहा। आयोजन को सफल बनाने में सुरेश मुलगेन, जगनारायण मुलगेन, संतोष पंजियार, रामप्रवेश पंजियार, दीनानाथ महंथ, छेदी दास, शंकर चैधरी, राधेश्याम पंजियार, रामदेव मुलगेन, अरविंद पंजियार, जोगेंद्र पंजियार, सज्जन पंजियार, मंगल पंजियार, अखिलेश पंजियार, देवकीनंदन पंजियार सहित समस्त ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई। समापन अवसर पर अध्यक्ष बाबा सत्यनारायण पंजियार ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि यह फरकिया एक्सप्रेस में प्रकाशित होना है,



# सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन में भीषण आग, इंजन व एक बोगी जलकर खाक; घटना स्थल पर पहुंचे डीआरएम, त्वरित विभागीय जांच शुरू

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर सहरसा-मानसी रेलखंड के मध्य में स्थित है सोमवार अहले-सुबह भयावह दृश्य तब देखने को मिला जब समस्तीपुर-सहरसा मेमू पैसेंजर ट्रेन (63344) के इंजन में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया और इंजन के साथ लगी पहली बोगी भी जलकर खाक हो गई। हालांकि समय रहते यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया। जिससे किसी प्रकार की जनहानि टल गई। घटना के दौरान मौजूद लोग बताते हैं कि ट्रेन लगभग 3,44 बजे प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर पहुंची थी। ट्रेन रुकने के बाद थोड़ी ही देर में इंजन से धुआं उठना शुरू हुआ, जिसे शुरूआत में तकनीकी खामी समझा गया। परंतु कुछ मिनटों में धुंआ बढ़कर आग की बड़ी लपटों में बदल गया और आग ने इंजन से नजदीकी बोगी को भी घेर लिया। बोगियों में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग नींद से जागकर या भागकर प्लेटफॉर्म पर उतर गए। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन पर मौजूद रेलवे कर्मियों ने तत्काल यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल विभाग और रेलवे फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझने के कुछ समय बाद प्रभावित बोगी में पुनः धुआं उठने पर शीतलन (कूलिंग) कार्य भी किया गया। स्टेशन मास्टर संजय कुमार सज्जन ने बताया कि सुबह लगभग 3,22 बजे आग लगने की सूचना उन्हें प्राप्त हुई थी और तुरंत फायर ब्रिगेड व उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया गया। शांति एवं अनुशासन बनाये रखने के कारण किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। यात्रियों ऋतिक व जितेंद्र कुमार सहित कई लोगों ने बताया कि उन्होंने रेलवे हेल्पलाइन व अधिकारियों को घटना का वीडियो भी भेजा। घटना के कारण सहरसा-मानसी रेलखंड पर लगभग तीन घंटे तक रेल परिचालन प्रभावित रहा। इस दौरान मनिहारी, जयनगर जानकी एक्सप्रेस, सहरसा-समस्तीपुर पैसेंजर, सावन स्पेशल तथा कोसी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों के मार्ग प्रभावित हुए और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी पर समस्तीपुर मंडल के डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्र घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। डीआरएम ने बताया कि प्रारम्भिक रूप से लगने वाला कारण तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। विस्तृत कारणों का खुलासा विभागीय जांच रिपोर्ट आने पर किया जाएगा। रेलवे ने घटना की त्वरित विभागीय जांच शुरू कर दी है।





धू-धू जलता ट्रेन-इंजन, पहुंचे डीआरएम

## 100 एकड़ जमीन उपलब्ध होते ही गन्ना आधारित उद्योग होगा स्थापित: मंत्री संजय पासवान

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र में गन्ना उत्पादन की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए यहां गन्ना आधारित उद्योग स्थापित करने की पहल की गई है। इसके लिए जिलाधिकारी को भूमि उपलब्ध कराने संबंधी पत्र पहले ही भेजा जा चुका है। मंत्री ने कहा कि भूमि 100 एकड़ उपलब्ध होते ही उद्योग स्थापना की प्रक्रिया शुरू होगी। इससे स्थानीय किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उक्त बाते बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान सोमवार रात सहरसा के प्रसिद्ध बाबा मटेश्वर धाम सावन मेला के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। मंत्री श्री पासवान ने कहा कि कांवरिया पथ को सुगम बनाएंगे और सिमरी बख्तियारपुर में चीनी मिल खोलने की भी घोषणा की। मंत्री के सहरसा आगमन पर सिमरी बख्तियारपुर से लोजपा के विधायक संजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे। बल्थी चैक पर विधायक संजय कुमार सिंह ने मंत्री का पारंपरिक पाग और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उद्घाटन समारोह के बाद मंत्री ने बाबा मटेश्वर धाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मंत्री ने बताया कि बाबा मटेश्वर धाम आस्था का प्रमुख केंद्र है। सावन माह में हर सोमवार को यहां एक लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने आते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सावन में मुंगेर जिले के छर्रापट्टी घाट से श्रद्धालु गंगाजल लेकर कांवर यात्रा शुरू करते हैं, जो खगड़िया होते हुए बाबा मटेश्वर धाम पहुंचती है। मंत्री ने स्वीकार किया कि इस यात्रा के दौरान कांवरियों को कई स्थानों पर सड़क, लाइट और अन्य सुविधाओं के अभाव में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि राजधानी लौटते ही सहरसा एवं खगड़िया के जिलाधिकारियों को कांवरिया पथ को सुगम बनाने तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा में परेशानी न हो। इसके लिए जिलाधिकारी को भूमि उपलब्ध कराने संबंधी पत्र पहले ही भेजा जा चुका है। मंत्री ने कहा कि भूमि 100 एकड़ उपलब्ध होते ही उद्योग स्थापना की प्रक्रिया शुरू होगी। इससे स्थानीय किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।



बाबा मटेष्वर पूजा करते मंत्री व विधायक

## सावन की पहली सोमवारी पर बाबा मटेश्वर धाम में रात 12,20 बजे ही खुला मंदिर का पट, उमड़ा आस्था का सैलाब, हर हर महादेव से गूंजता रहा बाबा नगरी

**सिमरीबख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)।** बोल बम, हर-हर महादेव और मटेश्वर बाबा की जय के गगनभेदी जयघोष के बीच श्रावण मास की पहली सोमवारी पर प्रसिद्ध बाबा मटेश्वर धाम, कांठो बलवाहाट मंदिर में आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में पहुंचे डाकबम, कांवरिया, साधारण बम और मोटरसाइकिल बम ने भगवान शिव के शिवलिंग पर उत्तरवाहिनी गंगाजल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। पूरे दिन मंदिर परिसर और कांवरिया पथ भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। भीड़ के दबाव में रात 12,20 बजे ही खोलना पड़ा मंदिर का पटश्श श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर न्यास समिति ने सोमवार की पहली सोमवारी पर मंदिर का पट निर्धारित समय से पहले ही रात 12 बजकर 20 मिनट पर खोल दिया। इसके बाद पूरी रात और दिनभर जलाभिषेक का सिलसिला चलता रहा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ उमड़ी कि व्यवस्था संभालने में स्वयंसेवकों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दिनभर मंदिर तक पहुंचने के लिए करीब एक किलोमीटर लंबी कतार लगी रही। बताया गया कि इस वर्ष पहली सोमवारी पर पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुनी भीड़ उमड़ी। एसडीएम सह मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष आलोक राय पूरी रात मंदिर परिसर से लेकर कांवरिया पथ तक सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल ने भीड़ नियंत्रण एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर लगातार मोर्चा संभाले रखा। मुंगेर की उत्तरवाहिनी गंगा से जल लेकर पहुंचे कांवरियाश्श रविवार सुबह सिमरीबख्तियारपुर, सोनबरसा कचहरी, सलखुआ, धमारा घाट, बदला घाट सहित अन्य रेलवे स्टेशनों से हजारों कांवरियों का जत्था मुंगेर के प्रसिद्ध छर्रा पट्टी घाट पहुंचा। महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणों ने पूरी रात कांवरियों की सेवा की। शिविरों में श्रद्धालुओं के लिए गर्म पानी, ठंडा पानी, शर्बत, फल, ड्राई फ्रूट, जूस एवं अन्य खाद्य सामग्री की निःशुल्क व्यवस्था की गई। वहीं मंदिर परिसर में ग्रामीण चिकित्सक संघ द्वारा मुन्ना पाठक की देखरेख में चिकित्सा शिविर लगाया गया, जहां पैदल यात्रा के दौरान घायल अथवा अस्वस्थ हुए कांवरियों का उपचार किया गया। इस बार बाबा मटेश्वर धाम मंदिर को पहली बार उत्तराखंड स्थित प्रसिद्ध केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर आकर्षक ढंग से सजाया गया। व्यवस्था में जुटे रहे प्रशासनिक अधिकारी व न्यास समितिश्श पूरे आयोजन के दौरान एसडीएम आलोक राय, मुख्यालय डीएसपी धीरेन्द्र पांडेय, डीसीएलआर सीतू शर्मा, सलखुआ बीडीओ वीरेंद्र कुमार, बीडीओ मोहन कुमार सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर निवास कुमार, इंस्पेक्टर मु. शुजाउद्दीन, बलवाहाट थानाध्यक्ष राजू कुमार, बख्तियारपुर थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई। मंदिर के गर्भगृह की व्यवस्था पंडा एवं अन्य कार्यकताओं ने संभाली। वहीं मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष मुन्ना भगत, सचिव संतोष सिंह, कोषाध्यक्ष किशु खेतान, कृष्ण कन्हैया, मिलन सिंह, मुखिया संजीव कुमार जायसवाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक पूरी रात और दिनभर श्रद्धालुओं की सेवा एवं व्यवस्था में जुटे रहे।



बाबा का पूजा करते श्रद्धालु

## सांसद पप्पू यादव के ऊपर हुए हमले के विरोध में गृह मंत्री व दिल्ली के मुख्यमंत्री का फुका पुतला

**सहरसा शहर (एनएसबी)।**देश की राजधानी दिल्ली में सांसद पप्पू यादव के प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हुई घटना के विरोध में पूरे बिहार के सभी जिला मुख्यालयों पर केंद्रीय गृह मंत्री एवं दिल्ली सरकार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रंजन यादव ने कहा कि कार्यकताओं एवं सांसद पप्पू यादव के समर्थकों के बदौलत दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान श्री यादव पर जानलेवा हमला करने के प्रयास को विफल किया गया। उनका कहना है कि साथियों की सतर्कता के कारण एक बड़ी घटना टल गई। जिस तरह से सांसद के ऊपर घटना घटी है यह निंदनीय है। इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए यूथ कांग्रेस से शंकर मंडल ने कहा है कि देश के नंबर वन सांसद पप्पू यादव के ऊपर इस तरह की घटना होना बहुत ही दुखद है। हम देश के गृह मंत्री से मांग करते हैं। उन्हें जेड प्लस सुरक्षा अविलंब दी जाए। अगर किसी को यह लगता है की पप्पू यादव ने सनातन धर्म का अपमान किया तो वे सनातन के साथी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की रथ के आगे जब बजरंगबली के भेष में नंगा नाच हो रहा था तब वह कहां थे। सब लोग चंदा चोर को बचाने में लगे हुए हैं ।अकेले सांसद इस मामले को पूरा देश में उजागर करने का काम किये हैं हम पप्पू वादी और बिहार के लिए बड़ी गर्व की बात है।विक्रम यादव ने कहा जिस तरह से सांसद पप्पू यादव पर चाकू से हमला किया यह निंदनीय है और दिल्ली जैसे शहर में लव एंड ऑर्डर का धज्जियां उड़ा दिया। इस पुतला दहन कार्यक्रम के मौके पर कमलेश्वरी यादव, शशि यादव, उमेश यादव, विपिन यादव, दीपक झा, अजित यादव, ताबिश मेहर, विपिन यादव, इंद्रजीत कुमार, मनीष कुमार, महेश यादव, दीपक यादव, लड्डू यादव, बबलू कुमार, अंशु कुमार सिंह, आशीष कुमार आदि लोग शामिल थे।



पुतला में षामिल पप्पू के कार्यकत्र्ता

## बड़गांव पंचायत में सड़क निर्माण में संवेदक पर लापरवाही का आरोप,

### फरवरी 2026 में समय सीमा बीतने के बाद भी पूरा नहीं हुआ काम

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के बड़गांव पंचायत से मोकमा नब्बैडीह तक बैलदौर वितरणी नहर पर मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत निमार्णाधीन सड़क की दयनीय स्थिति को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। लगभग 1.820 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण करीब 1 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से करवाया जा रहा था , लेकिन बीच अधर में कार्य को रोक दिया गया जिससे बारिश में सड़क की बदहाल स्थिति सामने आने से लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण एजेंसी मां ज्वाला इंटरप्राइजेज संवेदक गुड्डू झा के द्वारा लगाए गए सूचना बोर्ड पर कार्य पूर्ण होने की तिथि फरवरी 2026 अंकित है। इसके बावजूद सड़क का निर्माण अब तक अधूरा है और कई स्थानों पर जलजमाव तथा कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो गई है। लोगों का आरोप है कि हल्के बारिश में ही सड़क की इस स्थिति से आमजन परेशान है। बताया जाता है कि बड़गांव से पूरब स्थित यह सड़क बैलदौर वितरणी नहर के रास्ते बलिया, नब्बैडीह, मोतिबारी और संथाली टोला सहित कई गांवों को जोड़ती है। यह मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण एवं प्रमुख साधन है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अभी से सड़क की ऐसी स्थिति है, तो मानसून के दौरान लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि निर्धारित समय सीमा बीतने के बावजूद निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया। उन्होंने संबंधित विभाग से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच, दोषी संवेदक (ठेकेदार) के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के कार्यान्वयन में यदि इस प्रकार की लापरवाही बरती गई, तो ग्रामीण विकास का उद्देश्य प्रभावित होगा। फिलहाल इस मामले में प्रशासन और संबंधित विभाग की कार्रवाई पर क्षेत्रवासियों की निगाहें टिकी हुई हैं।




जर्जर सड़क, लगा वोर्ड

## भविष्य का निर्माण करने के साथ शोध की प्रवृत्ति को बढ़ावा देती है एनईपी 2020: डॉ. इंद्रकांत

**सहरसा शहर (एनएसबी)।**अखिल भारतीय शिक्षा समागम अन्तर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन के छह वर्ष पूरे होने के अवसर पर राजेंद्र मिश्र कॉलेज में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ.इंद्रकांत झा और संचालन डॉ.प्रतिभा कपाही ने की। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ.इंद्रकांत झा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य का निर्माण करने के साथ-साथ उनमें शोध की प्रवृत्ति को बढ़ावा देती हैं। यह नीति युवाओं को सीमित संसाधनों के बावजूद अपने जीवन के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से प्राप्त करने की कला और कौशल सिखाती है। यह आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और व्यावहारिक कौशल विकसित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ.आशुतोष कुमार झा ने कहा कि शिक्षा नीति 2020 केवल पाठ्यक्रम में बदलाव नहीं है, बल्कि यह भारतीय युवाओं को वैचारिक रूप से स्वतंत्र, कर्तव्यनिष्ठ और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनाने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में डॉ.रामानन्द रमण ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दूरगामी प्रभावों और इसके मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ.रमण ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को विशेष रूप से छात्रों के उज्जवल भविष्य और उनके समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ.प्रतिष्ठा कुमारी, डॉ.शुभ्रा पांडे, डॉ.प्रतिभा कपाही, डॉ.संजय कुमार परमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक डॉ.संजय कुमार, डॉ.अरुण कुमार, डॉ.श्वेता प्रसाद, डॉ.मोनिका कुमारी, डॉ.राम अवधेश, डॉ.डेजी कुमारी, डॉ.आरती कुमारी, डॉ.कृष्ण कुमार यादव, डॉ.पंकज कुमार, डॉ.सतीश राज, डॉ.सत्तार आलम, डॉ.सुरुचि चंद्रा, डॉ.लक्ष्मण कुमार, डॉ.आनंद कुमार मिश्र, डॉ.मनीष रंजन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और छात्र छात्राएं मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

### जलाभिषेक कर की सुख समृद्धि की कामना

**महेशखूंट।** सावन की पहली सोमवारी को महेशखूंट के आस पास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। पकरैल के लेवा,मुगरियाटोल, शादीपुर, लछमिनियां महेशखूंट के राजधाम,केसव चौक,चौधा नयानगर बन्नी सहित अन्य शिवालय में श्रद्धालु ने सुबह ान करके भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग पर बेलपत्र,आक, धतुरा,भांग के पत्ते, चंदन आदि पुजन सामग्रियों से श्रद्धा पूर्वक पुजा अर्चना किया। वहीं श्रद्धालु अंजली कुमारी, लक्ष्मी कुमारी,नेहा कुमारी,आरती कुमारी आदि ने बताया की सावन की पावन मास में जो भक्त बाबा भोलेनाथ की श्रद्धा से पुजा अर्चना करता है। उसका हर मनोकामना पूरी होती है।

### अलग-अलग मारपीट के मामले में दो गिरफ्तार

**चौथम।** चौथम पुलिस ने मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि चौथम थाना कांड संख्या 199⁄26 में नामजद आरोपित तेगाछी गांव निवासी गणेश सिंह को गिरफ्तार किया गया। उन पर मारपीट करने का आरोप है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, एक अन्य मामले में पड़ोसी के घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में गोविंद कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, वह भी मारपीट मामले का प्राथमिक अभियुक्त है। पूछताछ एवं कानूनी कार्रवाई के उपरांत उसे भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### प्राथमिक विद्यालय के पास कचरा डंपिंग होने से स्कूली बच्चें परेशान

**गोगरी।** नगर परिषद गोगरी द्वारा शहर का कचरा फतेहपुर हाहाधर स्थित सड़क किनारे पर फेंका जा रहा है। इसी स्थान के समीप एक प्राथमिक विद्यालय भी संचालित है, जिससे कचरे से उठने वाली तेज दुर्गंध और गी के कारण स्कूली बच्चों, शिक्षकों तथा आसपास के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह से शाम तक कचरा ढ़ोने वाले वाहन यहां पहुंचते हैं और खुले में कचरा डंप कर दिया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, कचरे से निकलने वाली बदबू के कारण विद्यालय में पढ़ाई प्रभावित होती है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। कचरे के ढेघ्र पर मक्खियों और मच्छरों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। कई अभिभावकों ने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि आबादी और विद्यालय के निकट कचरा डंपिंग तत्काल बंद की जाए तथा वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन की व्यवस्था की जाए। लोगों का कहना है कि स्वच्छता के नाम पर यदि रिहायशी क्षेत्र और विद्यालयों के पास कचरा डंप किया जाएगा तो यह बच्चों के स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए गंभीर खतरा साबित होगा। वहीं इस मामले मे नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी सुमन कुमार ने कहा की फिलहाल उस जगह पर कचरा को डंपिंग करने से मना कर दिया गया है। उसपर ब्लीचिंग का छिड़काव कर दिया जाएगा। कचरे को गड्ढे के नीचे टाल दिया जाएगा।

### सावन की प्रथम सोमवारी को भक्तों की उमड़ी भीड़

**बेलदौर।** सावन की प्रथम सोमवारी पर बेलदौर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध बाबा फुलेश्वर नाथ शिव मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। अगुवानी घाट से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र गंगा जल लेकर निकले करीब 30 हजार डाक व कांवरिया बमों ने 75 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा पूरी कर बाबा का जलाभिषेक किया। रास्ते भर बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की



मंदिर में पूजा अर्चना करते शिवभक्त।

सुविधा के लिए मार्ग में जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए थे, जहाँ चिकित्सा, गर्म पानी और भोजन की निरूशुल्क व्यवस्था रही। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महाभारत काल में अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहाँ शिवलिंग की स्थापना कर पूजा-अर्चना की थी।

# डेहरी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के हत्या के विरोध में नप कर्मियों ने जताया विरोध

**खगड़िया (एनएसबी)।** डेहरी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की निर्मम हत्या के विरोध में सोमवार को नगर परिषद खगड़िया कार्यालय पूरी तरह बंद रहा। इस दौरान नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने दिवंगत अधिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी एवं कठोर दंड की मांग की गई। शोकसभा के दौरान नगर परिषद परिसर में गमगीन माहौल रहा। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कहा कि यह घटना केवल एक अधिकारी की हत्या नहीं, बल्कि पूरे नगर निकाय तंत्र पर हमला है। यदि नगर निकायों में कार्यरत अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि स्वयं सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो विकास कार्यो एवं जनसेवा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। नगर सभापति अर्चना कुमारी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि एक लोकसेवक की दिनदहाड़े हत्या होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार को अब नगर निकायों में कार्यरत कार्यपालक पदाधिकारियों,



शोकसभा में नपकर्मी।

अभियंताओं, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर व्यापक और स्थायी नीति बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व सुल्तानगंज नगर परिषद में भी नगर निकाय से जुड़े जनप्रतिनिधि एवं कार्यपालक पदाधिकारी पर जानलेवा हमला हुआ था। यदि उस घटना से समय रहते सबक लेकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया होता, तो संभव है कि आज इस प्रकार की दुखद घटना की पुनरावृत्ति नहीं होती। अब सरकार को इस विषय को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए सभी नगर निकायों के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के लिए प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। नगर सभापति ने कहा कि नगर निकायों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि प्रतिदिन विभिन्न संवेदनशील मामलोंअतिक्रमण हटाने, अवैध निर्माण रोकने, सरकारी भूमि की रक्षा करने, कर वसूली, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा प्रशासनिक निर्णयों से जुड़े कार्य करते हैं। ऐसे में कई बार उन्हें असामाजिक तत्वों का विरोध भी झेलना पड़ता है। इसलिए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। कार्यपालक पदाधिकारी सिंधु कमल ने कहा कि डेहरी की घटना ने पूरे नगर निकाय परिवार को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने दिवंगत कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरकार दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करे तथा उन्हें कानून के अनुसार कठोर दंड दिलाए। साथ ही नगर निकायों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए, ताकि वे निर्भय होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। उन्होंने कहा कि नगर निकायों के अधिकारी प्रतिदिन जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेते हैं। ऐसे में यदि उनके मन में सुरक्षा को लेकर भय का वातावरण रहेगा, तो इसका प्रतिकूल असर विकास कार्यो पर पड़ेगा। इसलिए आवश्यक है कि राज्य स्तर पर सुरक्षा संबंधी स्पष्ट दिशा-निर्देश एवं प्रभावी व्यवस्था लागू की जाए। शोकसभा में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने दिवंगत कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। सभी ने एक स्वर में राज्य सरकार से मांग की कि दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नगर निकायों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

## सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़, विशेष पूजा-अर्चना और जलाभिषेक से गूंजा क्षेत्र

**चौथम।** सावन माह की पहली सोमवारी के अवसर पर चौथम प्रखंड के विभिन्न शिवालयों, ठाकुरबाड़ियों एवं मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिरों में उमड़ पड़ी। पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। बताते चले कि सावन माह के आरंभ के साथ ही हिंदू धर्म के प्रमुख धार्मिक अनुष्ठानों और पर्वो की शुरुआत हो जाती है। पहली सोमवारी का विशेष धार्मिक महत्व होने के कारण श्रद्धालु सुबह से ही ान-ध्यान कर उपवास रखते हुए मंदिरों में पहुंचे और विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, अक्षत, चंदन, धूप-दीप एवं नैवेद्य अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की। वही प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सावन के आगमन के साथ ही बोल बम की गूंज सुनाई देने लगी है। कई श्रद्धालु देवघर सहित अन्य प्रसिद्ध शिवधामों की कांवड़ यात्रा पर निकल चुके हैं, जबकि बड़ी संख्या में भक्त स्थानीय शिवालयों में जल चढ़ाकर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। मंदिरों की साफ-सफाई,रंग-रोगन और विशेष सजावट पहले से ही कर दी गई थी, जिससे सभी धार्मिक स्थल आकर्षक एवं मनोहारी दिखाई दे रहे थे। जानकारी हो कि पहली सोमवारी पर महिलाओं, युवतियों और किशोरियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजी श्रद्धालु महिलाएं पूजा की थाली में फूल, बेलपत्र, धूप, दीप, फल और नैवेद्य लेकर मंदिर पहुंचीं तथा भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक और पूजन किया। मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और दिनभर पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा। इस अवसर पर कई शिवालयों एवं ठाकुरबाड़ियों में भजन-कीर्तन, सत्संग, शिव महिमा का गुणगान और धार्मिक प्रवचन का भी आयोजन किया गया। भक्ति संगीत और हर-हर महादेव के उद्घोष से पूरा वातावरण शिवमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आरती में भाग लेकर भगवान शिव से सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन माह में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है। वेद-पुराणों में वर्णित है कि इस पवित्र महीने में श्रद्धापूर्वक की गई पूजा-अर्चना और व्रत का अनेक गुना फल प्राप्त होता है। यही कारण है कि सावन की पहली सोमवारी से ही क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है और पूरे माह धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहता है। गौरतलब हो कि सावन की पहली सोमवारी पर चौथम प्रखंड का पूरा क्षेत्र शिवभक्ति में डूबा नजर आया। मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भजन-कीर्तन, जलाभिषेक और धार्मिक आयोजनों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले सूबेदार इन्द्रदेव कुमार भूषण का खगड़िया में सम्मान

**खगड़िया।** पूर्व सैनिक संघ के तत्वावधान में शहर के गौशाला रोड स्थित भूतपूर्व सैनिक संघ कार्यालय में भारतीय सेना के सूबेदार इन्द्रदेव कुमार भूषण के सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बताते चले कि वे अपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सूबेदार इन्द्रदेव कुमार भूषण के भारतीय सेना से 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह में पूर्व सैनिकों, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सूबेदार इन्द्रदेव कुमार भूषण ने कहा कि भारतीय सेना में सेवा देना उनके जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करना केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च कर्तव्य है। उन्होंने अपने सैन्य जीवन के अनुभव साझा करते हुए युवाओं से राष्ट्रसेवा, अनुशासन और समर्पण की भावना अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सेना से सेवानिवृत्ति के बाद भी वे समाज और युवाओं के बीच रहकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते रहेंगे। इन्द्रदेव कुमार भूषण ने 27 जुलाई 1998 को भारतीय थल सेना की इलेक्ट्रनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स शाखा में सेवा शुरू की थी और 31 जुलाई 2026 को सेवानिवृत्त हुए। बताते चले कि वे पिछले 23 वर्षो से योग प्रशिक्षक के रूप में भी वे लोगों को योग के प्रति जागरूक करते रहे हैं। उनका पैतृक निवास सतीश नगर, परबत्ता है, जबकि वर्तमान में वे भवानी नगर, हरदाशचक (पश्चिम), खगड़िया में रहते हैं। उनकी पत्नी सुधा कुमारी प्राथमिक विद्यालय मलपा में प्रधान शिक्षिका हैं। समारोह में उपस्थित लोगों ने उनके सैन्य योगदान, अनुशासित जीवन और समाज सेवा की भावना की सराहना करते हुए उन्हें सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रतिनिधि मंडल में संघ के सचिव नायब सूबेदार नरेश प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष सूबेदार सुरेश सिंह, कैप्टेन राम सकल सिंह, कैप्टेन योगेंद्र प्रसाद सिंह, कैप्टेन चंद्रवीर ठाकुर, नायब सूबेदार अमरकांत वर्मा, सूबेदार अनुज कुमार यादव , पूर्व प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद, समाजसेवी नागेंद्र सिंह त्यागी, सुजीत बजाज, दिलीप कुमार वर्मा, बाल्मीकि सिंह हवलदार ललन सिंह, नायब सूबेदार अरविंद प्रसाद सिंह, लेफ्टिनेंट संजय कुमार यादव, हवलदार प्रिंस कुमार, हवलदार निरंजन कुमार, हवलदार रमेश ठाकुर, सूबेदार प्रीतम कुमार सिंह, नायक राजेश कुमार सूबेदार छोटन सिंह शामिल थे।




कार्यक्रम में इन्द्रदेव कुमार भूषण।

# श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक में अत्याधुनिक ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर मशीन का शुभारंभ

**खगड़िया (एनएसबी)।** श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कलेज अस्पताल एवं शहीद प्रभु नारायण मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल, परमानंदपुर के ब्लड बैंक में अत्याधुनिक ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर मशीन का शुभारंभ सोमवार को विधायक बाबूलाल शौर्य, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष ड़ पवन कुमार, सचिव ड़ शैलेन्द्र कुमार, वरिष्ठ चिकित्सक ड़ प्रेम कुमार, मेडिकल कलेज के प्राध्यापक ड़ ज्ञानभूषण तथा अस्पताल के निदेशक ड़ विवेकानन्द ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



कार्यक्रम में विधायक व अन्य।

इस अवसर पर विधायक बाबूलाल शौर्य ने कहा कि यह मशीन खगड़िया जिले की लगभग 18 लाख आबादी के साथ-साथ आसपास के जिलों के मरीजों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अब एक यूनिट संपूर्ण रक्त को वैज्ञानिक प्रक्रिया द्वारा लाल रक्त कण प्लेटलेट्स तथा प्लाज्मा जैसे विभिन्न रक्त अवयवों में पृथक कर आवश्यकता के अनुरूप अलग-अलग मरीजों को उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे रक्त का अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग संभव होगा तथा अधिक मरीजों को जीवनरक्षक उपचार मिल सकेगा। आईएमए के अध्यक्ष ड़ पवन कुमार ने कहा कि डेंगू सहित अन्य गंभीर बीमारियों में प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को अब तक पटना, भागलपुर अथवा अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन की सुविधा प्रारंभ होने से स्थानीय स्तर पर ही प्लेटलेट्स उपलब्ध होने की दिशा में बड़ी राहत मिलेगी, जिससे उपचार में विलंब कम होगा। आईएमए के सचिव ड़ शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि कई शल्य चिकित्सा, दुर्घटनाओं तथा गंभीर एनीमिया के मामलों में मरीजों को केवल पैक्ड रेड ब्लड सेल्स की आवश्यकता होती है। नई व्यवस्था से आवश्यकता के अनुसार उचित रक्त अवयव उपलब्ध कराना संभव होगा, जिससे उपचार की गुणवत्ता में सुधार आएगा और रक्त का अनावश्यक अपव्यय भी रुकेगा। चिकित्सक ड़ प्रेम कुमार ने कहा कि अब प्लाज्मा जैसे महत्वपूर्ण रक्त अवयवों के लिए मरीजों को जिले से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण सुविधा के लिए मेडिकल कलेज एवं अस्पताल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। मेडिकल कलेज के मीडिया प्रभारी एंव सामाजिक कार्यकर्ता अमरीष कुमार ने जारी बयान में कहा कि ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर मशीन की स्थापना खगड़िया की स्वास्थ्य सेवाओं के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे न केवल डेंगू, दुर्घटना, प्रसूति, थैलेसीमिया, गंभीर रक्तस्राव तथा बड़ी शल्य चिकित्सा वाले मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध होगा, बल्कि रक्तदान की प्रत्येक यूनिट का अधिकतम वैज्ञानिक उपयोग सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि यह सुविधा क्षेत्रीय स्वास्थ्य अवसंरचना को सुढ़ करने तथा मरीजों को महानगरों पर निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में नगर सभापति खगड़िया के प्रतिनिधि ज्योतिष मिश्रा, मानवता संरक्षण अभियान के राजमणि एवं नीतीश, सरदार मनजीत, ड़ प्रिंस,डाज्ञैनेन्द्र नाहर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं चिकित्सक उपस्थित रहे। इस अवशर पर ब्लड डोनर उत्तम कुमार एवं साजन कुमार को विधायक बाबूलाल लाल शौर्य द्वारा सम्मानित किया गया।

संक्षिप्त खबरें

### बौरने विषहरी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु

**चौथम।** प्रखंड के पूर्वी बौरने पंचायत स्थित बौरने स्थान गांव में अवस्थित प्राचीन विषहरी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बागमती नदी के तट पर स्थित इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल पर हर वर्ष सावन ष्ण पक्ष के प्रथम पखवाड़े में माता विषहरी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस अवसर पर खगड़िया सहित आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पहुंचते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से माता विषहरी की आराधना करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। नाग पंचमी के दिन माता के सेवायत भगत के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद एवं मनोकामना पूर्ण होने का संदेश भी प्राप्त होता है। यही कारण है कि इस दिन मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहता है। मंदिर में वैसे तो प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को भी पूजा का आयोजन होता है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। किंतु नाग पंचमी और बसंत पंचमी के अवसर पर यहां विशेष पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान और भव्य आयोजन किए जाते हैं। इस विषहरी स्थान का इतिहास भी काफी प्राचीन और रोचक माना जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई शताब्दियों पूर्व माता विषहरी ने ग्रामीणों को स्वप देकर देवका कोटा स्थित एक स्थान से अपनी प्रतिमा बौरने स्थान लाकर स्थापित करने का निर्देश दिया था। इसके बाद ग्रामीणों ने विधिवत माता की स्थापना की और तभी से यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना की परंपरा चली आ रही है। मंदिर परिसर की एक विशेषता यह भी है कि यहां समय-समय पर खुदाई के दौरान प्राचीन शिलालेख एवं शिलापट्ट प्राप्त हुए हैं, जिन्हें आज भी मंदिर परिसर में सुरक्षित रखा गया है। ये अवशेष इस स्थल की प्राचीनता और ऐतिहासिक महत्व को दशति हैं। नाग पंचमी के अवसर पर मंदिर परिसर में भव्य मेले का भी आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ मेले का आनंद लिया। इस दौरान भजन-कीर्तन एवं धार्मिक गीत-संगीत के कार्यक्रमों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। पूजा-अर्चना की जिम्मेदारी ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक रूप से निभाई जाती है। आयोजन में प्रमुख रूप से प्रमोद प्रसाद सिंह, सुबोध प्रसाद सिंह, त्रिभुवन कुमार, मंटू सिंह, सतीश कुमार, सरित कुमार, सुबोध कलाकार सहित अन्य ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका रही।

### सावन की पहली सोमवारी को शिवालयों में उमड़ी भीड़

**खगड़िया।** सावन के प्रथम सोमवारी को शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर शिव भक्तों में अपार श्रद्धा देखी गई। शहर के बीच लोहापट्टी स्थित बाबा बूढ़ा नाथ, एसडीओ रोड स्थित अलखिया बाबा, बूढ़ी गंडक नदी से सटे नगर सुरक्षा बांध बाय पास अड्डा घाट स्थित बाबा भूलेश्वर नाथ, किश्ती कोठी घाट स्थित बाबा जलेश्वर समेत गायत्री शक्ति पीठ स्थित दिव्य प्रांगण में प्रतिष्ठित प्रगेश्वर महाकाल मंदिर में सैकड़ों की संख्या में कुंवारी कन्याओं सहित महिलाओं एवम् पुरुष श्रद्धालुओं ने अपनी मनवांछित फलों के लिए बाबा को अति प्रिय पुष्प, बेल पत्र,भांग,धतूरे के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी ब्रह्मनंद ओझा ने बताया कि पूरे साल में सावन माह सबसे पवित्र महीना होता है। इस माह प्रति में हरियाली की छटा के साथ पूरे माह बातावरण काफी मोहक और अद्भुत प्रतित होता है। जो भक्त भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था के साथ पूरे श्रद्धा भाव और सच्चे मन पूजा - अर्चना कर शिव लींग पर जल चढ़ाने बालों को मनवांछित पलों की प्राप्ति होती है।



पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

### कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या के विरोध में नगर परिषद कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**गोगरी।** बिहार लोकल बडीज इम्प्लायज फेडरेशन, पटना के आह्वान पर नगर परिषद गोगरी के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। यह हड़ताल नगर कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की हत्या के विरोध तथा विभिन्न मांगों के समर्थन में राज्यव्यापी आंदोलन के तहत शुरू की गई है। हड़ताल में शामिल पदाधिकारियों और कर्मियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सरकार द्वारा सकारात्मक पहल नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने विमल कुमार की हत्या की निष्पक्ष जांच, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं नगर निकाय कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने सहित अन्य लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की। हड़ताल के कारण नगर परिषद कार्यालय के नियमित कार्य प्रभावित होने की संभावना है, जिससे आम लोगों को विभिन्न नागरिक सेवाओं में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। आंदोलनकारी कर्मियों ने सरकार से शीघ्र वार्ता कर मांगों का समाधान निकालने की अपील की है। इस अवसर पर स्वच्छता पदाधिकारी सुमन कुमार,वरीय लिपिक मनोरंजन द्वेदी आदि मौजूद रहे।



गोगरी नगर परिशद के कर्मी।

### श्रम कानूनों में बदलाव कर मजदूरों के अधिकार छीने जा रहे : अमरजीत कौर

**खगड़िया।** अल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) के 24वें बिहार राज्य सम्मेलन का शुभारंभ खगड़िया में विशाल रैली और आमसभा के साथ हुआ। शहर के बापू नगर स्थित योगीन्द्र भवन से निकली रैली एमज़ी मार्ग, थाना रोड, मेन रोड, एसडीओ रोड, स्टेशन रोड और राजेन्द्र चौक होते हुए के़एऩ क्लब पहुंची। रैली में एटक की राष्ट्रीय महासचिव अमरजीत कौर खुली गाड़ी षहर भ्रमण किया। रैली में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाएं, आशा कार्यकर्ता, मध्या भोजन कर्मी, खेत मजदूर, निर्माण कामगार, स्कीम वर्कर्स तथा आम जनता शामिल हुई। एटक के लाल झंडों के साथ हजारों कार्यकर्ता अपने-अपने हाथों में विभिन्न मांगों से संबंधित तख्तियां लिए हुए थे। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाएं, आशा कार्यकर्ता, मिड-डे मील कर्मी, खेत मजदूर, निर्माण कामगार तथा अन्य स्कीम वर्कर्स अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे थे। इसके बाद के़एऩ क्लब परिसर में विशाल आमसभा आयोजित हुई। आमसभा की अध्यक्षता एटक जिला महासचिव कुमारी निर्मला, बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन के उप महासचिव पुनीत मुखिया तथा किसान नेता प्रभाशंकर सिंह की अध्यक्ष मंडली ने की। आमसभा को संबोधित करते हुए एटक की राष्ट्रीय महासचिव अमरजीत कौर ने केंद्र सरकार की आर्थिक एवं श्रम नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने श्रम कानूनों में बदलाव कर दशकों के संघर्ष से हासिल मजदूरों के अधिकारों को कमजोर करने का काम किया है। पहले जो श्रम कानून श्रमिकों के हितों की रक्षा करते थे, उन्हें बदलकर करपोरेट घरानों और मालिकों के पक्ष में बनाया जा रहा है। इससे मजदूरों की नौकरी की सुरक्षा, ट्रेड यूनियनों के अधिकार और सामाजिक सुरक्षा पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि एटक देशभर में इन मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष को और तेज करेगी। अमरजीत कौर ने कहा कि आज देश में महंगाई, बेरोजगारी और निजीकरण की नीतियों ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र को लगातार कमजोर किया जा रहा है और असंगठित क्षेत्र के करोड़ों श्रमिक सामाजिक सुरक्षा से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियां मेहनतकश जनता के हितों के खिलाफ हैं और इनके विरुद्ध व्यापक जनआंदोलन की आवश्यकता है। उन्होंने 20 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों और नौजवानों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार कर रही है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग और पेलेट गन चलाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस मुद्दे पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग करने वाले छात्रों और युवाओं की आवाज को दमन के बल पर दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर का आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि यह एक चिंगारी है, जो आने वाले दिनों में देशव्यापी जनआंदोलन का रूप लेगी। सरकार को छात्रों और युवाओं की आवाज सुननी चाहिए, न कि दमन के जरिए उसे दबाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मजदूरों, किसानों, छात्रों, नौजवानों और महिलाओं के सवाल अलग-अलग नहीं हैं, बल्कि सभी जनविरोधी नीतियों से जुड़े हुए हैं। इसलिए सभी लोकतांत्रिक और जनसंगठनों को एकजुट होकर संघर्ष तेज करना होगा। आमसभा को एटक की राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधान पार्षद उषा सहनी, पूर्व विधायक सूर्यकांत पासवान, खेत मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामनरेश पांडेय, एटक के बिहार राज्य महासचिव अजय कुमार सहित कई नेताओं ने भी संबोधित किया।



कार्यक्रम में अमरजीत कौर।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनपुर मंडल में अलार्म चैन पुलिंग (एसीपी) के विरुद्ध सशक्त कार्रवाई निरन्तर जारी है

**सोनपुर (एनएसबी)** पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल द्वारा रेल यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध बनाए रखने के उद्देश्य से अलार्म चौन पुलिंग (एसीपी) की अनधित घटनाओं के विरुद्ध सघन एवं सशक्त अभियान चलाया गया। यह अभियान दिनांक 01.07.2026 से 31.07.2026 के बीच मंडल के विभिन्न रेलखंडों एवं स्टेशनों पर प्रभावी रूप से संचालित किया गया। अभियान के दौरान रेलवे अधिनियम 141 की संबंधित धाराओं के अंतर्गत कुल 115 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 111 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान दोषियों से ध72,000ध- की राशि जुर्माने के रूप में रेल राजस्व में प्राप्त की गई। सोनपुर मंडल प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई यात्रियों की सुरक्षा, ट्रेन परिचालन की निरंतरता तथा अनावश्यक विलंब को रोकने के उद्देश्य से की गई है। अनधित एसीपी से न केवल रेल परिचालन प्रभावित होता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल द्वारा नियमित जांच, निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन में रेल सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग एवं परिचालन विभाग के समन्वित प्रयासों से यह अभियान सफल रहा।
यात्रियों से अपील की जाती है कि आपात स्थिति को छोड़कर अलार्म चौन का दुरुपयोग न करें, ताकि सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध रेल सेवा सुनिश्चित की जा सके। सोनपुर मंडल भविष्य में भी यात्रियों की सुरक्षा एवं रेल अनुशासन बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### उमानाथ घाट पर गंगा में समाई युवती

#### स्नान के दौरान लापता हुई मुस्कान

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल के ऐतिहासिक उमानाथ मंदिर घाट पर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी और मातम का माहौल बन गया, जब गंगा ान के दौरान एक युवती के नदी में डूब जाने की सूचना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गुलाबबाग निवासी मुस्कान कुमारी अपनी मां के साथ उमानाथ मंदिर घाट पर गंगा ान करने आई थी। ान के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चली गई और देखते ही देखते लापता हो गई।घटना की सूचना मिलते ही घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल युवती की तलाश शुरू की तथा प्रशासन को सूचना दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ घाट पर जमा हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना के बाद मुस्कान कुमारी के परिजनों ने मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज उपलब्ध कराने की मांग की। उनका कहना है कि फुटेज से घटना के क्रम की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी और यह पता चल सकेगा कि युवती किस परिस्थिति में लापता हुई।सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक युवती की तलाश जारी थी। गोताखोरों तथा बचाव दल की सहायता से गंगा में खोजबीन किए जाने की सूचना मिल रही है।उमानाथ घाट पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा ान और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में इस घटना ने घाट की सुरक्षा व्यवस्था और नदी में ान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।समाचार लिखे जाने तक युवती के मिलने अथवा घटना की आधिकारिक पुष्टि संबंधी विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी थी। प्रशासन द्वारा मामले की जांच और खोज अभियान जारी है।

# कोचिंग डिपो विस्तार पर रेलवे नगर परिषद आमने-सामने

# जमीन की मापी के बाद होगा अंतिम फैसला

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** डीजल शेड जमालपुर के समीप निर्माणाधीन रेलवे कोचिंग डिपो यार्ड के विस्तार को लेकर रेलवे और नगर परिषद के बीच जमीन के स्वामित्व को लेकर विवाद गहरा गया है। नगर परिषद प्रशासन ने रेलवे के उस दावे पर आपत्ति जताई है, जिसमें संबंधित भूमि को रेलवे की बताया गया है। नगर परिषद का कहना है कि उक्त जमीन उसकी है और इसी परिसर में करीब चार वर्ष पूर्व नगर परिषद द्वारा मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटीसेंटर का निर्माण कराया गया था।रेलवे की ओर से नोटिस जारी किए जाने के बाद सोमवार को अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी, नगर परिषद के अधिकारियों और रेलवे के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नक्शा एवं खतियान का


स्थल का निरीक्षण एवं नक्शा देखते अधिकारी।

मिलान कर भूमि की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रारंभिक जांच में संबंधित खाली जमीन नगर परिषद की होने के संकेत मिले। ऐसे में यदि रेलवे को कोचिंग डिपो विस्तार के लिए इस भूमि की आवश्यकता होगी, तो नियमानुसार मुआवजा देना पड़ सकता है।हालांकि अंचलाधिकारी ने मामले को पेचीदा बताते हुए अंतिम निर्णय से पहले भूमि की विधिवत मापी कराने का निर्णय लिया है। मापी के बाद ही जमीन के वास्तविक स्वामित्व और आगे की कार्रवाई पर स्पष्ट निर्णय लिया जाएगा।गौरतलब है कि नगर परिषद का एमआरएफ सेंटर शहर के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का प्रमुख केंद्र है, जहां नगर क्षेत्र से एकत्रित कूड़े का प्रसंस्करण कर उसे पुनर्चक्रित एवं खाद में परिवर्तित किया जाता है। दूसरी ओर रेलवे यहां अपने महत्वाकांक्षी कोचिंग डिपो का विस्तार कर रहा है, जिसके लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता बताई जा रही है।
अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी ने बताया कि रेलवे के नोटिस के आलोक में संयुक्त जांच की गई है। चूंकि मामला जटिल है, इसलिए भूमि की मापी के बाद ही कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद के अवशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी सोनम राज, नपकर्मी प्रेम शंकर, सफाई निरीक्षक सतनारायण तथा रेलवे के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में बेटियों ने उकेरी कला और संस्कारों की नई मिसाल

**जमालपुर (मुंगेर)।** सरस्वती विद्या मंदिर दौलतपुर जमालपुर का प्रांगण उस समय भारतीय संसति और नारी शक्ति की अद्भुत मिसाल बन गया।जब विद्यालय की सभी छात्राओं ने एक साथ मिलकर रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता में अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। शत-प्रतिशत छात्राओं की इस स्वतःस्फूर्त भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि जब बेटियों को अपनी अभिव्यक्ति का मंच मिलता है, तो वे साधारण से प्रांगण को भी प्रेरणा के सतरंगी कैनवास में बदल देती हैं। हाथों पर रची मेहंदी की बारीक रेखाओं और फर्श पर बिखरे रंगों के माध्यम से छात्राओं ने केवल कला का प्रदर्शन नहीं किया, बल्कि परंपरा, पर्यावरण और सामाजिक चेतना का एक नया पाठ भी समाज को पढ़ाया। कार्यक्रम प्रमुख पूनम कांति एवं सन्नी कुमारी के कुशल


रंगोली दिखाई छात्राएं।

नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने उपस्थित सभी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आयोजन के प्रेरक माहौल के बीच विद्यालय के प्रधानाचार्य छठु साह ने समाज के नाम अपना संदेश देते हुए कहा कि बेटियों के भीतर छिपी रचनात्मकता ही एक जागरूक और सशक्त समाज की वास्तविक पहचान है। जब कोई बेटी रंगों और रेखाओं के माध्यम से अपनी सोच को आकार देती है, तो वह वास्तव में एक सुंदर और सुसंस्त भविष्य का निर्माण कर रही होती है। शिक्षा के साथ-साथ इन सांसतिक संस्कारों का समागम ही बच्चों के व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करता है। इसी क्रम में उप प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने बेटियों की एकाग्रता और लगन की सराहना करते हुए कहा कि कला केवल सौंदर्य का प्रतीक नहीं, बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। बेटियों का यह निखार आने वाले कल के स्वर्णिम समाज की गवाही दे रहा है। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए समाज से आवा किया कि यदि समाज अपनी बेटियों को बिना किसी भेदभाव के प्रोत्साहन और सही दिशा दे, तो वे हर क्षेत्र में अद्वितीय कीर्तिमान स्थापित कर सकती हैं। बेटियों की प्रतिभा को पहचानना और उसे निखारना ही किसी भी समाज की सबसे बड़ी उन्नति है।छात्राओं के अद्वितीय प्रदर्शन और उत्साह से सराबोर यह आयोजन न केवल विद्यालय परिवार के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गया, जहाँ से बेटियों ने अपनी कला के जरिए समाज को प्रगतिशीलता और मौलिकता का एक अनूठा संदेश दिया।

## बांका इंटरसिटी से तीन किशोरों को आरपीएफ ने किया रेस्क्यू

### परिजनों से कराया संपर्क

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से बांका इंटरसिटी एक्सप्रेस में सफर कर रहे तीन किशोरों को सुरक्षित रेस्क्यू कर उनके परिजनों से मिलाने की पहल की गई। समय रहते की गई इस कार्रवाई से संभावित अप्रिय घटना टल गई।आरपीएफ पोस्ट जमालपुर के इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि सोमवार को बांका इंटरसिटी एक्सप्रेस में एस्कर्ट ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ जवानों की नजर एक ही बोगी में मौजूद तीन किशोरों पर पड़ी। एस्कर्ट पार्टी को देखते ही तीनों किशोर


तीनों किशोर के रेस्क्यू बारे में जानकारी देते आरपीएफ।

घबराकर इधर-उधर होने लगे, जिससे जवानों को उन पर संदेह हुआ। इसके बाद जवानों ने तीनों को रोककर पूछताछ की।पूछताछ में पता चला कि तीनों किशोर झारखंड के गोड्डा जिले के रहने वाले हैं और बिना किसी को बताए घर से घूमने के लिए निकल पड़े थे। उनकी उम्र कम होने तथा संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर आरपीएफ ने उन्हें सुरक्षा की ष्टि से अपने संरक्षण में लेकर आरपीएफ पोस्ट, जमालपुर पहुंचाया।पोस्ट पर विस्तृत पूछताछ के बाद आरपीएफ ने तीनों किशोरों के परिजनों को गोड्डा में घटना की सूचना दी। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि यदि एस्कर्ट पार्टी समय रहते तीनों किशोरों को रेस्क्यू नहीं करती, तो उनके साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था।सभी आवश्यक कानूनी और बाल संरक्षण संबंधी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद तीनों किशोरों को आगे की कार्रवाई के लिए बाल कल्याण समिति मुंगेर के सुपुर्द कर दिया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखें तथा उन्हें बिना जानकारी दिए घर से बाहर नहीं जाने दें ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे ने किया बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक

### 15 घंटे में 115 किमी दौड़कर बने डाक बम


डाक बम जाते पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे।

**मुंगेर।** सावन के प्रथम सोमवार को बाबा बैद्यनाथ धाम में आस्था और संकल्प का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूर्व आईपीएस अधिकारी ने सुल्तानगंज से देवघर तक करीब 115 किलोमीटर की दूरी बिना रुके मात्र 15 घंटे में दौड़कर डाक बम यात्रा पूरी की और प्रातःकाल बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के बाद शिवदीप लांडे ने कहा कि भगवान भोलेनाथ उनके परम आराध्य हैं। उन्होंने संकल्प लिया था कि वह सुल्तानगंज से देवघर तक डाक बम बनकर पूरी यात्रा बिना रुके दौड़ते हुए पूरी करेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ की पा और आशीर्वाद से ही उन्हें यह कठिन संकल्प पूरा करने की शक्ति मिली। उनके अनुसार यह यात्रा केवल शारीरिक क्षमता की नहीं, बल्कि अटूट आस्था, आत्मविश्वास और भगवान शिव के प्रति समर्पण की परीक्षा थी।पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे की इस अनोखी डाक बम यात्रा ने पूरे श्रावणी मार्ग पर श्रद्धालुओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। जैसे-जैसे वह विभिन्न पड़ावों से गुजरते गए, कांवड़ियों और स्थानीय लोगों की भीड़ उन्हें देखने के लिए उमड़ती रही। अनेक श्रद्धालुओं ने उनके साथ सेल्फी ली और उनकी हौसला-अफजाई की। पूरे मार्ग में उनकी यात्रा श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का प्रमुख विषय बनी रही।सावन के प्रथम सोमवार पर शिवदीप लांडे की यह आस्था, अनुशासन और संकल्प से भरी यात्रा श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का संदेश बन गई। उनकी इस उपलब्धि की चर्चा श्रावणी मेला क्षेत्र में पूरे दिन होती रही।

# काली पहाड़ी की संध्या को सुरों से सजा रहे सिंगर आलोक, संगीत से दूर कर रहे लोगों का तनाव

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर की काली पहाड़ी इन दिनों प्रातिक सुंदरता के साथ-साथ मधुर संगीत का भी केंद्र बन गई है। हर रोज संध्या बेला में स्थानीय गायक आलोक अपनी सुरीली प्रस्तुति से यहां आने वाले लोगों का मन मोह रहे हैं। उनकी फरमाइशी गीतों की महफिल सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग काली पहाड़ी की तराई में जुटते हैं और खुशनुमा मौसम का आनंद उठाते हैं।सिंगर आलोक केवल गीत-संगीत तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संगीत से जुड़ने की इच्छा रखने वाले युवाओं और कलाकारों को भी मंच उपलब्ध करा रहे हैं। अपने निजी संसाधनों से अब तक कई उभरते कलाकारों को प्रस्तुति का अवसर देकर


काली पहाड़ी के तराई में संगीत प्रस्तुत करते सिंगर आलोक।

उनकी प्रतिभा को निखारने का काम कर चुके हैं। जिले के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर भी वे अपनी सांगीतिक प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनभर की भागदौड़ और तनाव के बाद आलोक के गीत उन्हें मानसिक सुकून देते हैं। उनके इस सामाजिक योगदान को देखते हुए शहर के सामाजिक, राजनीतिक एवं जनप्रतिनिधियों ने उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया है।गौरतलब है कि नगर परिषद की मुख्य पार्षद पार्वती देवी के प्रयास से काली पहाड़ी नहर के सौंदर्यीकरण और ओपन जिम के उद्घाटन के बाद इस क्षेत्र की रौनक काफी बढ़ गई है। सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग यहां टहलने, व्यायाम करने और प्रातिक वातावरण का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। विशेषकर शनिवार और रविवार को यहां काफी भीड़ उमड़ती है। बढ़ती आवाजाही से फुटपाथी और छोटे दुकानदारों के रोजगार में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। स्थानीय व्यवसायियों ने नगर परिषद से काली पहाड़ी क्षेत्र का और अधिक विकास कराने की मांग की है, ताकि यह स्थान पर्यटन और मनोरंजन का प्रमुख केंद्र बन सके।

## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा एसकेएमवी कॉलेज की बदहाली और मनमाने शुल्क के खिलाफ छात्रों का फूटा गुस्सा, किया जोरदार प्रदर्शन

**फतुहा** ।शहर के एकमात्र एसकेएमवी कलेज में सोमवार को आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने कलेज की जर्जर स्थिति, शिक्षकों की मनमानी और अत्यधिक शुल्क वसूली को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। रिपोर्टिंग के दौरान छात्रों ने जो बातें बताईं, वे कलेज प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। प्रदर्शन में शामिल सेमेस्टर 7 के छात्र लक्ष्मण कुमार यादव (उर्फ गगन कुमार), सोनू कुमार और जय राजकुमार ने संयुक्त रूप से आरोप लगाते हुए कहा कि कलेज पूरी तरह से खंडहर बन चुका है। छात्रों के अनुसार, किसी भी कक्षा में बैठने की उचित व्यवस्था नहीं है, ब्लैकबोर्ड क्षतिग्रस्त हैं और अधिकतर पंखे खराब पड़े हैं। छात्रों ने बताया कि छत पर लगे करकट टूटे हुए हैं, जिससे गर्मी में सीधे धूप आती है और बारिश के दिनों में पानी टपकता है। इसके अलावा, परिसर में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। साफ-सफाई के अभाव में बेंचों पर धूल जमी रहती है और बरसात के दिनों में मैदान में पानी भर जाने से आवागमन में भारी परेशानी होती है। छात्रों ने कलेज के शिक्षकों और प्राचार्य पर भी गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि यहां कोई भी शिक्षक समय पर नहीं आता। जो प्रोफेसर आते भी हैं, वे दोपहर 2रू00 बजे के बाद हाजिरी बनाकर चले जाते हैं। छात्रों का आरोप है कि कलेज के प्राचार्य भी कभी-कभार ही 2रू30 बजे के बाद आते हैं और केवल कागजी कामकाज (पेपर वर्क) निपटाकर चले जाते हैं। छात्रों ने यहां तक आरोप लगाया कि कलेज में पढ़ाने वाले लोग योग्य नहीं हैं, जिस कारण पढ़ाई बिल्कुल ठप है। सेमेस्टर 7 की ही छात्रा नेहा कुमारी ने आर्थिक शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि फतुहा में यह एकमात्र कलेज है, जिसका फायदा उठाकर यहां हर चीज के लिए अन्य कलेजों से दोगुने से अधिक पैसे वसूले जाते हैं। चाहे नामांकन हो, रजिस्ट्रेशन हो, या कोई फर्म भरना हो। यहां तक कि श्बोनाफाइड फर्मश के नाम पर भी 100 रुपये का चार्ज लिया जाता है, जिसका कोई कारण नहीं बताया जाता। नेहा ने बताया कि पढ़ाई न होने के बावजूद इस मनमानी वसूली से उनके अभिभावकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। छात्रों के इन गंभीर आरोपों पर एसकेएमवी कलेज के सहायक प्रोफेसर दिनेश साह ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हम लोग तो प्राचार्य के अधीन हैं और जो भी रूटीन वर्क होता है, वह करते हैं ताकि विद्यार्थियों को परेशानी न हो। प्राचार्य यहां क्यों नहीं आते, इसकी जवाबदेही तो उन्हें अपने वरीय अधिकारियों को देनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कक्षाएं नियमित नहीं चलने की समस्या को लेकर वे लोग प्राचार्य से बात करेंगे ताकि भविष्य में छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके।

### चाय दुकानदार पिटाई मामले में ग्रामीण एसपी का बड़ा एक्शन

#### संजय कुमार व होमगार्ड जवान अंकित कुमार निलंबित, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में चाय दुकानदार के साथ कथित मारपीट के मामले में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए संबंधित एएसआई संजय कुमार एवं होमगार्ड जवान अंकित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और पूरे मामले को लेकर लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें वर्दीधारी पुलिसकर्मियों द्वारा एक चाय दुकानदार के साथ कथित दुर्व्यवहार और मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया था। वीडियो सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ने लगा और पुलिस प्रशासन पर निष्पक्ष कार्रवाई का दबाव बढ़ गया। ग्रामीण एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रारंभिक जांच कराई। जांच में प्रथम ष्टया दोनों कर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाए जाने के बाद एएसआई संजय कुमार एवं होमगार्ड जवान अंकित कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अनुशासनहीनता और आम नागरिकों के साथ अमर्यादित व्यवहार किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले की विस्तृत विभागीय जांच जारी है। यदि जांच में अन्य पुलिसकर्मियों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा।इस कार्रवाई को पुलिस प्रशासन द्वारा जवाबदेही और कानून के प्रति प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण संदेश माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी निष्पक्ष कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि भविष्य में आम नागरिकों के साथ इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी।ग्रामीण एसपी की इस त्वरित कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश गया है कि कानून का पालन कराने वाली एजेंसी के भीतर भी अनुशासन सर्वोपरि है और वर्दी की गरिमा से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### पूर्व मुख्यमंत्री आवास के समीप डबल शूटआउट में बड़ा खुलासा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बखद्गियारपुर में पूर्व मुख्यमंत्री के आवास के समीप दो युवकों को गोली मारकर सनसनी फैलाने वाले बहुचर्चित गोलीकांड में पुलिस ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सफलता मिलने का दावा किया है। ग्रामीण एसपी ने स्पष्ट कहा है कि घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपित कानून की गिरफ्त से अधिक दिनों तक बच नहीं पाएंगे।जानकारी के अनुसार, इस दुस्साहसिक वारदात के बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर जांच को तेजी से आगे बढ़ाया। इसी क्रम में संदिग्धों की पहचान की गई है। पुलिस की कई टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।सूत्रों की मानें तो प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी रंजिश और प्रतिशोध से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। बताया जा रहा है कि पुरानी दुश्मनी के कारण अपराधियों ने योजनाबद्ध तरीके से दोनों युवकों को निशाना बनाया। हालांकि पुलिस अभी इस बिंदु पर आधिकारिक पुष्टि करने से बच रही है और सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।ग्रामीण एसपी ने कहा कि पुलिस वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे बढ़ रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा तथा घटना में शामिल सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और पुलिस को सहयोग करने की अपील की। इस सनसनीखेज गोलीकांड ने बखद्गियारपुर समेत पूरे इलाके में कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी थी। विशेष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री आवास के निकट हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े किए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।अब सबकी निगाहें पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि पुलिस का दावा सही साबित होता है, तो जल्द ही इस चर्चित गोलीकांड का पर्दाफाश होने के साथ पूरे घटनाक्रम से जुड़े कई अहम राज भी सामने आ सकते हैं। फिलहाल पुलिस की छापेमारी जारी है और अपराधियों की गिरफ्तारी किसी भी समय होने की संभावना जताई जा रही है।

# ट्रक के टक्कर से बक्सर के हाइवा चालक की मौत

दैनिक नवसंदेश

**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** चरपोखरी थाना क्षेत्र के बेनुआ टोला के समीप सोमवार की अहले सुबह करीब साढ़े तीन बजे सड़क हादसे में बक्सर के हाइवा चालक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतक बक्सर जिले के सिमरी थाना क्षेत्र के मापवाड़ी गांव निवासी आत्मा यादव का 40 वर्षीय पुत्र रविरंजन यादव है। बताया जाता है कि सोमवार की अहले सुबह स्टेट हाईवे पर ट्रक खड़ा कर चालक गाड़ी का शीशा साफ कर रहा था। अंधेरा होने के बावजूद भी पार्किंग लाइट नहीं जल रहा था, इस कारण इसी दौरान पीरो की तरफ से आ रहा बालू लदा हाइवा सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त था कि हाइवा का अगला भाग पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक रविरंजन यादव गाड़ी के केबिन में ही बुरी तरह दब गया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और काफी कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में दबे हुए चालक के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। पुलिस ने मृतक के स्वजनों को हादसे की सूचना दी।

### बेनुआ टोला के समीप हुआ हादसा

### ट्रक ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के संदेश थाना क्षेत्र के सरैया गांव के समीप सोमवार को ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल से सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी अजीमाबाद थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी नकुल चौधरी का 35 वर्षीय पुत्र जमींदार चौधरी है। इधर, जख्मी युवक के परिजन ने बताया कि सोमवार की दोपहर वह बाइक द्वारा अपने गांव से संदेश जा रहा था। उसी दौरान सरैया गांव के समीप पीछे से आ रही ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे में जख्मी युवक का दाहिना हाथ बुरी तरह लहूलुहान हो गया है।

## शिक्षा विभाग के कर्मी के बंद घर से एक करोड़ की संपत्ति चोरी

### घर बंद कर गए थे पटना, हो गई घटना

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना के मिनिस्ट्रियल क्वार्टर में शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के घर में संपत्ति चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। भुक्तभोगी द्वारा स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिक दर्ज कराई गई है। नवादा थाना क्षेत्र मिनिस्टीयल क्वार्टर संख्या 08/ए निवासी बजरंगी प्रसाद गुप्ता द्वारा कहा गया है कि वह अपने परिवार के साथ आवश्यक कार्य के लिए पटना गये थे। वह दो-तीन दिनों तक घर से बाहर रहे। 2 अगस्त को मैं अपने घर आया। घर के अंदर प्रवेश करने पर पाया कि समान अस्त-व्यस्त पड़े थे। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोरों द्वारा करीब 1 लाख 80 हजार रुपए नगद, सोने के आभूषण लगभग 80 लाख रुपए, लैपटॉप एवं अन्य कीमती सामान चुरा लिया। इस दौरान मुझे लगभग एक करोड रुपए से ज्यादा की चोरी हुई है। बता दें की एक सप्ताह के भीतर आरा शहर में चोरी की यह तीसरी बड़ी वारदात है।

## विषम परिस्थितियों में ड्यूटी निभाने वाले पुलिसकर्मी समाज के रक्षक : अमित



### शाहाबाद डेयरी ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को बांटे हेलमेट

### दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से पहनें हेलमेट

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सामाजिक सरोकार और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए शाहाबाद दुग्ध संघ, आरा द्वारा सोमवार को ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को हेलमेट बांटे गये। सुधा डेयरी के प्रबंध निदेशक अमित कुमार सुमन द्वारा भोजपुर जिले की यातायात व्यवस्था में तैनात 10 पुलिसकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण हेलमेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यातायात डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु एवं बैंक अफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक सुबोध कुमार शर्मा उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान प्रबंध निदेशक श्री सुमन ने कहा कि जिले की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और कड़ी धूप व विषम परिस्थितियों में अपनी ड्यूटी निभाने वाले पुलिसकर्मी हमारे समाज के रक्षक है। उनकी सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी आम नागरिकों की। यातायात डीएसपी ने सुधा डेयरी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सड़क, सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक व व्यावसायिक संस्थानों की सहभागिता अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने आम लोगों से भी दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस मौके पर सुधा डेयरी के वरिष्ठ अधिकारी एस् एस् श्रीवास्तव, राकेश कुमार केशरी, हिमांशु कुमार, शुभम कुमार, पंकज कुमार एवं यातायात थाना के पुलिसकर्मी चन्दन कुमार, मनोज कुमार, बासुकी कुमार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विषैले सांप के डंसने से गर्भवती की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** रोहतास जिले के गोड़ारी थाना क्षेत्र के पांडेडीह गांव में सोमवार को विषैले के डंसने से घर में सो रही गर्भवती महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतका रोहतास जिले के गोड़ारी थाना क्षेत्र के पांडेडीह गांव निवासी राजा बाबू राम की 25 वर्षीया पत्नी काली कुमारी है।

### पटवन करने गया किसान नहर में डूबा

**आरा/गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** गड़हनी थाने के नहसी गांव में सोमवार की सुबह नहर में डूबने से अधेड़ की मौत हो गई। मृतक नहसी गांव निवासी स्व. कृष्णनंदन सिंह का 45 वर्षीय पुत्र दिनेश सिंह थे। वे किसान थे। चचेरे भाई रमेश कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह वह पटवन के लिए खेत में गए हुए थे। इसी दौरान पैर फिसल गया और वे नहर में गिरकर डूब गए। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

### मो. रफी की पुण्यस्मृति में संगीतमय श्रद्धांजलि समारोह सम्पन्न

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नागरी प्रचारिणी सभागार में रविवार की शाम स्वर सम्राट मो. रफी की पुण्य स्मृति में भव्य संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम तुम मुझे यूं भुला न पाओगे का आयोजतन हुआ। कार्यक्रम में मो. रफी के अमर गीतों के साथ-साथ किशोर कुमार, सुमन कल्याणपुर एवं आशा भोंसले के गीतों के माध्यम से उन्हें भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उद्घाटन संगीत शिक्षक धर्मेंद्र सिंह, इकबाल, रमेश कुमार, कृतिलता तथा ऋषिका शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत ऋषिका शर्मा ने शीर्षक गीत 'तुम मुझे यूं भुला न पाओगे' की भावपूर्ण प्रस्तुति से की। जीतेंद्र श्रीवास्तव ने तेरी आंखों के सिवा दुनिया में रखा क्या है... तथा नौशाद ने हमदम मेरे, मान भी जाओ...और क्या हुआ तेरा वादा... प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। रमेश कुमार एवं कृतिलता की युगल प्रस्तुति यूं ही तुम मुझसे बात करती हो... तथा छुप गए सारे नजारे... ने दर्शकों का मन मोह लिया। राजाराम शर्मा ने ये चांद सा रोशन चेहरा... एवं तकदीर का फसाना... प्रस्तुत कर समां बांधा। धर्मेंद्र सिंह एवं ऋषिका शर्मा ने पत्ता-पत्ता, बूटा-बूटा...की मधुर प्रस्तुति दी, जबकि सीमा भारती ने बहारों फूल बरसाओ... गाकर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का समापन धर्मेंद्र सिंह, शमशाद, प्रेम एवं सीमा भारती के सामूहिक देश प्रेमियों, आपस में प्रेम करो... गीत से हुई। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रास की सचिव डॉ. विभा कुमारी ने किया। शमशाद प्रेम ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी कलाकारों, अतिथियों एवं देर रात तक उपस्थित रहे संगीत प्रेमी श्रोताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

### जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में की 22 आवेदकों की सुनवाई

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने ईज ऑफ लिविंग के अंतर्गत जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 22 आवेदकों ने अपनी समस्याएँ प्रस्तुत कीं जिनकी जिला पदाधिकारी ने सुनवाई की। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर शिप्रा विजयकुमार चौधरी की अध्यक्षता में चेहल्लुम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि चेहल्लुम को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों एवं शांति समिति के सदस्यों से आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने की अपील की।

### राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष लेताफत हुसैन का निधन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा (माले) आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लताफत हुसैन का सोमवार की अहले सुबह निधन हो गया। वे पिछले दो माह से बीमार चल रहे थे। उन्होंने शहर के खेताड़ी मुहल्ला स्थित पैतृक आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई। शोक व्यक्त करने वालो में अमित कुमार गुप्ता उर्फ बंटी, सुशील तिवारी, शमीम आरवी, अख्तर, सूफी खान, आमिर इमाम आदि शामिल हैं। राजद भोजपुर के जिलाध्यक्ष रहे लेताफत हुसैन के निधन पर दल की ओर से उनके आरा आवास पर जाकर राजद नेताओं ने पार्टी का झंडा एवं पुष्पांजलि पार्थिव शरीर पर अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। इस दौरान एक मिनट का मौन धारण कर जिलाध्यक्ष विरबल यादव, पूर्व विधायक भाई दिनेश, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह, पूर्व जिप अध्यक्ष हाकिम प्रसाद, युवा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, सुशील तिवारी, अनिल यादव, विनोद चंद्रवंशी, जिप सदस्य धनंजय कुमार सिंह, भीम यादव, रजनीश यादव ने आदि ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। जनाजा में सरथुआ पंचायत के मुखिया राकेश कुमार सिंह, जिप सदस्य धनंजय कुमार सिंह, भीम यादव, सोनू रजक, प्रधान महासचिव रजनीश यादव, शिवकुमार शर्मा, एकराम आलम, प्रेमचन्द राय, मंटु शर्मा, सूमित कुमार सिंह सहित सैकड़ो राजद नेता उपस्थित रहे।

### एफएलएन व टीएआरएल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण

**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन के सभागार में सोमवार को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन एवं टीएआरएल) कार्यक्रम के प्रभावी संचालन को लेकर प्रखंड के सभी सीआरसी संचालक और समन्वयकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम चलाया गया। वर्ग 4 से 8 के लिए एनईपी-2020 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने की। उन्होंने बताया कि कक्षा 4 से 8 तक के बच्चों में भाषा एवं गणित की बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (एफएलएन) को सुदृढ़ करने तथा टीएआरएल पद्धति के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें रोहित प्रकाश उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलबांध, खुशबू कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय नहसी, रोहित कृष्णा उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहरपुर तथा अजित कुमार उर्दू प्राथमिक विद्यालय, चइंयाचक शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बच्चों के अधिगम स्तर का आकलन, स्तरानुसार शिक्षण, भाषा एवं गणित में बुनियादी दक्षता विकसित करने की रणनीतियों तथा विद्यालयों में टीएआरएल मॉडल को प्रभावी ढंग से लागू करने की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद सभी ब्लॉक नोडल शिक्षक अपने विद्यालयों एवं प्रखंड के शिक्षकों के बीच इस मॉडल का प्रसार कर इसे प्रभावी रूप से लागू कराने की दिशा में कार्य करेंगे।

## चाचा की हत्या के फरार आरोपित समेत दो गिरफ्तार

**आरा/कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर थाने की पुलिस ने चाचा की हत्या में फरार भतीजे समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी बबुरा थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर गांव के पास से रविवार को हुई। उनके पास से देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस एवं मैगजीन बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों में बबुरा थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर गांव निवासी दीपक कुमार एवं सारण (छपरा) जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी बिपिन कुमार शामिल है। दोनों दोस्त बताये जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि एक जुलाई की रात कोर्ट से गवाही देने के बाद जब दीपक कुमार अपने चाचा सूरज राय के साथ गांव लौट रहा था उसी समय उसने धर्मपुर एवं बभनौली गांव के बीच बधार में गोली मारकर चाचा की हत्या कर दी थी और खुद को भी गोली मार कर जख्मी कर लिया था। बाद में दीपक कुमार ने अपने चचेरे भाई मनीष कुमार सहित अन्य लोगों के खिलाफ चाचा सूरज राय की गोली मारकर हत्या करने व खुद को गोली मार कर जख्मी करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अनुसंधान के क्रम में हत्या में दीपक कुमार की संलिप्तता सामने आयी थी। उसी समय से वह फरार चल रहा था। कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि पूछताछ में उसने बताया कि उसके पिता तीन भाई थे। चाचा सूरज राय ने शादी नहीं की थी। उसे लगता था कि सब संपत्ति उसके चाचा अपने नाम कर लेंगे। इसी कारण उसने चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी।

## पीरो नगर परिषद कार्यालय में तालाबंदी



### कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या का जताया विरोध

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** डिहरी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की हत्या के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन के तहत नगर निकाय प्रतिनिधियों ने नगर परिषद पीरो के कार्यालय में तालाबंदी कर आक्रोश जताते हुए प्रशासन से प्रशासनिक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। नगर परिषद पीरो की सभापति प्रतिनिधि मनोज उपाध्याय की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन कर रहे रवि केशरी, रविशंकर प्रसाद, धनंजय कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, अमित कुमार बकुली, राहुल कुमार, योगेंद्र कुमार, अफरोज आलम, हरेराम पासवान, ओमप्रकाश चौधरी, अविनाश सिंह, कुंवर सिंह ने कहा कि जिस तरह कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या की गई है वह सबके लिए चिंता का विषय है। तमाम लोगों ने एक स्वर में कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या की न्यायिक जांच कराकर अन्य दोषियों की गिरफ्तारी, स्पीडी ट्रायल के तहत सजा दिलाने, पदाधिकारियों, कर्मियों व जन प्रतिनिधियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की।

## 'उद्‌गम' के 17वें अंक का लोकार्पण



### इस बार है 'उन्नत शिक्षा उज्ज्वल भविष्य' विशेषांक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला शिक्षा विभाग, भोजपुर द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'उद्‌गम' के 17वें अंक का विमोचन जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेन्द्र कुमार राय ने जिला शिक्षा कार्यालय के सभागार में किया। इस बार पत्रिका का प्रकाशन 'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य' विशेषांक के रूप में किया गया है। डीईओ राय ने कहा कि बिहार शिक्षा जगत के विविध आयामों को दृष्टिगत रखते हुए बिहार सरकार के 'सात निश्चय योजना-3.0 के अंतर्गत तीसरे निश्चय 'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य' से छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को परिचित कराना इसका उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस विशेषांक का प्रकाशन किया गया है। उन्होंने बताया कि भोजपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों से प्राप्त रचनाओं एवं प्रकाशन सामग्री का संकलन कर पत्रिका तैयार की जाती है। उन्होंने कहा कि 'उद्‌गम' शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को अपनी लेखन प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान कर रही है। यह शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायक और अभिनव पहल है, जिससे विद्यार्थियों में सृजनात्मक लेखन एवं बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है। इस अवसर पर उद्‌गम टीम के सदस्य पुस्तकालयाध्यक्ष शंभु शरण सिंह, हिमांशु मिश्रा, प्रीति पुतुल, सुनीता, आशीष उपाध्याय एवं मो. कलीम सहित कई शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवपदस्थापित राजस्व कर्मचारियों के बीच हल्कों का किया आवंटन



**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** गड़हनी अंचल कार्यालय में नव पदस्थापित राजस्व कर्मचारियों के बीच हल्कों का आवंटन कर दिया गया। अंचलाधिकारी दीपा कुमारी ने बताया कि सभी नव पदस्थापित राजस्व कर्मचारियों को उनके आवंटित हल्कों का प्रभार तत्काल ग्रहण करा दिया गया है। अंचलाधिकारी के अनुसार राधेश्याम कुमार को बराप एवं गड़हनी, राकेश कुमार को बगवां एवं कुरकुरी, गुड्डू कुमार को बलिगांव एवं इचरी, सिद्धार्थ कुमार को बड़ौरा तथा राहुल कुमार को काउप एवं हरपुर हल्के का दायित्व सौंपा गया है। अंचलाधिकारी ने सभी संबंधित राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने पंचायतों से संबंधित राजस्व एवं भू-अभिलेख से जुड़े सभी कार्यों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें। दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि सर्वेक्षण, अतिक्रमण निष्पादन, राजस्व वसूली सहित अन्य विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## ९००० से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में पीएम सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, ऋण स्वीृति, लंबित मामलों, रूफटप सोलर संयंत्रों की स्थापना तथा बैंकवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि भोजपुर जिले में 9 हजार से अधिक रूफटप सोलर संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी संबंधित बैंक, विद्युत विभाग एवं अन्य संबंधित एजेंसियां समन्वय स्थापित कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया कि पात्र लाभुकों के ऋण आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। जिन आवेदनों में तकनीकी अथवा दस्तावेजी कमियां हों, उनका त्वरित निराकरण कर लाभुकों को अविलंब सूचित किया जाए, ताकि अधिकाधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना केवल स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की पहल ही नहीं है, बल्कि इससे आम उपभोक्ताओं के बिजली व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा उन्हें ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल ने जीते पांच पदक




**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** डीएवी पब्लिक स्कूल शाहपुर के विद्यार्थियों ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल-1 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार कांस्य व एक रजत पदक जीतकर विद्यालय, भोजपुर जिले और डीएवी परिवार का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सोमवार को विद्यालय की प्रार्थना सभा में सम्मान समारोह आयोजित कर सभी पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। बताया गया कि प्रतियोगिता एक व दो अगस्त को पटना स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता में ष्ण मुरारी तिवारी ने शटपुट में कांस्य पदक जीता। वहीं अंडर-17 बालिका लंबी कूद में समीक्षा कुमारी, अंडर-14 बालिका लंबी कूद में शिवन्या ओझा तथा अंडर-14 बालक लंबी कूद में सद्दाम हुसैन ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अलावा अंडर-14 बालक 4 गुणा 100 मीटर रिले स्पर्धा में शुभम कुमार, अंश पांडेय, सद्दाम हुसैन और सम्राट सिंह की टीम ने रजत पदक हासिल किया। प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार उपाध्याय ने सभी पदक विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य अजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

## भोजपुरी पेंटिंग को बाजार से जोड़ने का भी चले अभियान : शर्मा



### भोजपुरी पेंटिंग सह सेमिनार का किया गया आयोजन

### भोजपुरी कला संस्कृति पर एकजुटता से सफलता : सिन्हा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** महंथ महिला महाविद्यालय के कला प्रेक्षागृह में भोजपुरी पेंटिंग सह सेमिनार का आयोजन हुआ। आसरा सेवा केन्द्र व प्रभाव क्रियेटिव सोसायटी आरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित था। इसमें करीब 40 चित्र और अलग-अलग लोक कलात्मक चित्र प्रदर्शित किए गए। उद्घाटन पद्मश्री श्याम शर्मा, अशोक कुमार सिन्हा अपर निदेशक बिहार संग्रहालय पटना, पृथ्वीराज सिंह, बीरेंद्र कुमार सिंह, प्राचार्य नरेंद्र प्रताप पालित, पद्मश्री भीम सिंह भवेश, भाजपा नेता गुड्डू सिंह बबुआन, सुनील पाठक ने संयुक्त रूप से किया।

पदम् श्री श्याम शर्मा ने भोजपुरी पेंटिंग को लेकर इसके विकास के क्रम को लेकर ढेरों ऐसे सुझाव दिए जो आने वाले समय में काफी मदार साबित होगा। मुख्य वक्ता पृथ्वीराज सिंह ने कहा कि भोजपुरिया कला संस्ति में सीधे जीवन दर्शन होता है। हम आने वाले समय को लेकर सजग रहें। स्थानीय कला संस्ति के लिए अनुकूल समय चल रहा है। अषाके कुमार सिन्हा ने कहा कि यह षुरूआत है, किसी कला को आगे बढ़ाने का। हम सभी अगर एकजुट होकर भोजपुरी कला संस्ति पर इसी तरह विचार रखते रहे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। कला शिक्षक रौशन राय ने भोजपुरी पेंटिंग के शुरूआती संघर्ष को याद दिलाते हुए कहा कि आज हम बिल्कुल सही और सटीक दिशा में काम कर रहे हैं। बिरेंद्र कुमार सिंह सचिव बिहार कला मंच पटना ने कहा कला संस्ति का विकास तब संभव है जब स्थानीय लोग इसे स्वीकार कर अपने घरों में स्थान देना सुरु कर दें। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ पालित ने कहा भोजपुर पेंटिंग को जीआई टैगिंग मिलना बहुत बड़ी उपलब्धि है।

संचालक अभय विश्वास भट्ट ने कहा कि हम अपने कला को अपने संस्ति को गहराई से समझें। कला गैलरी का अवलोकन करते हुए भास्कर मिश्र, सुरेश कुमार पाण्डेय,. ष्णेंदु, अनुप अवलीक आदि ने कहा कि भोजपुरी कला प्रदर्शनी अपने कलात्मकता को लेकर काफी रोचक और ज्ञानवर्धक है। स्वागत गीत रूपा कुमारी ने गाया। कलाकारों में चित्रकार कमलेश कुंदन, रौशन राय, सुरेश कुमार पाण्डेय, अनीता पाण-डेय, अंजली तिवारी, अमन राज, मधु कुमारी, रूपा कुमारी, गुड़िया कुमारी, सुनिता राय, मुकेश चौधरी, सुशिल विश्वकर्मा, रूकसार प्रविण, अभीनव मिश्रा, संगीता कुमारी, दिप शिखा, प्रियंका कुमारी, प्रियंका गुप्ता, खुशबू कुमारी, रामावती देवी, साइमा आदि थे। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ चित्रकार कमलेश कुंदन ने किया,।

## संक्षिप्त खबरें

### पहली सोमवारी को देवकुंड में उमड़ा आस्था का जनसैलाब श्रद्धालुओं ने बाबा दूधेश्वरनाथ पर किया जलाभिषेक

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** अरवल औरंगाबाद के सीमा पर स्थित देवकुंड में पवित्र श्रावण मास के पहली सोमवारी पर भक्तों की काफी भीड़ देखी गई। पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने बाबा दूधेश्वर नाथ पर जलाभिषेक किया ।



इस श्रावणी मेले के अवसर पर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सावन महीने के पहले सोमवारी में आस्था से सराबोर श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ पर जल चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए आशीर्वाद मांगा।बोल बम के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।मठाधीश कन्हैया नंदपुरी ने सभी श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण तरीके से पूजा-अर्चना करने और मेले की मयार्दा बनाए रखने की अपील की।बाबा दुधेश्वर नाथ धाम को छोटा काशी भी कहा जाता है। श्रावण के महीने में यहां हर सोमवार को हजारों की संख्या में कावारियों,डाक बम और श्रद्धालु जलाभिषेक करने आते हैं। क्षेत्र कई जगहों से लोग पूरे सावन महादेव को दर्शन और जलाभिषेक को लेकर देवकुंड पहुंचते है। पहली सोमवारी पर क्षेत्र के सभी शिवालयों में सुबह से ही भीड़ देखी गई।

### बांकीपुर विधानसभा से प्रशांत किशोर की जीत पर निसार अख्तर ने दी बधाई

**अरवल (एनएसबी)।** सिविल कोर्ट अरवल के अधिवक्ता निसार अख्तर अंसारी ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में प्रशांत किशोर और मध्य प्रदेश के दतिया से कांग्रेस के घनश्याम सिंह की विजय पर दोनों नवनिर्वाचित माननीय बिधायको को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि यह जीत जनता के विश्वास, बदलाव की उम्मीद और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत का प्रतीक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नवनिर्वाचित विधायक प्रशांत किशोर और घनश्याम सिंह अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास, सुशासन और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। निसार अख्तर अंसारी ने कहा कि बिहार और मध्य प्रदेश की राजनीति में यह जनादेश नई दिशा और नई सोच का संदेश देता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशांत किशोर जनता के विश्वास को बनाए रखते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रभावी भूमिका निभाएँगे। अंत में उन्होंने पुनः प्रशांत किशोर और घनश्याम सिंह को उनकी ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएँ दी

### 270वें रविवासरीय पौधरोपण अभियान से हरित क्रांति को मिली नई ऊर्जा, जहानाबाद के साथ अरवल में भी चला पर्यावरण महाअभियान

**जहानाबाद (एनएसबी)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ, जहानाबाद द्वारा रविवार को लगातार 270वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन रामकृष्ण परमहंस विद्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने पौधों के संरक्षण, नियमित देखभाल एवं उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के धनंजय कुमार एवं अजीत कुमार ने कहा कि "वृक्ष केवल प्रकृति की शोभा नहीं, बल्कि मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु, स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित भविष्य का उपहार देगा।" उन्होंने प्रत्येक नागरिक से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण को अपनी नैतिक जिम्मेदारी बनाने का आह्वान किया। अभियान की विशेष उपलब्धि यह रही कि प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ, जहानाबाद के सहयोग से प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ, अरवल द्वारा भी लगातार छठे रविवार को आशीष मेहता की निजी भूमि पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोनों जिलों में एक साथ संचालित यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति युवाओं की बढ़ती जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और जनसहभागिता का प्रेरणादायक उदाहरण बना। प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों ने आमजन से अपील की कि वे अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, पारिवारिक शुभ अवसरों तथा पूर्वजों की स्मृति में कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाएँ और उसकी नियमित देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण के इस जनआंदोलन को और अधिक सशक्त बनाएँ।




# जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में डीएम ने सुनी लोगों की शिकायते

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी ने आयोजित किया जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम, विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का किया गया त्वरित निष्पादन जिला पदाधिकारी अमृषा बैस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 08 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण, लोहिया स्वच्छता, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, अपर समाहर्ता कार्यालय, अंचलाधिकारी कार्यालय, परिवहन विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखी, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान शेष मागलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम बम्भई निवासी ललन सिंह द्वारा बताया गया कि जमाबंदी पंजी पर खेसरा नं० अंकित नहीं रहने से फॉर्मर आईडी नहीं बन पा रहा है, फॉर्मर आईडी बनवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अपर समाहर्ता अरवल एवं अंचलाधिकारी करपी को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। परासी थाना स्थित ग्राम परासी निवासी मंजर खाँ द्वारा बताया गया कि लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान के तहत स्वच्छता कर्मियों के मानदेय भुगतान में राशि की कटौती कर मुखिया एवं पंचायत सचिव द्वारा भुगतान की जाती है, उचित कार्रवाई करने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला समन्वयक, लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम शहर तेलपा निवासी बिजय दास द्वारा बताया गया कि हमारे गाँव के कुछ ग्रामिणों का बिहार राज्य भूदान यज्ञ कमिटि से जमीन वितरण से प्राप्त भूमि पर बेदखल से दखल, कब्जा करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।



लोगों की समस्याएं सुनते डीएम।

## उत्साह एवं उमंग के साथ लोजपा (रा) कार्यालय पर फहराया जायेगा तिरंगा : सत्येन्द्र

**शहरतेलपा (एसएनबी)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को तिरंगा झंडा फहराने के तैयारी करने को लेकर अरवल प्रखंड के प्रसादी इंग्लिश स्थित एक निजी भवन में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के सम्मानित पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अरवल जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया । उन्होंने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय तिरंगा झंडा उत्साह एवं उमंग के साथ फहराया जायेगा । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पार्टी के प्रदेश महासचिव सह पालीगंज विधानसभा के पूर्व एनडीए प्रत्याशी सुनील यादव ने कहा कि 15 अगस्त को हर साल स्वतंत्रता दिवस पूरे देश में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाता है । यह 1947 के उस दिन की याद में मनाया जाता है जब भारत को वर्षो के बाद ब्रिटिश शासन से आजादी मिली थी । इस खास दिन पर देश के प्रधानमंत्री दिल्ली के लाल किले से राष्ट्रीय ध्वज फहराते है और देश के एकता व प्रगति के विषयों पर राष्ट्र को संबोधित करते हैं । स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल , कॉलेज , सरकारी संस्थाओं , गैर सरकारी संस्थाओं , राजनीतिक कार्यालयों एवं अन्य कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं । स्वतंत्रता दिवस का महत्व देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करने के लिए निहित है । यह उत्सव राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देता है और युवाओं को देश के लिए सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करता है । बैठक में जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव , जिला प्रचार प्रसार प्रमुख रमेश रजक , जिला महासचिव रामानंद भगत , जिला सचिव अमित कुमार , अरवल प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार , मनोज कुमार , दयानंद राम मुख्य रूप से शामिल हुए।

## बांकीपुर में जनता ने भाजपा को दिया करारा जवाब : महानंद सिंह

**अरवल (एनएसबी)।** भाकपा-माले के पूर्व विधायक महानंद सिंह ने कहा है कि बांकीपुर में जनता ने भाजपा को करारा जवाब दिया है। मतदाताओं का कम मतदान भाजपा के बुलडोजर-एनकाउंटर राज और नाकाम प्रशासन के खिलाफ जनता की नाराजगी का एक प्रमुख संकेत था। राजधानी के इस मजबूत भाजपा गढ़ में जनता ने अपने मताधिकार के जरिए भाजपा की जनविरोधी नीतियों और दमनकारी शासन के खिलाफ अपना संदेश स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई को दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पुलिस की बर्बरता तथा 22 जुलाई के राजभवन मार्च और 25 जुलाई के बिहार बंद के दौरान बिहार के छात्र-युवाओं पर किए गए दमन ने निश्चित रूप से जनता के आक्रोश को और मजबूत किया है। बिहार के नौजवानों ने जिस साहस और मजबूती के साथ दमन का मुकाबला किया, उसने लोकतांत्रिक प्रतिरोध की नई मिसाल कायम की है। बांकीपुर के मतदाताओं ने भाजपा के इस दमनकारी रवैये के खिलाफ अपना फैसला सुनाया है। महानंद सिंह ने बांकीपुर के मतदाताओं और खासकर बिहार के नौजवानों को इस जनादेश के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम बताता है कि जनता अब दमन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और नाकाम प्रशासन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रही है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक मौके पर भाकपा-माले के महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य कल अरवल जिले के दौरे पर होंगे। अपने दौरे के दौरान वे जिले में हाजत में हुई हत्या सहित दमन की अन्य घटनाओं के पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे और उनके दुख-दर्द को साझा करेंगे। वे पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए चल रहे संघर्ष के प्रति अपनी एकजुटता भी जाहिर करेंगे। उनके साथ गयाझजहानाबादझअरवल जोन के प्रभारी कुमार परवेज, लोकयुद्ध के संपादक संतोष सहर और अनवर हुसैन भी शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य भदासी में टाडा बंदी रहे कॉमरेड चूरामन भगत की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भी शामिल होंगे। इस दौरान वे चूरामन भगत के संघर्षपूर्ण जीवन और जनपक्षधर विरासत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कहा कि आज जब देश और बिहार में लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले तेज हो रहे हैं और जन आंदोलनों को दमन के जरिए कुचलने की कोशिश की जा रही है, ऐसे समय में शहीदों और संघर्षशील साथियों की विरासत हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देती है। भाकपा-माले लोकतंत्र, न्याय और जन अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष को और व्यापक बनाएगी।

## मूल कार्यकताओं की उपेक्षा से मिला बांकीपुर उपचुनाव में हार : आनंद

**अरवल (एनएसबी)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, पूर्व जिला पार्षद, वैश्यझअतिपिछड़ा एकता मंच के अध्यक्ष एवं बिहार प्रदेश पंचायतीराज प्रकोष्ठ के सह-संयोजक आनंद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि चुनावी नतीजे संगठन के मूल एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की लगातार उपेक्षा तथा आयातित नेताओं को प्राथमिकता दिए जाने का स्वाभाविक परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके निष्ठावान कार्यकर्ता होते हैं, जिन्होंने वर्षों तक बिना किसी स्वार्थ के संगठन की विचारधारा और जनाधार को मजबूत किया है। ऐसे कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर चुनावी मौसम में जुड़े अवसरवादी लोगों को सम्मान, जिम्मेदारी और टिकट देने से जमीनी कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर होता है, जिसका सीधा असर चुनावी परिणामों पर दिखाई देता है। आनंद चंद्रवंशी ने कहा कि किसी भी दल की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत संगठनात्मक संस्कृति में निहित होती है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया कि भविष्य में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए मूल कार्यकर्ताओं के सम्मान, समर्पण और वर्षों के योगदान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उनका कहना था कि यही किसी भी मजबूत और अनुशासित संगठन की सबसे बड़ी पहचान होती है।

## सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं के भीड़

**कुर्था (एनएसबी)।** सावन माह की पहली सोमवारी के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के कुर्था व पंतीर्थ सहित विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, भांग, पुष्प एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भगवान शिव की आराधना करते नजर आए।।श्रद्धालुओं का कहना था कि भगवान शिव अत्यंत भोले और दयालु हैं तथा सच्चे मन से की गई प्रार्थना को अवश्य स्वीकार करते हैं। सावन की पहली सोमवारी को लेकर शिवालयों में पूरे दिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा और क्षेत्र में भक्ति व आस्था का माहौल देखने को मिला। सावन के पहली सोमवारी के बारे में पंडित रविन्द्र पाठक ने बताया कि सावन के पहली सोमवारी में भगवान शंकर की पूजा मुख्य रूप से उन्हें प्रसन्न करने व संकल्प लेने और मन की शांति के लिए की जाती है। यह दिन शिव भक्ति और आत्मिक शुद्धि की शुरूआत का प्रतीक माना जाता है।



## प्रदेश नेतृत्व की मुहर, जहानाबाद जदयू को मिली नई कमान

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जनता दल (यूनाइटेड) के जहानाबाद जिला संगठन को नई कार्यकारिणी मिल गई है। जिला अध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार सिन्हा द्वारा गठित 71 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी को प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के अनुमोदन के बाद आधिकारिक रूप से जारी कर दिया गया। नई टीम में संगठन को अधिक मजबूत, सक्रिय और जनसरोकारों से जोड़ने के उद्देश्य से अनुभवी नेताओं के साथ-साथ युवा एवं ऊर्जावान कार्यकताओं को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी सूची के अनुसार कार्यकारिणी में 14 उपाध्यक्ष, 23 महासचिव, 31 सचिव, 1 कार्यालय प्रभारी, 1 प्रवक्ता तथा 1 कोषाध्यक्ष को मनोनीत किया गया है। इनमें नरेंद्र किशोर को वरीय उपाध्यक्ष तथा रजनीश कुमार 'बिकु' को जिला प्रवक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। जिला अध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार सिन्हा ने कहा कि नई कार्यकारिणी का गठन संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की दृष्टि से किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में पूरी टीम मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के विकासवादी विचारों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा से करेगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए बूथ स्तर तक संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तथा जनसंपर्क कार्यक्रमों को गति देने का आह्वान किया। साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदेश्वर चंद्रवंशी सहित सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व के विश्वास से जिले के संगठन को नई ऊर्जा मिली है। नई कार्यकारिणी की घोषणा पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, सक्रिय कार्यकताओं एवं प्राथमिक सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि नई टीम संगठन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पार्टी की नीतियों एवं जनहित के कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राजीव नयन उर्फ राजू सिंह, पूर्व प्रदेश सचिव निरंजन केशव प्रिंस, जय प्रकाश चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव दिलीप कुशवाहा, सुनीता कुमारी, इबरार अहमद, जगदीश प्रसाद कुशवाहा सहित सभी प्रखंड अध्यक्षों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की मजबूती और जनता की सेवा के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

**71 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी घोषित, अनुभवी और युवा चेहरों का संतुलित समावेश**

# टीबी मुक्त भारत अभियान को मिला रेडक्रॉस का संबल, 30 मरीजों को मिला पोषण आहार






**जहानाबाद (एनएसबी) ।** प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जहानाबाद द्वारा मंगलवार को 30 टीबी रोगियों के बीच राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा अनुशंसित मासिक पोषण खाद्य पैकेट का वितरण किया गया। यह पहल टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र के रूप में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा लगातार संचालित की जा रही है। रेडक्रॉस भवन के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सोसायटी के चेयरमैन डॉ. सत्येंद्र कुमार एवं सचिव राजकिशोर प्रसाद ने मरीजों को पोषण आहार उपलब्ध कराया। प्रत्येक खाद्य पैकेट में तीन किलोग्राम चना, डेढ़ किलोग्राम मसूर दाल, एक किलोग्राम मूंगफली दाना तथा 250 ग्राम वनस्पति तेल शामिल था। सभी लाभार्थी जिला यक्ष्मा केंद्र, जहानाबाद द्वारा चिह्नित टीबी मरीज हैं। इस अवसर पर डॉ. सत्येंद्र कुमार ने मरीजों से नियमित उपचार के साथ अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने तथा रेडक्रॉस द्वारा उपलब्ध कराए गए पोषण आहार का समुचित उपयोग करने की अपील की। वहीं, राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. विनोद कुमार सिंह ने रेडक्रॉस सोसायटी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि गत जुलाई माह में जिलाधिकारी श्रीमती टी.वाई. भूटिया के निर्देश पर आयोजित विशेष शिविर में लगभग 200 टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित किया गया था। इस पहल ने समाज में टीबी मरीजों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सहयोग की भावना को मजबूत किया है कार्यक्रम के सफल संचालन में रवि कुमार, किशोरी ठाकुर, जितेंद्र कुमार एवं कमलेश ठाकुर सहित जिला यक्ष्मा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। रेडक्रॉस सोसायटी ने समाज के सक्षम लोगों से भी टीबी मुक्त भारत अभियान में निक्षय मित्र बनकर सहयोग करने की अपील की।

**प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने वितरित किए मासिक खाद्य पैकेट**

## काको थाना क्षेत्र के नोन्ही मठ गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट, चाकूबाजी में युवक घायल

**काको (जहानाबाद)।** काको थाना क्षेत्र के नोन्ही मठ गांव में सोमवार की रात लगभग 9 बजे दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। स्थानीय लोगों से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मारपीट के दौरान चंदन कुमार (पिताझ मुन्ना प्रसाद) पर चाकू से हमला कर दिया गया, जिससे वह शरीर के कई हिस्सों में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चंदन कुमार को तत्काल इलाज के लिए काको प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हालांकि, इस संबंध में काको थाना से आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। देर रात तक परिजन एवं ग्रामीण अस्पताल और थाना परिसर में मौजूद रहे। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई बताई जा रही है।

